आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्थी उपरांत 9:47 पंचमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 7 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 194, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सूचना प्रणाली में गलत जानकारी पर होगी कार्रवाई 18

मिश्रू के कलेक्शन के लिए श्रद्धा का रैंप वॉक 17

# स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित होगा महाकुंभ

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के प्रतीक चिन्ह व एप का लोकार्पण

## 10 दिसंबर तक महाकुंभ से जुड़े सभी आवश्यक कार्य पूरा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को दिया निर्देश





राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ-2025 के प्रतीक चिह्न (लोगो), वेबसाइट और मोबाइल एप का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह आयोजन स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित होगा। गंगा-यमुना अविरल और निर्मल होंगी। अधिकारियों को हिदायत दी कि 10 दिसंबर तक सभी आवश्यक कार्य पूरे होने चाहिए।

इससे पहले प्रयागराज में परेड मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले मोटरबोट से संगम नोज पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा, यमुना, सरस्वती के पावन संगम पर दर्शन-पूजन किया। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संगम के विशाल स्नान क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में कुंभ का सफल आयोजन कर मानक स्थापित किया गया है, इसलिए इस बार लोगों की अपेक्षाएं अधिक हैं। वर्ष 2019 में मेला क्षेत्र 3200 हेक्टेयर में फैला था। इस बार 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में मेले का विस्तार होगा। महाकुंभ विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का मानक भी होगा। योगी ने निर्देश दिया कि महाकुंभ को देखते हुए प्रयागराज के लिए 7 हजार से अधिक बसें लगाई जाएंगी। यहां डेढ़ लाख से अधिक शौचालय स्थापित किए जाएंगे। स्वच्छता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 हजार कर्मचारियों की तैनाती कर यहां की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जाए। स्टील ब्रिज दिसंबर के पहले सप्ताह तक तैयार कर लें।

यह कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या से प्रयागराज तक के आगमन को सुलभ बनाएगा। इस दौरान हुई बैठक और निरीक्षण में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान, जयवीर सिंह, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य केपी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव मनोज सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, शीर्ष अधिकारी, कुंभ मेला प्रशासन के अधिकारी व साधु-संत आदि मौजूद रहे।



प्रयागराज के संगम में दुग्धाभिषेक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● एजेंसी

### विशेष स्नान पर्वों पर नहीं होगा वीआईपी मूवमेंट

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट से मेला क्षेत्र तक वीवीआईपी कॉरिडोर बनाएं, लेकिन विशेष स्नान पर्वों पर कोई वीआईपी मूवमेंट न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में 3 पुलिस लाइन, 3 महिला थाना और 10 पुलिस चौकी स्थापित करें। हर श्रद्धालु की आस्था का सम्मान करते हुए सबसे अच्छा व्यवहार रखें। क्राउड मैनेजमेंट, फायर सर्विस, हेल्प डेस्क, पार्किंग, सीसीटीवी पर जोर देते हुए कहा कि एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगेगा। सिक्योरिटी मॉडल एआई टूल से तैयार किए जाएं। उन्होंने नए जीआरपी थानों की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### महाकुंभ क्षेत्र में नहीं होगी मांस-मदिरा की बिक्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि साधु-संतों, संन्यासियों, वैरागियों सहित समस्त सनातन समाज की भावनाओं का सम्मान रखते हुए प्रयागराज की शास्त्रीय सीमा में मांस-मदिरा का क्रय-विक्रय महाकुंभ के दौरान नहीं होगा।

### 10 से 15 दिसंबर के बीच आएंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 15 दिसंबर के बीच प्रयागराज आएंगे। महाकुंभ व अन्य योजनाओं के अंतर्गत होने वाले निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने डेढ़ घंटे से अधिक समय तक अफसरों के साथ 5650 .66 करोड़ रुपये से पूरी होने वाली 600 से अधिक परियोजनाओं की समीक्षा की। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि कई विभागों के काम पीछे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने 10 दिसंबर तक काम पूरा होने की अंतिम समय सीमा तय की।

### प्रयागराज में साधु-संतों की समाधि को आरक्षित होगी भूमि

सभी 13 अखाड़ों और विभिन्न संत परंपराओं के साधु-संतों, आचार्यों से संवाद में मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि साधु-संतों की समाधि के लिए प्रयागराज में शीघ्र ही भूमि आरक्षित की जाएगी। ताकि महाकुंभ के दौरान ब्रह्मलीन होने वाले संतों को दिक्कत न हो।

# युवक ने धर्म परिवर्तन कर शादी का बनाया दबाव, छात्रा ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- बदायूं जिले में पॉलीटेक्निक कॉलेज की छात्रा ने उठाया आत्मघाती कदम
- मां ने पुलिस को दी तहरीर छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**अमृत विचार :** जिले के गुन्नौर में दूसरे समुदाय के युवक द्वारा ब्लैकमेल कर धर्म परिवर्तन कर शादी के लिए दबाव बनाने से आहत पॉलीटेक्निक की छात्रा ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। मृतका की मां ने पुलिस को दी शिकायत में कार्रवाई की गुहार लगाई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

गुन्नौर नगर में पॉलीटेक्निक की छात्रा रविवार सुबह फंदे से लटकी मिली। सूचना मिलने पर गुन्नौर कोतवाली पुलिस के साथ ही फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की। छात्रा की मां ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि कस्बे के ही दूसरे समुदाय का कासिब आए दिन धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाता था। बेटी का दाखिला बदायूं जिले के राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में हो गया तो युवक वहां भी पहुंच जाता।वह छात्रा को लगातार परेशान कर रहा था। छात्रा ने युवक की शिकायत मां से की तो कस्बे में अल्पसंख्यक होने के कारण मां ने न तो पुलिस से शिकायत की और न ही अपने पति को बताया। छात्रा ने 30 सितंबर को बदायूं निवासी मौसी को बताया कि युवक ने कॉलेज से लौटते वक्त उसे घेरा था। मौसी ने छात्रा से कहा कि 6 अक्टूबर को गुन्नौर जाने पर उसे साथ ले जाकर थाने में शिकायत करेगी। इस बीच पांच अक्टूबर की रात को छात्रा ने कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटक कर जान दे दी।

> परिजनों ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि मोहल्ले के ही दूसरे समुदाय के युवक द्वारा परेशान किए जाने से छात्रा ने आत्महत्या की है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। – **कृष्ण कुमार विश्नोई,** पुलिस अधीक्षक संभल।

## एक नजर

### एक दशक से फरार नक्सली गिरफ्तार

**गया।** बिहार की गया जिला पुलिस ने स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) के सहयोग से करीब एक दशक से फरार कुख्यात नक्सली कपिल पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने रविवार को यहां बताया कि जिले में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस क्रम में गुप्त सूचना मिली कि कपिल पासवान नामक नक्सली डुमरिया थाना क्षेत्र में देखा गया है, जिसके बाद एसटीएफ के सहयोग से डुमरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज बस स्टैंड के समीप छापामारी की गई।

### 10 करोड़ की कोकीन के साथ एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने लगभग 5,600 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ की जब्ती के मामले की जांच के सिलसिले में पंजाब के अमृतसर से 10 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद की है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आरोपी देश छोड़कर भागने की फिराक में था। अमृतसर के एक गांव में छापेमारी के दौरान उसके पास से एक 'टोयोटा फॉर्च्यूनर' कार भी बरामद की गई।

### बहराइच में भेड़िये को पीटकर मार डाला

**बहराइच।** तमाचपुर गांव में देर रात भेड़िया पहुंच गया। उसने एक बकरी पर हमला कर निवाला बना लिया। बकरी के चिल्लाने पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने भेड़िये को पीट-पीटकर मार डाला। वन विभाग ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पैनल गठित किया है। बहराइच वन प्रभाग के महसी रेंज में भेड़िये का हमला लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है।

# अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट हो हिंदू समाज : भागवत

कोटा (राजस्थान), एजेंसी



- संघ प्रमुख बोले समाज के लिए मतभेदों को भुलाना होगा

भारत को हिंदू राष्ट्र बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भाषाई, जातीय और क्षेत्रीय विवादों को मिटाकर हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा।

भागवत ने शनिवार शाम को राजस्थान के बारां में स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम यहां प्राचीन काल से रह रहे हैं, भले ही हिंदू शब्द बाद में आया। हिंदू सभी को गले लगाते हैं। वे निरंतर संवाद के माध्यम से समरसता के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय विवादों को दूर कर अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि आचरण में अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक गुण हैं। एक समाज केवल व्यक्तियों और उनके परिवारों से नहीं बनता है, बल्कि उन व्यापक चिंताओं पर विचार करने से बनता है।

# कोरियोग्राफर जानी मास्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार छिना



**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रकोष्ठ ने यौन उत्पीड़न के आरोपों के मद्देनजर कोरियोग्राफर जानी मास्टर को दिए जाने वाले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के लिए कोरियोग्राफर को दिया गया आमंत्रण भी वापस ले लिया।

# अयोध्या में 55 घाटों पर जलेंगे 28 लाख दीये

**8वां दीपोत्सव**

## 61 हजार लीटर सरसों के तेल से जगमग होंगे 32 लाख दीप

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



- 30 अक्टूबर को आयोजन, 30 हजार स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी
- नए वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए इस बार 25 लाख दीये जलाने का रखा लक्ष्य
- गतवर्ष 22 लाख 23 हजार दीये जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था

**अमृत विचार :** राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दीपोत्सव के आठवें संस्करण को भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। इस बार दीपोत्सव पूरी तरह से रामलला को समर्पित होगा इसलिए बड़े बदलाव भी किए जा रहे हैं। घाटों की संख्या 51 से बढ़ाकर 55 कर दी गई है। 28 लाख दीपक बिछाने के लिए करीब 32 लाख दीपक खरीदे जा रहे हैं। 25 अक्टूबर से दीये घाटों पर पहुंचने शुरू हो जाएंगे। 30 को मुख्य आयोजन संपन्न होगा। इस बार राम मंदिर परिसर समेत सभी मठ-मंदिरों को भी जगमग करने की तैयारी है।

दीपोत्सव 2024 को लेकर दीपक आदि की टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और स्थलीय निरीक्षण भी शुरू कर दिया गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. एसएन मिश्र ने रविवार को बताया कि इस बार लता मंगेशकर चौक की दाईं ओर भजन संध्या स्थल घाट नया जोड़ा गया है। यह स्थल बड़ा होने के कारण चार नए घाट बनेंगे, जिस कारण गत वर्ष 51 की जगह इस बार 55 घाटों पर विश्व रिकार्ड के लिए कुल 28 लाख दीपक बिछाये जाने है। हर दीपक में 30 मिली लीटर तेल पड़ेगा। 40 लाख रुई की बाती लगेगी। इसीलिए कुल 32 लाख दीपक खरीदे जा रहे हैं। 30 हजार स्वयंसेवक दीप बिछाने और अन्य जिम्मेदारी निभाएंगे, जिसमें 20 महाविद्यालय, 36 इंटर कॉलेज और 20 एनजीओ के स्वयंसेवकों को शामिल किया गया है, जिनकी डेटा फीडिंग 20 अक्टूबर तक पूरी कर ली जायेगी। 28 अन्य टीमों का गठन किया गया है जो दीपोत्सव में अपनी विभिन्न जिम्मेदारी का निर्वाह करेंगे। वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए इस बार 25 लाख दीये जलाने का लक्ष्य है। पिछले साल 22 लाख 23 हजार दीये जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया था। दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए 36 हजार से अधिक लोगों को जोड़ने का भी लक्ष्य है। आठ से अधिक ड्रोन कैमरे भी लगाए जाने पर विचार चल रहा है।

# बिहार में नदी में डूबने से 10 बच्चों की मौत

- रोहतास में छह और कटिहार जिले में चार बच्चे डूबे

सासाराम/कटिहार (बिहार), एजेंसी

बिहार के रोहतास और कटिहार जिले में नदी में नहाने गए 10 बच्चे गहरे पानी में डूब गए जिससे सभी की मौत हो गई। जिसमें छह की मौत रोहतास जिले में हुई जबकि कटिहार में चार बच्चों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोनों घटनाओं पर शोक संवेदना प्रकट की है। यह दुर्घटना से वे मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

रोहतास जिले के तुम्बा गांव में रविवार को सोन नदी में नहाते समय छह बच्चे डूब गए जबकि एक अन्य बच्चा लापता हो गया। रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह उस हुई जब तुम्बा गांव में 8 बच्चे सोन नदी में नहा रहे थे। सूचना पर पहुंची राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने छह बच्चों के शव बरामद किए, एक बच्चा अब भी लापता है। उसका पता लगाने का प्रयास गोताखोरों द्वारा जारी है। सभी बच्चे 10-12 साल की उम्र के हैं। वहीं, कटिहार जिले में कुर्सेला थाना क्षेत्र में नदी में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बच्चे समेली हॉल्ट के समीप स्थानीय नदी में नहाने गए थे।

### मुंबई में इमारत में आग लगने से 7 लोगों की मौत

**मुंबई।** मुंबई में रविवार सुबह दो मंजिला दुकान-सह-आवासीय इमारत में आग लगने से तीन नाबालिगों सहित सात लोगों की मौत हो गई। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर चेंबूर इलाके की सिद्धार्थ कॉलोनी में हुई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि इमारत के भूतल का इस्तेमाल दुकान के रूप में और ऊपरी मंजिल का इस्तेमाल आवास के रूप में किया जा रहा था। आग भूतल पर स्थित दुकान में बिजली के तारों और अन्य उपकरणों में लगी और बाद में इसने ऊपरी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया।

# भोपाल की फैक्ट्री से 1,814 करोड़ का मेफेड्रोन जब्त

- गुजरात एटीएस और एनसीबी के छापे में दो लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक फैक्ट्री से 1,814 करोड़ रुपये कीमत का मेफेड्रोन (एमडी) मादक पदार्थ और उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल जब्त किया गया। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि गुजरात एटीएस और दिल्ली के स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को भोपाल के समीप बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में छापे मारे और ठोस तथा तरल रूप में कुल 907.09 किलो मेफेड्रोन बरामद किया।

एटीएस ने कहा कि यह सबसे बड़ी अवैध फैक्ट्री है, जिस पर अभी तक गुजरात एटीएस ने छापा मारा है। इस फैक्ट्री में हर दिन 25 किलोग्राम एमडी मादक पदार्थ बनाया जाता है। ठोस और तरल रूप में 907.09 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 1,814.18 करोड़ रुपये है।

# अमरोहा में दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने दिया अविकिसित भ्रूण को जन्म

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- छह माह पहले खेत पर जाते समय तमंचे के बल पर किया गया था रेप, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छह माह पहले खेत पर जाते समय किशोरी से तमंचे के बल पर गांव के युवक ने दुष्कर्म किया था। गर्भवती किशोरी की जब हालत बिगड़ी तो परिवार वालों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने किशोरी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसने अविकसित भ्रूण को जन्म दिया, जिसकी कुछ ही देर में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

हसनपुर कोतवाली के हल्का 5 के गांव के युवक ने छह माह पहले खेत पर जा रही 13 वर्षीय नाबालिग से तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया था और जान से मारने की धमकी दी थी। डरी किशोरी ने किसी को घटना के बारे में कुछ नहीं बताया। किशोरी गर्भवती हुई और उसकी हालत बिगड़ी तब किशोरी ने बताया कि उसके साथ गांव के युवक ने छह माह पहले दुष्कर्म किया था। परिजन किशोरी को निजी अस्पताल ले गए। जहां किशोरी ने अविकसित भ्रूण को जन्म दिया। कुछ ही देर में भ्रूण की मौत हो गई। मामले की जानकारी पर पुलिस ने भ्रूण के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं, घटना के बाद किशोरी के परिजनों ने मामले में तहरीर पुलिस को दी। क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी धर्म सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# गो-पालकों की आय बढ़ाने को खर्च होंगे 74.21 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वदेशी नस्ल की गायों से दुग्ध पालकों को आत्मनिर्भर बनाने की है योजना

**अमृत विचार :** राज्य सरकार गो-पालकों की आय बढ़ाने को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 74 करोड़ 21 लाख रुपये खर्च करेगी। इसके पीछे सरकार की मंशा गो-पालकों को न केवल आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि उनमें स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाना भी है।

दरअसल, नंद बाबा दुग्ध मिशन के दूसरे चरण को शासन ने हरी झंडी दिखा दी है। इस कड़ी में राज्य के दस हजार से अधिक गो-पालकों की आय में वृद्धि का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गो-पालकों की आय बढ़ाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए बीते साल नंद बाबा दुग्ध मिशन लांच किया था। इस पंचवर्षीय मिशन के लिए 1 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया था। इसी के तहत दूसरे चरण में 2566 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए 2052.40 लाख का बजट प्राविधानित है। इसी तरह मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना का 7028 लोगों को लाभ मिलेगा। इस पर 790 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

**संवेदनहीनता**

## घरों में काम कर रही भरतौल गांव की अनीता ताकि देवर का कर्ज चुकाकर विसर्जित कर सकें पति की अस्थियां

# सिर्फ ढाई हजार के लिए भाई की अस्थियां रखी बंधक, मकान पर ताला

शिवांग पांडेय, बरेली





अनीता और बंधक के रूप में पेड़ में लटका उनके पति का अस्थि कलश।

**अमृत विचार :** ढाई हजार रुपये दे दो, भाई की अस्थियां ले लो। अनीता के सामने यह शर्त उसके सगे देवर की है जिसने उनके पति के अंतिम संस्कार पर यह रकम खर्च की थी। इसी कर्ज के बहाने उसने अनीता के मकान में अपना ताला डाल दिया है और उन्हें वहां झांकने तक नहीं दे रहा है।

अनीता ने कुछ दिनों से घरों में काम करना शुरू किया है ताकि देवर के पास बंधक अपने पति की अस्थियां लेकर उनका विसर्जन कर सकें। लालच से संवेदनहीनता की चरम सीमा तक पहुंचे खून के रिश्तों की यह कहानी शहर से सटे गांव भरतौल की है जहां अनीता के देवर की नजर उनकी एकमात्र संपत्ति करीब सौ वर्ग गज में बने मकान पर है और इसके लिए उसने उनके इर्द-गिर्द साजिश का ऐसा जाल बुना है कि वह बेघर होकर भटक रही हैं। अनीता के मुताबिक उनके पति विजेंद्र पटेल एक अस्पताल में वार्ड ब्वाय थे। लंबे समय तक उनके बीमार रहने की वजह से उनकी जमापूंजी खत्म हुई तो उन्हें दोनों छोटे बेटों को साथ लेकर एक जूता फैक्ट्री में काम करने जयपुर जाना पड़ा। वहां सप्ताह भी नहीं बीता कि 16 जुलाई को उनके पति की मृत्यु हो गई। भरतौल में उनके घर से कुछ ही दूर उनके देवर बाबू का घर है जिसने पहले 17 जुलाई को उनके पति विजेंद्र का अंतिम संस्कार किया, फिर उन्हें सूचना दी। वह जयपुर से खाली हाथ लौटीं, वहां सप्ताह भर काम का जो पैसा मिला था, वह किराए-भाड़े में खर्च हो गया। दसवां संस्कार होने के बाद उन्होंने देवर से पति की अस्थियां मांगी तो उसने अंतिम संस्कार में खर्च हुआ पैसा चुकाने तक अस्थियां देने से साफ इन्कार कर दिया।

### देवर बोला- दसवां संस्कार में भी खर्च किया था पैसा

भरतौल पहुंचे संवाददाता ने अनीता के देवर बाबू से बात की तो बिफरने लगा। बोला, सिर्फ अंतिम संस्कार नहीं, दसवां संस्कार भी किया था। अनीता के मकान पर ताला डालने के बारे में पूछा तो यह कहकर अपने घर का दरवाजा बंद कर लिया कि तुमसे इसका क्या मतलब है। गांव के लोगों ने बताया कि बाबू के स्वभाव की वजह से कोई उससे ज्यादा बात नहीं करता है। अनीता का बड़ा बेटा भी ऐसा ही है, वह पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर नौकरी करता है लेकिन काफी समय से घर नहीं आया है।

### कर्ज चुकाने को दो माह से घरों में कर रहीं काम

खुद अनीता का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता, इसके बावजूद वह दो महीने से घरों में काम कर रही हैं ताकि देवर का कर्ज चुकाकर पति की अस्थियां लेकर उनका विसर्जन कर सकें। दिक्कत यह है कि वह जितना कमा रही है, लगभग उतना ही अपने और दोनों बेटों के भरण-पोषण में खर्च हो जाता है। कहती हैं, पति के दसवां संस्कार के दिन देवर ने उनके साथ इतनी बदसलूकी की कि उन्हें भरतौल का घर छोड़ना पड़ा। अब सीबीगंज में किराए के कमरे में रह रही हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com




## मां स्कंदमाता जी की कथा

मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंदमाता के रूप में जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय, की माता होने के कारण दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कंद जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। स्कंद मातृस्वरूपिणी देवी की चार भुजाएं हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकडा हुआ है। मां का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना की देवी और विद्यावाहिनी दुर्गा देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। स्कंदमाता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी है। इनकी उपासना करने से साधक अलौकिक तेज की प्राप्ति करता है। यह अलौकिक प्रभामंडल प्रतिक्षण उसके योगक्षेम का निर्वहन करता है। एकाग्र भाव से मन को पवित्र करके मां की स्तुति करने से दुःखों से मुक्ति पाकर मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है।


# वेंकटेश्वर होम्योपैथिक क्लीनिक



## डा. हिमांशु शुक्ला

B.H.M.S. (गोल्ड मेडलिस्ट)
Fellowship in Neuroscience
परामर्श होम्योपैथिक चिकित्सक
भूतपूर्व चिकित्सक- डा. बी.एल. कपूर मैमोरियल अस्पताल, लुधियाना।
सभी प्रकार के दीर्घ रोग, मानसिक रोग व नसों के रोगों के विशेषज्ञ।
होम्योपैथिक चिकित्सक-मण्डल रेलवे अस्पताल, मुरादाबाद

**दिमाग व नसों के रोग-** पेरेलिसिस, ब्रेन व स्पाईनल कोर्ड के रोग, स्ट्रोक, मैनिनजाइटिस, मिर्गी, पार्किंसंस रोग, माईग्रेन।
**मानसिक रोग-** जन्म से मंदबुद्धि बच्चे, नींद न आना, डर लगना, सेरेबल पाल्सी, तनाव, सिग्जोफिनिया, डिप्रेशन, आटिज्म, डिमेन्शिया।
**हृदय रोग-** उच्च रक्तचाप, एनजाईना, हार्ट वाल्व सम्बंधी बीमारी, दिल सम्बंधी जन्मजात दोष।
**स्वांस के रोग-** टी.बी., अस्थमा, निमोनिया, फेफड़ों में पानी भरना।
**पेट के रोग-** अल्सर, फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपैटाइटिस, शुगर, गाल ब्लेडर स्टोन, पीलिया, आंतों के रोग।
**किडनी के रोग-** किडनी स्टोन, पैशाब का रूकना, प्रोस्ट्रेट की परेशानी, किडनी फेलियोर।
**चर्म रोग-** सोरिएसिस एक्जीमा, फुंसी, विटीलिगो (सफेद दाग)।

- अर्थराइटिस (जोड़ों का दर्द), थाइराइड, यूरिक एसिड, स्लिप डिस्क।
- महिलाओं के समस्त प्रकार के रोग, रसोली, सिस्ट, इनफर्टिलिटी।
- साइटिका का इलाज।

सभी बीमारियों का होम्योपैथिक विधि द्वारा बिना किसी दुष्प्रभाव के उपचार किया जाता है।

**क्लीनिक-: चौक ताड़ीखाना, निकट खन्ना मेडिकल, मुरादाबाद**

समय: सुबह 10 बजे से 2 बजे, सायं 7 बजे से 9 बजे तक

मो. :- 7351652840, 9105759660, 0591-2419660
कृपया फोन पर समय लेकर आएं








## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

बीज मंत्र- ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।




# जालसाजों ने डॉक्टर से 1.24 लाख ठगे

## ऑनलाइन शॉपिंग का झांसा देकर कई बार में ट्रांसफर कराई रकम, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**धोखाधड़ी**

- रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल मामले की जांच में जुटी
- एक वेबसाइट से ऑनलाइन शॉपिंग करने का किया था प्रयास



**अमृत विचार :** साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग का झांसा देकर सीजीएचएस वेलनेस सेंटर की सीएमओ से 1.24 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। रकम वापस मांगने पर धमकाने लगा। ठगी का संदेह होने पर पीड़िता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नवीननगर निवासी अंकिता मिश्रा पुत्री शैलजेश मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सीजीएचएस वेलनेस सेंटर पर मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) के पद पर कार्यरत हैं। अंकिता के अनुसार दो सितंबर को उन्होंने अपने मोबाइल फोन से एक वेबसाइट से ऑनलाइन शॉपिंग करने का प्रयास किया, लेकिन पेमेंट नहीं हो सका। इसकी थोड़ी देर बाद एक नंबर से कॉल आई, उसने पेमेंट कराने का झांसा देकर 95 हजार रुपये गूगल पे से ट्रांसफर करा लिए। जब अंकिता मिश्रा ने पैसे वापस मांगे और पुलिस में शिकायत की बात कही तो उसने अगले दिन रिफंड करने की बात कही।

अगले दिन भी कॉल करने पर रिफंड करने के नाम पर आरोपी ने दो बार में 28 हजार 999 रुपये पेटीएम से ट्रांसफर करा लिए। इस तरह आरोपी ने अंकिता मिश्रा से कुल 1 लाख 23 हजार 999 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। जब रकम देने के बाद भी पैसे वापस नहीं आए तो अंकिता मिश्रा ने आरोपी के पास फिर कॉल किया।

पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी देने और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। साइबर सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

### 1930 पर कॉल करने से वापस आ सकती है ठगी की रकम

–ऑनलाइन शॉपिंग से सस्ते कपड़े...दोगुना मुनाफा.... कंपनी सस्ता लोन दे रही है... घर बैठे पैसे कमाना चाहते हैं तो लिंक पर क्लिक करें... ऐसे ही झांसे में लेकर साइबर साइबर अपराधी लोगों शिकार बना लते हैं। ठगी होने के बाद लोग भटकते हैं। लेकिन, ठगी की रकम वापस हाथ नहीं लगती है। ऐसे में बैंक अकाउंट से पैसे कटने के बाद भी, उन्हें वापस करवाने का आपके पास एक मौका होता है। इसके लिए सबसे पहले हेल्पलाइन 1930 नंबर पर कॉल करें। यह नंबर ऑल इंडिया साइबर फ्रॉड पोर्टल का है। इस नंबर पर 30 मिनट के भीतर शिकायत दर्ज कराने पर रकम वापस होने की संभावना ज्यादा रहती है, क्योंकि शिकायत मिलते ही साइबर टीम सबसे पहले साइबर ठगों का बैंक खाता फ्रीज कर देती है। अगर ठग ने तब तक उन पैसों को एटीएम से नहीं निकाला है तो वह वापस हो जाता है। शिकायत देरी से होने पर वापस होने की उम्मीद न के बराबर हो जाती है। अगर 24 घंटों तक आपने 1930 नंबर पर शिकायत नहीं की है तो आप cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवा सकते है।

## देवर ने की छेड़छाड़, पति ने तलाक देकर निकाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दहेज में बाइक और 50 हजार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया। पति ने उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाकर शोषण किया। जबकि देवर ने छेड़छाड़ और अश्लीलता की। शिकायत करने पर पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति समेत 6 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कटघर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का निकाह 5 मई 2022 को भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव पीपलसाना निवासी युवक से हुआ था। महिला ने बीते दिनों एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि निकाह के बाद से पति, सास, देवर, ननद आदि 50 हजार रुपये और बाइक की मांग करने लगे। बेटी पैदा हुई तो उसके ऑपरेशन का खर्च भी ससुरालियों ने नहीं उठाया। देवर ने उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता की। 5 जून को पति ने तीन तलाक देकर पीड़िता को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति, देवर, सास, ननद और ममिया ससुर समेत 6 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस टीम से अभद्रता कर छुड़ाया मारपीट का आरोपी

संवाददाता, भोजपुर/ मुरादाबाद

**दुस्साहस**

- पत्नी से मारपीट की सूचना पर गांव पहुंची थी पीआरबी टीम, दो पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पत्नी के साथ मारपीट की सूचना पर पति को पकड़ने पहुंची पीआरबी पुलिस टीम से ग्रामीणों ने अभद्रता कर दी। धक्का-मुक्की के बाद पुलिस से आरोपी युवक को छुड़ाकर भगा दिया। भोजपुर थाने से पहुंचा फोर्स पीआरबी पुलिस को बचाकर थाने ले आई। पुलिसकर्मी की शिकायत पर पत्नी से मारपीट के आरोपी और उसकी बहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

थाना क्षेत्र के गांव रानी नागल निवासी यास्मीन ने पीआरबी पुलिस को फोन से बताया कि पति अकरम उसके साथ मारपीट कर रहा है। सूचना पर गांव पहुंची पीआरबी पुलिस ने आरोपी पति को पकड़ कर कार में बिठा लिया। आरोपी को साथ लेकर पीआरबी टीम गांव से निकलने लगी तो अकरम की बहन रेशमा और अन्य मौजूद लोग पुलिस से अभद्रता करने लगे। पुलिस से धक्का-मुक्की कर अकरम को छुड़ाकर वहां से भगा दिया। पुलिस की कार को चारों ओर से घेर लिया।

सूचना पर भोजपुर थाने से फोर्स पहुंचा। जैसे-तैसे थाने की पुलिस पीआरबी की कार को गांव से निकालकर थाने लेकर आई। पीआरबी टीम में तैनात पुलिस कर्मी मोहम्मद नसीम ने ऑन ड्यूटी पुलिस से अभद्रता करने के मामले में अकरम और उसकी बहन रेशमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी शरद मलिक ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### यति नरसिंहानंद के बयान से सौहार्द को खतरा: मजाहिर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयोजक मजाहिर खान ने कहा कि महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती का हालिया बयान मुस्लिम समाज को ही बेचैन करने वाला नहीं, बल्कि देश के सांप्रदायिक सौहार्द के लिए भी खतरा है। इसलिए उन पर सख्त कार्रवाई होना जरूरी है। प्रेस को जारी बयान में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयोजक ने कहा कि हम यदि नरसिंहानंद के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। किसी भी व्यक्ति को किसी के मजहब पर टिप्पणी करने एवं मजहबी रहनुमा को टारगेट करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। इससे मुल्क की गंगा जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे को खतरा पैदा होगा। उन्होंने कहा कि देशभर में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ऐसे घृणास्पद बयान देने वाले महंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

# रिश्ता तोड़ने से नाराज मंगेतर ने युवती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- घर में घुसकर जबरन शादी का बनाया दबाव, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र में रिश्ता तोड़ने से नाराज मंगेतर ने घर में घुसकर युवती व उसके परिवार से बदसलूकी की। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने मंगेतर समेत 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के पक्का बाग निकट निवासी अलफिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका परिवार मुंबई में रहता है। वह बचपन से ही अपनी नानी के यहां गलशहीद में रहती है। कुछ समय पहले नागफनी के किसरौल के रहने वाले अमान से उसका रिश्ता तय हुआ था। युवती के ननिहाल वालों बाद में पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है। आरोप है कि अमान व उसके परिवार वाले युवती के साथ धोखाधड़ी करके शादी करना चाहते हैं। शादी तय होते समय युवक के शादीशुदा होने की जानकारी नहीं दी। इसलिए युवती ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस बात से नाखुश मंगेतर अमान शनिवार को अपने तीन दोस्तों को लेकर रात एक बजे घर आ धमका। जबरन शादी करने का दबाव बनाने लगा। पुलिस को फोन करने पर 5 मोबाइल तोड़ दिए। युवती और उसके परिवार वालों के साथ मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मंगेतर अमान और उसके तीन दोस्त सलमान, तन्नू उर्फ जीशान और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पाइप में उतरे करंट की चपेट में आने से किशोर झुलसा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में एक किशोर करंट की चपेट में आकर झुलस गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव भीतखेड़ा निवासी लोकपाल सिंह किसान हैं। परिवार में पत्नी, चार बेटे और एक बेटी हैं। लोकपाल का सबसे छोटा बेटा मोहित (13 वर्ष) प्रतिदिन सुबह अपने दोस्तों के साथ दौड़ लगाने जाता है। रविवार सुबह भी वह दौड़ लगाने निकला था। वहां से लौटने के बाद एक घर के पास खड़ा होकर दोस्तों से बात कर रहा था। तभी बगल में लगी पाइप उसने पकड़ ली, जिसमें करंट आ रहा था। अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी चीख निकल गई। जिसके बाद अन्य दोस्तों ने शोर मचाया तो मकान मालिक ने बिजली सप्लाई बंद कर किसी तरह किशोर को बचाया। तब तक किशोर बुरी तरह झुलस चुका था। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# चाइनीज मांझे से बाइक सवार की गर्दन कटी, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**हादसा**

- गर्दन में आए 15 टांके, हाथ की दो उंगलियां गायब
- सिविल लाइंस के लोकोशेड पुल पर हुआ हादसा



जिला अस्पताल में भर्ती घायल रवि प्रजापति।

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी गर्दन कट गई। मांझा से बचने के चक्कर में दो उंगली भी कट गईं। राहगीरों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की गर्दन में 15 टांके आए हैं। घायल का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मझोला थाना क्षेत्र की एकता कॉलोनी निवासी रवि प्रजापति पुत्र महावीर मंडी समिति में मजदूरी करता है। रविवार को दोपहर वह पीलीकोठी अपने फूफा को छोड़ने आया था। यहां से लौटते समय लोकोशेड पुल पर चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। बाइक अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर पड़ी। हादसे में उसकी गर्दन कट गई और दो उंगली भी चपेट में आ गईं। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया। आनन-फानन में एंबुलेंस कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रवि की गर्दन में 15 टांके आए हैं। डॉक्टरों ने बताया है कि उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल वह उपचाराधीन है। सूचना पर परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए।

### पहले भी हो चुके हैं हादसे

पहले भी लोग चाइनीज मांझे की चपेट में आ चुके हैं। बावजूद इसके रोक लगाना बामुश्किल साबित हो रहा है। बीती 10 अगस्त को सिविल लाइंस निवासी बीटेक छात्रा अंशिका भी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गई थी। स्कूटी लोकोशेड पुल पर ही पहुंची थी कि अचानक छात्रा के गले में चाइनीज मांझा फंस गया। छात्रा को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पहले भी ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। बावजूद इसके चाइनीज मांझे की बिक्री थमने का नाम नहीं ले रही है। जिम्मेदार भी मौन बनकर बैठे हैं।

### धड़ल्ले से हो रही बिक्री

पतंग उड़ाने का शौक रखने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। पतंगबाजी के लिए महानगर में धड़ल्ले से चाइनीज मांझा बिक रहा है। जबकि इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। पतंग उड़ाते समय कटने के बाद सड़कों और छतों पर गिरने वाले चाइनीज मांझे में उलझकर लोग इसकी चपेट में आने शिकार हो रहे हैं। बावजूद इसके बिक्री पर प्रतिबंध सख्ती से लागू नहीं हो पा रहा है। बता दें कि चीनी मांझे को नायलॉन और मैटेलिक पाउडर मिश्रण से बनाया जाता है, जो की काफी लचीला और मजबूत होता है। जितना ज्यादा प्रयोग में आयेगा उतना ही यह घातक हो जाता है। कटने के बजाय खिंच कर ओर बढ़ जाता है। यह इसकी खासियत है। इसके घातक होने पर कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

### 2017 में एनजीटी ने लगाया था प्रतिबंध

वर्ष 2017 में एनजीटी ने चाइनीज मांझे पर पाबंदी लगाई थी। उस समय एनजीटी ने कहा गया था कि चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ एनवायरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट (पर्यावरण संरक्षण अधिनियम) के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस अधिनियम के तहत कार्रवाई में पांच साल की सजा या एक लाख जुर्माने का प्रावधान है। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं की जाती है। इसकी खरीद-फरोख्त करने वाले इसका फायदा उठाते हैं।

**परेशानी** लगातार 4 से 5 घंटे बिजली कटौती से महानगर के कई मुहल्लों के उपभोक्ता रहे परेशान

# फाल्ट और ट्रांसफार्मर में खराबी से आपूर्ति बाधित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कानून गोयान में विद्युत लाइन में फाल्ट ठीक करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पिछले कई माह से हर रविवार को सुबह से ही बिजली कटौती की समस्या से उपभोक्ताओं को जूझना पड़ रहा है।रविवार की सुबह बिजली आपूर्ति कई मोहल्लों 4-5 घंटे तक बाधित रही। पीतल नगरी के बलदेवपुरी में आधी रात के बाद तारों में फाल्ट होने से आपूर्ति गुल हो गई। यही हाल गुलाबबाड़ी, कटघर, गलशहीद, इंद्रा चौक और कानून गोयान मोहल्ले का रहा।

रविवार की सुबह आठ बजे से मोहल्ला कानून गोयान मोहल्ले में रामकली धर्मशाला के पास एलटी लाइन के तार आपस में मिलने से फाल्ट हो गया। इसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए मोहल्ले के रहने वाले सुमित सक्सेना ने जीआईसी विद्युत केंद्र के एसएसओ अरशद को फोन मिलाया, लेकिन फोन नहीं उठा। सुबह 10 बजे तक विद्युत केंद्र पर एकमात्र टीजी टू कर्मी के अलावा कोई और नहीं मिला। एसडीओ को शिकायत दर्ज कराने के बाद 12 बजे के बाद बिजली कर्मचारी पहुंचे, जिससे चार घंटे तक 450 उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी।

पीतल नगरी, गुलाबबाड़ी मोहल्ले में शनिवार की रात एक बजे कटघर विद्युत केंद्र में सप्लाई केबिल में फाल्ट होने के कारण कटघर, पीतल नगरी और गुलाबबाड़ी मोहल्ले के 1500 से अधिक उपभोक्ताओं बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों की आंख खुली तब तक इनवर्टर भी जवाब दे चुके थे। लोगों को सुबह बिजली कटौती के साथ पानी की भी किल्लत झेलनी पड़ी। इंद्र चौक चौराहे पर रखे ट्रांसफार्मर की लीड ओवरलोडिंग के कारण जल गईं। सुबह 10:00 बजे बिजली आपूर्ति चालू हो सकी। गलशहीद विद्युत केंद्र में आइसोलेटर फुंक गया। जिसके बाद बिजली आपूर्ति सुबह 7:00 बजे बंद करनी पड़ी। एसडीओ गलशहीद धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि कुछ फीडरों पर ओवरलोडिंग के कारण आइसोलेटर ने काम करना छोड़ दिया। जिससे क्षेत्र की सभी फीडर की बिजली का लोड पता चलता है जिससे ओवरलोडिंग होने के साथ सप्लाई बंद कर लेते हैं।

> कटघर, गुलाबबाड़ी, पीतल नगरी मोहल्लों में ओवरलोडिंग काफी है। लोग अपने मीटर की क्षमता वृद्धि भी नहीं करा रहे हैं। ओवरलोडिंग की वजह से उपकरण फुंक रहे हैं। जल्द ही इन क्षेत्रों में चेकिंग करा कर क्षमता वृद्धि कराई जाएगी। जिससे ओवरलोडिंग खत्म होने से फाल्ट होने पर काबू पाया जा सकेगा। कानूनगोयान मोहल्ले में एलटी लाइन के तार आपस में चिपकने से सुबह फाल्ट हो गया था, जिससे सप्लाई बाधित रही।
>
> **-विनोद कुमार,** अधीक्षण अभियंता नगरीय

## म्यूजिक सिस्टम चोरी करने का आरोपी पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में कार का शीशा तोड़कर म्यूजिक सिस्टम चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ में म्यूजियम सिस्टम भी बरामद किया है।

थाना क्षेत्र के करूला जाहिद नगर निवासी मोहम्मद रिजवान आरिफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि घर के बाहर से उनकी कार का शीशा तोड़कर म्यूजियम सिस्टम समेत अन्य सामान चोरी हो गया था। उन्होंने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने वारदात के 4 दिन बाद कॉलोनी के ही रहने वाले आरोपी सरफराज को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है कि आरोपी के पास चोरी किया हुआ म्यूजियम सिस्टम बरामद कर पीड़ित को सौंप दिया है। साथ ही विधिक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**मुकीम किन्नर प्रकरण**

- मुकीम के परिवार और साथी किन्नरों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप
- सुपुर्द ए खाक को लेकर किन्नरों व परिवार वालों में चले थे लात घूंसे

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस के अगवानपुर में हाजी मुकीम किन्नर की मौत के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। हाजी के सुपुर्द ए खाक को लेकर परिवार और किन्नरों के बीच लात-घूंसे चले थे। साथ ही हाजी किन्नर की पत्नी ने क्षेत्र बंटवारे को लेकर साथी किन्नरों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चक्कर की मिलक निवासी हाजी मुकीम शादी के बाद किन्नर बन गए थे। हाजी के परिवार में चार बेटी और दो बेटे हैं। हाजी ने अपना ऑपरेशन कराने के बाद गुरु शबनम से दीक्षा लेकर किन्नर रेशमा बन गया था। इसके बाद गुरु शबनम ने रेशमा को बधाई मांगने के लिए अगवानपुर क्षेत्र दे दिया था।

रेशमा को ज्यादा गांव मिलने और बीच-बीच में परिवार वालों को पैसे भेजने पर साथी किन्नर उससे खफा रहते थे। 23 सितंबर को साथी किन्नरों ने बातचीत करने के लिए हाजी उर्फ रेशमा को अपने घर बुलाया था। इसी दौरान कहासुनी में हाजी मुकीम उर्फ रेशमा के मस्तिष्क की नस फट गई थी। परिवार वालों ने उसका दिल्ली के अपोलो अस्पताल में ऑपरेशन कराया था। बीते शुक्रवार को फिर से तबीयत खराब होने से रेशमा की कांठ रोड स्थित अस्पताल में मौत हो गई थी। रेशमा को सुपुर्द ए खाक करने को लेकर परिवार और किन्नरों के बीच जमकर लात घूंसे चले थे। मामले में रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। किन्नर शर्मीली की तहरीर पर पुलिस ने हाजी के दोनों बेटे अरशद, चवन्नी और चारों बेटी समेत 12 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही आभूषण और 15 हजार की नकदी छीनने का आरोप लगाया है। जबकि हाजी के परिवार वालों ने हत्या और जबरन सुपुर्द ए खाक व मारपीट करने का आरोप लगाया है। हाजी की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने 4 चार नामजद समेत 8 किन्नरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी ने बताया है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। दानों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरो-प्रत्यारोप लगाए हैं। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा।

32.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:11 | सूर्यास्त 05:53

## शहर में आज

☞ भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा का रामपुर रोड स्थित आर्केडिया ग्रीन कॉलोनी में सम्मेलन सुबह 10:00 बजे।

☞ पुराना दसवां घाट पर श्रीरामलीला का मंचन रात 8:00 बजे से।

☞ मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कार्यालय में संपत्ति मेले का आयोजन सुबह 10:00 बजे से।



लेडीज क्लब में आयोजित कार्यक्रम में डांडिया खेलतीं सदस्य। ● अमृत विचार

# गरबा उत्सव में गुजराती गीतों पर थिरकीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल संस्था द्वारा रविवार को शारदीय नवरात्र के चौथे दिन गरबा उत्सव का आयोजन लेडीज क्लब में किया गया। जिसमें महिलाएं गुजराती गरबा गीतों पर थिरकीं।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश व मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान धुनुची नृत्य कविता शर्मा, प्रीति शर्मा व मानसी टंडन ने प्रस्तुत किया। गरबा की पारंपरिक वेशभूषा में वाशी भटनागर, चांदनी छाबरा, ऋतु चौधरी व आंचल ने सबका दिल जीत लिया। गरबा उत्सव का नेतृत्व नेहा मेहरोत्रा ने किया। इस मौके पर सजना भटनागर, शालिनी गुप्ता, सुनेहा, भावना गुप्ता, मीनाक्षी, प्रियंका, एकता, सोनिया, अनीजा, पूजा, अनुभा व आंचल समेत अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

## प्रबंध कमेटी के सदस्यों के चुनाव का कार्यक्रम जारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति के डेलीगेट के चुनाव के बाद प्रबंध कमेटी के सदस्यों का चुनाव होना है। जिसके लिए सोमवार को जिला सहकारी गन्ना विकास समिति के कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अनंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 8 को आपत्ति दाखिल होंगी और 9 को निस्तारण कर अंतिम सूची चस्पा की जाएगी। 10 अक्टूबर को 10 से 4:00 बजे के बीच नामांकन दाखिल किया जाएगा। 11 को 10 से 3:00 के बीच नामांकन प्रपत्रों का अवलोकन किया जाएगा। 3:00 से 5:00 बजे तक वैध नामों की सूची जारी होगी। 14 को नाम वापसी होगी। दोपहर 3:00 से 5:00 बजे के बीच वैध प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। 16 को सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तक मतदान होगा। जिसके बाद मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

### काली माता मंदिर पर तड़के से ही उमड़ी भक्तों की भीड़, घरों व मंदिरों पर हुए भजन-कीर्तन

# मां कूष्मांडा की आराधना कर मांगी सुख-समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



लालबाग स्थित काली माता मंदिर में दर्शन करने के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

**नवरात्र**
- बुध बाजार स्थित दुर्गा भवन मंदिर में हुआ हवन
- श्रद्धालुओं ने आहुति देकर की परिवार की खुशहाली की कामना

**अमृत विचार :** रविवार को शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने माता रानी की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि मांगी। काली माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना की। शाम को घरों व मंदिरों में भजन-कीर्तन किया गया।

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन काली माता मंदिर समेत मनोकामना मंदिर, दुर्गा मंदिर व माता मंदिर में रविवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। काली माता मंदिर के महंत सज्जन गिरि ने बताया तड़के से ही श्रद्धालुओं का मंदिर आना शुरू हो गया था। सिद्धपीठ नौ देवी श्री काली माता मंदिर लाल बाग के महंत रामगिरि ने बताया मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ गई थी। वहीं बुध बाजार स्थित दुर्गा भवन मंदिर में मुख्य पुजारी परम राज जोशी ने हवन कराया।

कोठीवाल नगर स्थित गीता ज्ञान मंदिर में पंडित गिरिजा भूषण मिश्र ने पूजन कराया। कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर में पुजारी ने पूजन कराया। महिला मंडल ने कीर्तन किया। रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर के पुजारी हरिदत्त शास्त्री ने सुबह में हवन कराया। जिसके बाद शाम को महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। वहीं दूसरी ओर घरों में शारदीय नवरात्र के चतुर्थ दिवस मां कूष्मांडा देवी के दिव्य स्वरूप की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए उनका गुणगान किया। इसके अलावा उपवास रखने वाले भक्तों ने परिवार की खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी।

## एक नजर



चंचल कुमार को सम्मानित करतीं फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी।

### महानगर के चंचल को अभिनेत्री हेमा मालिनी ने किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के चंद्र नगर के रहने वाले चंचल कुमार की फिल्म गो सेवक का चयन नवधा फिल्म महोत्सव के लिए हुआ। चंचल को मथुरा में फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी ने सम्मानित किया। विश्व संवाद केंद्र ब्रज प्रांत के संयोजन में नवधा फिल्म महोत्सव का आयोजन दीनदयाल कामधेनु गोशाला मथुरा में किया गया। जिसमें महानगर के चंचल कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म गो सेवक को दिखाया गया। जिसके बाद उनकी फिल्म का चयन हो गया। मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेत्री व सांसद हेमा मालिनी ने चंचल कुमार को सम्मानित किया। इस दौरान चंचल कुमार ने कहा कि गो माता का हमारे जीवन में बड़ा योगदान है।

### 30 तक होंगे ओ लेवल व सीसीसी के लिए आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की तिथि निर्धारित कर दी है। अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियां केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था डोएक नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम ये ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी। इसके लिए पिछड़ा वर्ग की वेबसाइट backeardwelfare.up.gov.in व obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिए गए लिंक से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 10 से 30 अक्टूबर किए जा सकेंगे। अंतिम तिथि की शाम तक सभी अभिलेखों की एक कॉपी पिछड़ा वर्ग कार्यालय में जमा करानी होगी। अधिक जानकारी के लिए विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# दशरथ-कैकेई संवाद, राम वनवास व केवट प्रसंग से दर्शक भावविभोर

## महानगर में लाइनपार, लाजपत नगर, दीनदयाल नगर व दसवां घाट पर चल रही रामलीला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के लाजपत नगर में रविवार को रामलीला मंचन में दशरथ कैकेई संवाद, राम वनवास, चित्रकूट वास का मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए।

रामलीला मंचन में कलाकारों ने दर्शाया गया कि राजा दशरथ अपने महल में बैठे हुए हैं और राम के राजतिलक की घोषणा करते हैं। वहीं दासी मंथरा रानी कैकई को भड़काती है। उसकी बातों में आकर कैकई कोप भवन में चली जाती है। राजा दशरथ कैकेई को मनाने कोप भवन पहुंचते हैं। बाद में कैकेई राम को वनवास व भरत के लिए राज मांगती है। राम वन में जाना सब स्वीकार कर लेते हैं। मंत्री सुंमत राम सीता लक्ष्मण को लेकर वन की ओर निकल पड़ते हैं। इस मौके पर महेश चंद्र अग्रवाल, विनोद बाबू, श्याम कृष्ण रस्तोगी, मुकुल बंसल, रामकुमार गुप्ता, विवेक शर्मा, पार्षद असीम अग्रवाल, शम्मी रस्तोगी, ठाकुर नरेंद्र सिंह, ठाकुर रामेश्वर सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, शिव सरन अग्रवाल, शरद अग्रवाल शामिल रहे।



पुराना दसवां घाट पर रामलीला के दौरान राम केवट प्रसंग का मंचन करते कलाकार।

**रामलीला के लिए हुआ भूमि पूजन :** रविवार को काशीराम नगर में काशीराम नगर दशहरा महोत्सव रामलीला मेला कमेटी ने रामलीला के लिए भूमि पूजन किया। पूजन बनारस के विद्वान पंडित अशोक बुनियाल ने पूरा कराया, जबकि यजमान गोरक्षा विभाग के सदस्य दीपक गोयल रहे। इस मौके रामलीला कमेटी के संस्थापक चौधरी अजय दिवाकर, अध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा, देवेंद्र शर्मा, मनोज चौहान, अनिल शर्मा, नरसिंह गंगवार, क्षेत्रीय पार्षद हुकुम सिंह सैनी, ध्यान सिंह सैनी, रेखा दिवाकर, अलका शर्मा, संगीता शर्मा, प्रीति रानी शामिल रहे।

### रामगंगा के तट पर गंगा पार का सजीव मंचन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव में रविवार को केवट संवाद का रामगंगा किनारे गंगा पार का सजीव मंचन किया गया। जिसमें गंगा तट पर नाव को विशेष रूप सजाया गया। केवट समुदाय द्वारा भगवान राम के आगमन की सूचना मिलने पर एक दिन पूर्व से हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। जिसमें विशेष रूप केवट मलुआ के नेतृत्व केवट समुदाय के विशेष केवट नाव के साथ रहे। पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव रविवार को सांसद रूचि वीरा, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू रामलीला मंचन में शामिल हुए। प्राचीन श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष यथार्थ किशोर, महामंत्री आदित्य वीर शास्त्री, संरक्षक छत्रपाल सिंह, प्रबंधक इंद्रजीत, राजेश वाल्मीकि ने सांसद रूचि वीरा को बैज लगाकर, पुष्पमाला एवं पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। रामलीला मंचन में भगवान राम वनगमन के दौरान श्रृंगवेरपुर पहुंचते हैं। वहां राम का निषादराज गुहा से मिलन होता है। निषादराज उनसे श्रृंगवेरपुर में ही निवास करने की प्रार्थना करते हैं। भगवान महाराज दशरथ की आज्ञा का पालन करते हुए वन की ओर बढ़ जाते हैं और गंगा नदी के समीप पहुंचते हैं। भगवान राम, जानकी व लक्ष्मण के साथ गंगा जी की पूजा करते हैं। फिर गंगा जी को पार कराने के लिए केवट से संवाद होता है। केवट अपनी चतुराई से भगवान के चरण पखारने की आज्ञा लेता है। श्रीराम केवट को चरण स्पर्श करने की आज्ञा देते हैं। इसके बाद केवट परिवार सहित भगवान के चरण पखारते हैं और भगवान को नाव पर विराजमान कराकर गंगा पार कराते हैं। इस मौके पर प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव, इंद्रजीत शर्मा, रवि सैनी, नरेंद्र सुमन, उमाशंकर, गगन कुमार, सुमित श्रीमाली, शुभम डोगरा, कपिल श्रीमाली, पाशु श्रीमाली, लल्ला ठाकुर, अरुण श्रीमाली, ब्रह्मानंद, पुष्पकांत शर्मा, रवि कुमार शामिल रहे।



नेहरू युवा केंद्र में राम-सीता स्वयंवर का मंचन करके कलाकार।

### लक्ष्मण- परशुराम संवाद व सीता विवाह का मंचन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दीनदयाल नगर स्थित नेहरू युवा केंद्र में रामलीला समिति की ओर से आयोजित मंचन में तीसरे दिन सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ व लक्ष्मण-परशुराम संवाद और सीता विवाह के प्रसंग का मंचन हुआ। ताड़का वध के बाद महर्षि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर मिथिला नगरी पहुंचे। जहां सीता के स्वयंवर की तैयारियां चल रही थीं। महर्षि विश्वामित्र का आदेश प्राप्त कर राम ने शिव के धनुष को तोड़ दिया और माता सीता ने प्रभु राम को वरमाला पहना कर उनका वरण किया। इस पर भगवान परशुराम क्रोधित हो जाते हैं। लक्ष्मण और परशुराम में तीखा संवाद होता है। आज की रामलीला में अतिथि प्राचार्य हिन्दू कालेज मुरादाबाद प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत, आईएमए मुरादाबाद के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल और डॉ. सुनील खट्टर उपस्थित रहे। संरक्षक शिशिर गुप्ता, डॉ. संजीव राजन, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, निर्वेश भटनागर, डॉ. विकास गुप्ता, गोरखनाथ, प्रेमनाथ, उपदेश अग्रवाल, अंकुश गुप्ता, संजय धवन, प्रमोद रस्तोगी, अरविंद गुप्ता शामिल रहे।

# राम वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** रामलीला मंचन में दशरथ मरण, राम-केवट संवाद एवं भरत मिलाप का मंचन किया गया। जिसे देखकर लोग भावुक हो गए।

नगर पंचायत के बड़ा मंदिर पर चल रहे रामलीला मंचन में छठे दिन कलाकारों ने दिखाया कि दशरथ ने राम के वियोग में प्राण त्याग दिए। पिता के स्वर्गवास की सूचना पर अयोध्या आए भरत को जब सारे प्रकरण की जानकारी हुई तो उन्होंने माता कैकई को भला बुरा कहा। उसके बाद समस्त अयोध्यावासी भगवान राम को मनाने वन पहुंचे। वन में राम भरत का मिलाप हुआ। मगर राम ने आने से मना कर दिया। जिस पर भरत भगवान राम की चरण पादुकाएं वापस लेकर लौटे। इस दौरान पुरुषोत्तम शरण गुप्ता, राकेश सिंह, रामबाबू भटनागर, नरेश सक्सेना, शैवी शर्मा, सीताराम रूहेला, सुनील गुप्ता, सतपाल हुड्डा, तोताराम सैनी, जयप्रकाश मंत्री, ओमकार सिंह, मोंटू ठाकुर, कमल सैनी, देवेंद्र कुमार, नृपेंद्र कुमार, दीपू गोस्वामी आदि मौजूद रहे।



पाकबड़ा में राम केवट संवाद का मंचन करते कलाकार।

### श्रीराम वनवास के मंचन से दर्शक हुए भावुक

**डिलारी, अमृत विचार :** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। सातवें दिन कलाकारों ने श्रीराम वनवास का मंचन किया। राजा दशरथ से कैकेयी ने दो वर मांगे, जिसमें एक में राम को 14 वर्ष का वनवास और दूसरे में भरत को सिंहासन। इसके बाद राम, सीता और लक्ष्मण वन के लिए निकल पकड़ते हैं, जिसे देश दर्शक भावुक हो गए। इस दौरान ठाकुर मगन सिंह, अनुपम शर्मा, सत्यवान सिंह, पूर्व प्रधान राकेश कुमार फौजी, शरीफ अल्वी, रोहिताश कुमार, शीशपाल सिंह, ग्राम प्रधान बलराम सिंह, हरिओम सिंह ठाकुर, मगन सिंह मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं कल से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह-2024 का आयोजन मंगलवार से पारकर इंटर कालेज मैदान में शुरू हो रहा है।

जिला क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने बताया कि एथलेटिक्स खेलों में सब जूनियर वर्ग (अंडर-14), जूनियर वर्ग (अंडर-17) और सीनियर वर्ग (अंडर-19) में प्रतियोगी शामिल किए जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मार्च पास्ट की सलामी लेकर डीएम अनुज सिंह करेंगे। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य/कोच प्रतियोगी बच्चों के अभिलेख के साथ ही संकुल के झंडे व बैनर के साथ खेल मैदान पर उपस्थित होंगे। समूह नृत्य का कार्यक्रम हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज व प्रभा देवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने बताया कि इस जिला रैली में बालक वर्ग से जिले के 16 संकुल के बच्चे हिस्सेदारी कर रहे हैं।

# मिलजुलकर हम तुम चलो, ऐसा...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



गोष्ठी में उपस्थित साहित्यकार। ● अमृत विचार

- साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य संगम की ओर से हुई गोष्ठी

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य संगम की ओर से रविवार को सुप्रसिद्ध साहित्यकार योगेन्द्र वर्मा के दोहा-संग्रह उगें हरे संवाद पर गोष्ठी का आयोजन मिलन विहार स्थित आकांक्षा इंटर कालेज में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मीनाक्षी ठाकुर ने प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से की। अध्यक्षता डॉ. अजय अनुपम ने की। मुख्य अतिथि राजीव सक्सेना व विशिष्ट अतिथि ओंकार सिंह व अशोक विश्नोई मंचासीन रहे। संचालन राजीव प्रखर ने किया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार एवं इतिहासकार डॉ. अजय अनुपम ने कहा कि व्योम के दोहे समाज को सही दिशा दिखाने में पूर्णतया सक्षम हैं। वरिष्ठ कवि अशोक विश्नोई ने कहा कि योगेंद्र वर्मा व्योम के दोहे वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों का सजीव चित्रण करते हैं। मुख्य अतिथि राजीव सक्सेना ने कहा कि दोहा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण छंद को आम व्यक्ति की समस्याओं से जोड़ने में उगें हरे संवाद एक दस्तावेज सिद्ध होगी। शायर जिया जमीर, रचनाकार राजीव प्रखर, मीनाक्षी ठाकुर, कवि मनोज मनु, कवि अंकित गुप्ता ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में रचनाकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने कहा कि मिल-जुलकर हम-तुम चलो, ऐसा करें उपाय। अपनेपन की लघुकथा, उपन्यास बन जाए। धन-पद-बल की हो अगर, भीतर कुछ तासीर, जीकर देखो एक दिन, वृद्धाश्रम की पीर सुनाया। इस मौके पर जितेंद्र जौली, राहुल शर्मा, पदम बेचैन, फक्कड़ मुरादाबादी, नकुल त्यागी, डॉ. पूनम गुप्ता, योगेंद्र पाल विश्नोई रामदत्त द्विवेदी शामिल रहे। जितेंद्र जौली द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**कार्यक्रम** | राहत मौलाई मेमोरियल सोसाइटी ने साहित्यकार प्रदीप गुप्ता को किया सम्मानित

# इतने चेहरे थे उसके चेहरे पर, आइना तंग आकर टूट गया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुंबई के प्रख्यात साहित्यकार प्रदीप गुप्ता को राहत मौलाई मेमोरियल सोसाइटी और साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान महानगर और अन्य शहरों के शायर तथा कवियों ने अपने कलाम पेश किए। कार्यक्रम की सरपरस्ती करते हुए अंतरराष्ट्रीय शायर मंसूर उस्मानी ने कहा ... कोई हंस के, हंसा के टूट गया/ कोई आंसू बहा के टूट गया/ इतने चेहरे थे उसके चेहरे पर/ आइना तंग आकर टूट गया।

महानगर के मोहल्ला डेहरिया स्थित पूर्व विधायक स्व. राहत मौलाई के निवास राहत कदा पर प्रख्यात साहित्यकार प्रदीप गुप्ता के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राहिद अली कुदूसी द्वारा प्रस्तुत नात से आरम्भ कार्यक्रम में राहत मौलाई मेमोरियल सोसाइटी के महासचिव असद मौलाई ने कहा शायर और कवि देश की गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखते हैं। सम्भल में जन्मे प्रदीप गुप्ता ऐसे साहित्यकार हैं जो समाज में व्याप्त विसंगतियों, विद्रूपताओं को न केवल उजागर करते हैं बल्कि उनके खिलाफ संघर्ष करने के लिए भी आवाज बुलंद करते हैं। साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय के संस्थापक डॉ मनोज रस्तोगी ने कहा – बिकाऊ हूँ खरीदार चाहिए, हवाओं के खिलाफ होना, जिंदगी की किताब, कुंए में चन्द्रमा, पतझड़ पेड़ का अंत नहीं है, बहुत कुछ अनकहा रह गया है, शब्द अर्थहीन हो गए, एकान्तवास की डायरी के पन्ने, असहमति के स्वर, और एक टांग पर विवाह प्रदीप गुप्ता की उल्लेखनीय कृतियां हैं।



प्रख्यात साहित्यकार प्रदीप गुप्ता को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

इस दौरान सभी ने साहित्यकार प्रदीप गुप्ता को फूल माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता दयानन्द डिग्री कालेज के प्रबंधक उमा कांत गुप्ता ने की और आभार असद मौलाई ने किया। इस मौके पर कवि प्रखर, जिया जमीर, रशीद अली, डॉ. आसिफ, अफसर खान, एडवोकेट सफदर अब्बास, आसिफ नवाब, पार्षद नईम उर्फ पप्पू, मोहसिन अहमद खान, ताजदार उस्मानी, बब्बन खां, एडवोकेट मोहम्मद मौलाई, आदिल खां, इंजीनियर फरहत अली, कांग्रेस प्रवक्ता सुधीर पाठक, अलोक खन्ना, पार्षद नईम उद्दीन कातिब, शाह नियाज राजा, अनुराग शर्मा, सय्यद मोहम्मद हाशिम व मोहसिन रईस शामिल रहे।



बैठक करते डाक अधिकारी व कर्मचारी।

## डाकघर की योजनाओं के बारे में आज से जागरूक करेंगे डाककर्मी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इस वर्ष भी डाक विभाग 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना रहा है। डाक विभाग के सभी कर्मचारी व अधिकारी इसमें सहभागिता करेंगे। इस दौरान डाकघर की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

उप अधीक्षक डाकघर मुरादाबाद मंडल संजय गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय डाक सप्ताह के प्रथम दिवस 7 अक्टूबर को मेल और पार्सल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 8 अक्टूबर को फ्लैटली डे मनाया जाएगा। 9 को वर्ल्ड पोस्ट डे के रूप में कार्यक्रम होंगे। 10 अक्टूबर को डाकघर की योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। 11 अक्टूबर को डाक चौपाल कैंप मेले आदि के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 12 अक्टूबर को स्वच्छता संदेश की एक प्रभात फेरी रैली निकाली जाएगी।



## एक नजर

### समिति सदस्यता के लिए 15 तक बढ़ाई तिथि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश के आयुक्त, गन्ना एवं चीनी ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय अधिकारियों एवं किसानों की मांग को देखते हुए पेराई सत्र 2024-25 के लिए सदस्यता लेने के लिए 15 अक्टूबर तक तिथि बढ़ा दी है। जो कृषक अभी तक समिति सदस्य नहीं बन पाए हैं, उन्हें वर्तमान पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति का लाभ लेने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है।

### तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार से शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता मॉडर्न पब्लिक स्कूल में होगी। प्रशिक्षक शाहवेज अली ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सऊद आलम करेंगे। इसमें 21 स्कूलों की टीमें शामिल हो रही हैं। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से विद्यालय परिसर में ही होगी।

### छेड़छाड़ से तंग आकर खाया था जहरीला पदार्थ

**बिलारी, अमृत विचार :** ग्राम रायपुर में बीती 22 सितंबर को घर में पति की गैर मौजूदगी में महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। कोतवाली पुलिस को मृतका रेखा के पिता हरकिशोर ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी को पड़ोस में रहने वाला सत्यपाल पुत्र रूपचंद्र परेशान करता था। आरोप लगाया कि 22 सितंबर को उनका दामाद मजदूरी करने गया हुआ था। घर पर उसकी बेटी थी। तभी आरोपी सतपाल घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर धमकी देकर फरार हो गया। आरोप लगाया कि इसी से आहत होकर रेखा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सास के साथ जा रही विवाहिता के साथ गांव के ही युवक ने अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़छाड़ की। जिसको लेकर बीती 25 सितंबर को कोतवाली में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद आरोपी सैंकी व उसके साथियों ने फोन पर वीडियो कॉल करके धमकी देकर अभ्रद्र व्यवहार किया। मामले में विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

---

शिवानी, अंजलि, आशीष एवं विशाल ने जीते हैं स्वर्ण पदक, अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कौशल दिखाएंगे जनपद के खिलाड़ी

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झटके 4 स्वर्ण, 6 रजत, 11 कांस्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेता बनकर मेडल का प्रदर्शन करतीं बेटियां।

**अमृत विचार :** बलिया में हुई 68वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 4 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 6 ने रजत और 11 ने कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। पदक जीतने वालों में 9 बेटियां भी शामिल हैं। जिन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम को अपने कौशल का लोहा मनवाया है। शिवानी, अंजलि और आशीष एवं विशाल ने स्वर्ण पदक जीते हैं। अब ये लोग राष्ट्रीय स्तर होने वाली प्रतियोगिता में अपना दम दिखाने की तैयारी में जुट गए हैं।

इन बच्चों ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पाकर माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज की निदेशक डॉ. नीतू सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु यादव और उप प्रधानाचार्य दिनेश सिंह ने अंजलि गौतम को सम्मानित भी किया है और शुभकामनाएं दी हैं। कोच सुमित वर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंजलि को गोल्ड मिला है। कोच सुमित भी काफी हर्षित हैं। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रशिक्षक शाहवेज अली ने बताया कि बलिया में 28 सितंबर से दो अक्टूबर तक एसजीएफआई स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मुरादाबाद की बेटियों और बेटों ने गोरवांवित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को खेलों के लिए उन्होंने ही तैयार किया। अब ये खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाने की तैयारी में हैं। प्रशिक्षक ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अभी कैलेंडर जारी नहीं हुआ है।

**बालिका वर्ग में विजेता**

अंडर-14
शिवानी पाल-स्वर्ण पदक (38 किग्रा)
ऋशिता सैनी-कांस्य पदक (अंडर-29 किग्रा)
प्रेरणा-कांस्य (अंडर-38 किग्रा)

अंडर-17
अंजलि गौतम-स्वर्ण पदक (अंडर-35 किग्रा)
झलक गुप्ता -रजत पदक (अंडर-38 किग्रा)
आराधना-रजत पदक (अंडर-44 किग्रा)
वेदांशी -कांस्य (अंडर-32 किग्रा)

अंडर-19
खुशी शर्मा-कांस्य पदक (अंडर-55 किग्रा)
सानिया-कांस्य पदक (अंडर-59 किग्रा)

**बालक वर्ग में विजेता**

अंडर-14
आशीष- स्वर्ण (अंडर-32 किग्रा)
मयंक- रजत (अंडर-29 किग्रा)
मनीष कुमार- रजत (अंडर-41 किग्रा)
भानु शर्मा- कांस्य (अंडर-38 किग्रा)

अंडर-17
मो. नदीम- रजत (अंडर-55 किग्रा)
अर्जुन- कांस्य (अंडर-38 किग्रा)
अंश कुमार- कांस्य (अंडर-48 किग्रा)

अंडर-19
विशाल कुमार- स्वर्ण (अंडर-59 किग्रा)
फैजान- रजत (अंडर-63 किग्रा)
लवकुश- कांस्य (अंडर-45 किग्रा)
वैभव सक्सेना- कांस्य पदक (अंडर-55 किग्रा)
जतिन वर्मा- कांस्य पदक (अंडर-68 किग्रा)

# मुरादाबाद में 110 टीबी रोगी मिले एचआईवी पॉजिटिव

## चिह्नित क्षय रोगियों में अभी 908 की एचआईवी जांच होनी बाकी

निर्मल पांडेय, मुरादाबाद

**12,688** टीबी रोगी खोजे जा चुके हैं
**11780** रोगियों में हुई है एचआईवी जांच
**11710** मरीजों में जांची गई है शुगर

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग क्षय रोगियों को खोज-खोजकर उनकी सेहत सुधारने पर जोर दे रहा है। जिले में क्षय रोगियों की खोज दो स्तर पर हो रही है। एक तो स्वास्थ्य विभाग अपनी टीम लगा कर रोगियों की पहचान कर रहा है, दूसरे प्राइवेट संस्था डॉक्टर्स फॉर यू (डीएफवाई) भी जिले में क्षय रोगियों पर काम कर रही है। इन दोनों ने मिलकर जनवरी से तीन अक्टूबर तक 12,688 क्षय रोगियों को तलाशा है। इनमें से 110 क्षय रोगी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं, जबकि अभी 908 रोगियों की एचआईवी जांच होनी है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि क्षय रोगियों में एचआईवी और शुगर की जांच करना बहुत ही जरूरी होता है। यदि किसी रोगी में एचआईवी या शुगर की भी शिकायत मिलती है तो उसका इलाज सामान्य क्षय रोगी से भिन्न हो जाता है। वैसे ये रोगी निश्चित अवधि तक इलाज लेते हैं तो ठीक हो जाते हैं। सामान्य क्षय रोगी छह महीने के ही इलाज में स्वस्थ हो जाता है। कुछ रोगी ऐसे हैं जिनके स्वस्थ होने में साल भर का समय लग जाता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरैचया ने बताया कि प्रत्येक क्षय रोगी का फॉलोअप भी किया जा रहा है। घनी आबादी में निवास करने वाले रोगियों की विशेष निगरानी हो रही है, ताकि संक्रमण न फैले। उन्होंने बताया कि जिस घर में क्षय रोगी मिलता है, उस परिवार के प्रत्येक सदस्य के स्वास्थ्य की जांच होती है।

**निजी और सरकारी स्तर से खोजे जा रहे रोगी**

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि प्राइवेट संस्था डॉक्टर्स फॉर यू ने 5540 क्षय रोगियों को खोजने के लक्ष्य के सापेक्ष 6832 रोगी खोज लिए। इनमें 6147 का एचआईवी और 6186 का शुगर टेस्ट भी कराया है। जबकि सरकारी स्तर पर जनवरी से तीन अक्टूबर तक कुल 5856 क्षय रोगी खोजे गए हैं। इनमें 5633 लोगों का एचआईवी और 5524 का शुगर टेस्ट भी कराया है।

**450 रोगियों की हुई थी मौत**

डॉ. एनके कुरैचया ने बताया कि पिछले साल जनवरी से दिसंबर तक जिले में कुल 14,021 क्षय रोगी खोजे गए थे। इनमें से 12,630 रोगी क्षय रोग से मुक्त हो गए हैं, जबकि 450 रोगियों की मौत हो गई।

# कागजों में सिमटा संचारी रोग नियंत्रण अभियान, गांवों में गंदगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चल रहे अभियान को गांव में फैली गंदगी पलीता लगा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के कई सफाई कर्मचारी कुछ सरकारी कार्यालय में लगे हैं तो कुछ गांव की आबादी अधिक होने की दुहाई देकर कार्य नहीं कर रहे हैं। जिससे संचारी रोग नियंत्रण अभियान दम तोड़ रहा है। अभियान केवल शहरी क्षेत्र में या फिर कागजों में सिमट कर रह गया है।

मुरादाबाद ब्लॉक के गांव गोट की गलियों में पसरी गंदगी से गांव के लोग कई महीने से परेशान हैं। कई बार गांव के प्रधान असलम और सचिव से सफाई कराने को लेकर कहा लेकिन सुनवाई नहीं हुई। गांव के खुर्शीद आलम ने बताया की प्रधान ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाकर सफाई कराने की बात कही थी। लेकिन हालात वैसे ही है। गांव में सफाई के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की बात तो दूर, गांव में नियुक्त सफाईकर्मी ने भी आना बंद कर दिया है। नालियों में कीचड़ से दुर्गंध फैल रही है। लोगों को बीमारियां फैलने का डर सताने लगा है। भैंसिया गांव में अभियान की हकीकत गांव के प्राथमिक विद्यालय के गेट पर पसरी गंदगी और आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर कूड़े के ढेर बयां कर रहे हैं।


भैंसिया गांव में पसरी गंदगी।

संचारी रोग अभियान में सफाई कार्य युद्ध स्तर किया जा रहा है। भैंसिया, गोट और बरबारा मजरा में इस तरह की गंदगी फैलने की बात सामने आई है। सचिव को नोटिस देकर सफाई न होने कारण पूछा जाएगा। तीनों गांव और आसपास के गांवों का निरीक्षण करने के लिए एडीपीआरओ को भेजेंगे।
–वाचस्पति झा, जिला पंचायत राज अधिकारी

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार को परशुराम सेवा समिति की ओर से मनोरंजन सदन में 18वां महाव्रत परायण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

समारोह में कथा वाचक पंडित व्योम त्रिपाठी ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर सभा में उपस्थित लोग थिरकने पर मजबूर हो गए। मैं बालक तू माता शेरा बालिये भजनों से समां बांध दिया। इसके बाद सम्मान समारोह की शुरुआत की गई, जिसमें रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रवि शर्मा को भगवान परशुराम सेवा सम्मान, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना वशिष्ठ को मां रेणुका सेवा सम्मान से नवाजा गया। वहीं समाज में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली हिंदू मंडल किसरौल, श्री श्याम सेवा समिति, नारदानंद ऋषि आश्रम, कुंज बिहारी महिला मंडल, महाकाल सेवक संघ आदि संस्थाओं को सम्मानित किया गया। संयोजक संजय स्वामी ने समिति द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। समारोह में फूलों की होली भी खेली गई। मां भगवती का श्रृंगार भी किया गया। संचालन मयंक शर्मा ने किया और अध्यक्षता अनिमेश कुमार शर्मा ने की। इस मौके राजेंद्र शर्मा, अवधेश पाठक, केडीआरसी के निदेशक डॉ. केके मिश्रा, शकुंतला पारिख, अरविंद शर्मा, निशांक शर्मा, रामजी पांडेय, अर्पित कौशिक व गौरव स्वामी शामिल रहे।



भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा सम्मानित किए गए समाज के लोग।

- परशुराम सेवा समिति की ओर से मनोरंजन सदन में हुआ कार्यक्रम

# विवाह बंधन में बंधे तीन जोड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डॉ. एसएन गुप्त एंड सन संस्था के अंतर्गत रविवार को स्टेशन रोड स्थित आर्य समाज में तीन जोड़े विवाह बंधन में बंध गए। इस दौरान सभी अतिथियों ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

आर्य समाज मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पंडित वीरेंद्र आर्य, पुरोहित यशपाल आर्य व प्रभा सैनी के सहयोग से वैदिक विधि अनुसार पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान अजब सिंह आर्य ने की। दहेज विहीन, जाति विहीन और कम व्यय पर आधारित यह 74 वां सामूहिक विवाह समारोह था। जिसके तहत अब तक कुल 381 जोड़ों के विवाह सम्पन्न कराएं जा चुके हैं। विवाह समारोह में आर्य समाज स्टेशन रोड, लायंस क्लब मुरादाबाद आर्यन, इनरव्हील क्लब मिड टाउन, संयुक्त महिला संगठन, महिला आर्य समाज स्टेशन रोड, आर्य समाज मंडी बांस समेत अन्य संस्थाओं ने वर-वधू को उपहार प्रदत्त कर उनके जीवन के लिए मंगल कामना की। समारोह में सचिन कुमार संग ममता रानी, अंकित कुमार संग अंशु कुमारी व कप्तान संग सपना का विवाह कराया गया। इस मौके पर अरविंद आर्य, विनोद कुमार गुप्ता, निर्मल आर्य, डॉ. अभय श्रोत्रिय, रमेश आर्य, डॉ. आलोक कुमार, यशपाल आर्य, डॉ. राममुनि, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, विजय कौशिक, अर्जुन सिंह, रविंद्र आर्य, संतोष कुमार गुप्ता, मयंक आर्य, राकेश कुमार, राजेश नारंग, आशा जैमिनी, पल्लवी गोयल, मनीषा अग्रवाल, सपना अग्रवाल, रति रस्तोगी, सिमरन कौर, भावना रुहेला, रामेश्वरी रतवाल आदि मौजूद रहे।


आर्य समाज में सामूहिक विवाह में मौजूद नवविवाहित जोड़े व पदाधिकारी।

- डॉ. एसएन गुप्त एंड सन संस्था ने किया आयोजन

## सार संक्षेप


रामगंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाते प्रेशर ग्रुप मुरादाबाद के सदस्य।

### रामगंगा के तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को प्रेशर ग्रुप मुरादाबाद द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए काली मंदिर स्थित रामगंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें स्वच्छता अभियान के संयोजक कृति फाउंडेशन के अध्यक्ष आरके भारत रहे। आरके भारत ने बताया कि रामगंगा में फैली पॉलीथिन नदी के प्रवाह और जलस्रोत को रोककर हानि पहुंचा रही है। महानगर के ऐतिहासिक काली मंदिर के किनारे गंदगी से जनमानस का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। कुछ लोग अंधविश्वास से ग्रसित होकर रामगंगा की पवित्रता को अपने घरों के कूड़े से अपवित्र कर रहे हैं। इस दौरान पॉलीथिन, प्लास्टिक पैक, कट्टे, मूर्तियां व धार्मिक पुस्तकें पड़ी मिलीं। अभियान में आकांक्षा भारत, सरदार गुरविंदर सिंह, रमेश आर्य, गरिमा सिंह, कपिल कुमार, प्रिंस कुमार, आदित्य, धवल दीक्षित, अमर सक्सेना, मनोज कुमार, पर्यावरण सचेतक नेपाल सिंह पाल, शालू सैनी, नीरज सैनी, आकृति सिंहा, अभिव्यक्ति सिंहा, नेहा शर्मा आदि शामिल रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र की किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी को सकुशल बरामद कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। थाना क्षेत्र के कॉलोनी निवासी किशोरी के पिता ने बीती 7 अगस्त को दी तहरीर में बताया था कि पंडित नगला रोड स्थित मय फेयर स्कूल के पास का रहने वाला मोनू उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कटघर पुलिस ने दो माह बाद आरोपी मोनू को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है कि मेडिकल रिपोर्ट में किशोरी के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को जेल भेज दिया है।

### ऑटम मेले की तैयारियों को रविवार को भी खुली फर्में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक्सपो मार्ट पर आयोजित होने जा रहे ऑटम मेले की तारीख पास आने का असर रविवार को महानगर की निर्यात इकाइयों पर दिखाई दिया। रविवार को महानगर की लगभग सभी निर्यात इकाइयां खुली रहीं और वर्किंग दिनों की तरह कामकाज हुआ। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान ने बताया कि फेयर के लिए सैंपल तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच जाने के चलते इकाइयों में रविवार को उत्पादों के सैंपल की फिनिशिंग के साथ शिपमेंट से जुड़े कार्य पूरे करने पर फोकस किया गया। उन्होंने बताया कि अगले हफ्ते दशहरे का पर्व होने के चलते अवकाश है और त्योहार पर फैक्ट्री खोलना संभव नहीं होने के मद्देनजर काम को जल्दी से जल्दी निपटा लेने पर जोर दे रहे हैं।

### भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अग्रवाल सभा और अमरनाथ मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन की 5144वीं जयंती पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन अग्रवाल भवन मंडी बांस पर किया गया। भंडारे में लगभग भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के संयोजक अनुराग अग्रवाल, रचित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल व राजीव अग्रवाल रहे। इस दौरान महेश अग्रवाल, मंत्री अजीत कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सुधांशु अग्रवाल, रतन कुमार अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गौरव मित्तल, अनिल कुमार, सौरव अग्रवाल, योगेश कोठीवाल, संजय अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, केतन गर्ग, विक्की अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल व दिव्यांशु अग्रवाल शामिल रहे।

### उत्तराखंड टेनिस में महानगर के अवनीश का जलवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में रामनगर में आयोजित टेनिस टूर्नामेंट के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। टेनिस खिलाड़ी डीएस रावत ने अपने बाबा स्व. बीएस रावत की स्मृति में आयोजित टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन कराया। रामनगर के चूना खान में आयोजित टूर्नामेंट के संयोजक मुरादाबाद के अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी अवनीश रस्तोगी रहे। टूर्नामेंट में सिंगल्स-डबल्स टेनिस में गोल्ड मेडलिस्ट विजेता दो भाई लक्षित व चंद्रित सूद आकर्षण का केंद्र रहे। आईटीएफ रेफरी एंटन डिसूजा ने बताया कि चूना खान आईटीएफ एमटी 100 में अवनीश रस्तोगी व ललित के बीच दो घंटा 30 मिनट तक चले मैच में अवनीश ने 6-4,5-7,10-2 के स्कोर से ललित को पराजित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगल पेपर्स के अमित संगल, स्टैग ग्लोबल डायरेक्टर, राकेश कोहली, एसपी सिंह, जीएल शाह, डॉ. समीर वर्मा आदि शामिल रहे।

### अगवानपुर में धूमधाम से निकली राम बरात

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत में धूमधाम से राम बरात निकाली गई। जो विभिन्न रास्तों से होकर गुजरी। हर साल की भांति इस बार भी मोहल्ला बिश्नोईयान, शुक्र का बाजार, घास मंडी से होते हुए श्रीराम बरात वापस राममंदिर पर जाकर समाप्त हुई। बरात में कई बैंड बाजे व झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान इन्द्रेश गुप्ता, पुष्पेंद्र शर्मा, अंशुल गुप्ता, वरूण गुप्ता, अचल शर्मा, नेतराम सैनी, विशाल भट्टनागर, कामेश सिंह लोधी, सरजू बिश्नोई, अभिनव गुप्ता, राजीव गुप्ता, डॉ. राकेश कुमार बिश्नोई आदि मौजूद रहे।


राम बरात में शामिल झांकी।

---

**आयोजन** पंचायत भवन में हुआ दुर्गाष्टमी का कार्यक्रम, विश्व हिंदू परिषद व दुर्गा वाहिनी ने निकाली शक्ति यात्रा

# पारंपरिक वेशभूषा में ही मंदिर में आएं मातृशक्ति :रीना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार को विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में दुर्गाष्टमी का कार्यक्रम पंचायत भवन में हुआ। जिसकी शुरूआत मुख्य वक्ता रीना शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष अंजली गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष अर्चना प्रकाश, मुख्य अतिथि सरोज, संयोजिका कनक सिंह, दुर्गा वाहिनी संयोजिका नीता सैनी ने दीप प्रज्जवलित व शस्त्र पूजन करके की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों व पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा गणेश वंदना, सरस्वती वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति की गई। मुख्य वक्ता क्षेत्र संयोजिका दुर्गावाहिनी रीना शर्मा ने कहा कि देश में बालिकाओं व महिलाओं के साथ अनेक प्रकार के जिहाद के रूप में उपद्रवियों द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। जिसका सामना दृढ़ता से करना होगा। मातृशक्ति और बालिकाओं को ध्यान रखना होगा कि मंदिर में अपनी भारतीय वेशभूषा ही होनी चाहिए। मंच से शपथ दिलाई कि आने वाले करवा चौथ व अन्य त्योहारों पर किसी अन्य मजहब के लोगों से मेहंदी नहीं लगवाएंगी। संचालन दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका अभिव्यक्ति सिन्हा ने किया। जिसके बाद पंचायत भवन से शक्ति यात्रा की शुरूआत की गई। जो जैन मंदिर, जेल रोड, गुरहट्टी चौराहा, ताड़ीखाना चौक व बुध बाजार चौराहा होते हुए जीजी इंटर कालेज पर संपन्न हुई। इस मौके पर प्रांत शक्ति साधना केंद्र की प्रमुख एकता गुप्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रान्त अध्यक्ष मीनू मल्होत्रा, ममता सक्सेना, साक्षी चौहान, रजनी सक्सेना, निर्मल चौहान, मीनाक्षी कश्यप, कशिश चौहान, सीमा शर्मा, नीना गुप्ता, अमित गुप्ता, ब्रजेश कुमार, नवदीप अग्रवाल, अविनाश गुप्ता, गौरव भटनागर, रविन्द्र छाबड़ा, अनिल कठेरिया, मोहित सक्सेना, अभिनव भटनागर व विनीत भटनागर शामिल रहे।


शक्ति यात्रा निकालतीं महिला सदस्य। ● अमृत विचार

## एमडीए कार्यालय में आज लगेगा संपत्ति मेला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आगामी पर्व दिवाली पर अगर आप अपना मकान, दुकान या फिर फ्लैट सस्ती दर पर खरीदना चाहते हैं तो मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कार्यालय में सोमवार से संपत्ति मेले का आयोजन हो रहा है। एमडीए की ओर से 7 से 9 अक्टूबर तक लगने वाले संपत्ति मेले में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मकान और फ्लैट की बिक्री होगी। समृद्धि विहार सेक्टर-16 बी, अमृत कुंज एकता विहार दिक्षिणी, अरावली इन्क्लेव मझोला, अलकनंदा इन्क्लेव ढक्का आदि योजनाओं में बड़ी संख्या में मकान बेचे जाएंगे। इसी प्रकार उद्यम विहार नया मुरादाबाद, गति शक्ति नगर, विश्वकर्मा हाट, योजनाओं में व्यवसायिक संपत्तियों का निस्तारण ई-नीलामी के द्वारा किया जाएगा। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार सिंह ने बताया कि संपत्ति मेले में भाग लेने आने वाले लोगों को मकान या फ्लैट खरीदने के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

# कैंसर रोगियों को मिलेगा सस्ता इलाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में ही कांठ रोड पर स्थित क्रेस्ट हॉस्पिटल परिसर में क्रेस्ट गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट का संचालन प्रारंभ हो गया है। नगर विधायक रितेश गुप्ता और सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने फीता काटकर कैंसर इंस्टिट्यूट का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक व सीएमओ ने कैंसर इंस्टिट्यूट के चेयरमैन डॉ. संदीप अग्रवाल व और डायरेक्टर डॉ. राजशेखर गुप्ता के संयुक्त प्रयास को सराहा और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. संदीप अग्रवाल और क्रेस्ट हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राजशेखर गुप्ता ने नगर विधायक को रेडिएशन सेंटर, कीमोथेरेपी के लिए विशेष इंतजाम दिखाए। उन्होंने अतिथियों को सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग का भी भ्रमण कराया। डॉ. संदीप अग्रवाल ने अतिथियों से अनुभव साझा करते हुए कहा कि कैंसर का इलाज किसी एक विशेषज्ञ के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए पूरी टीम को लगना पड़ता है। प्रशिक्षित डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल की टीम उनके पास है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल में यह पहला गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट है। इसलिए अब कैंसर रोगियों को इलाज के लिए उन्हें दिल्ली-मुंबई की दौड़ नहीं लगानी होगी। इस मौके पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी बीआर आंबेडकर इंस्टिट्यूट के पूर्व निदेशक डॉ. जीके रथ ने भी अपने अनुभव साझा किए। क्रेस्ट गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. राजशेखर गुप्ता ने बताया कि गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट मुरादाबाद का पहला संपूर्ण कैंसर उपचार एवं रेडिएशन सेंटर स्थापित हुआ है।


क्रेस्ट गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट में रेडिएशन थेरेपी सेंटर का उद्घाटन करते नगर विधायक रितेश गुप्ता, साथ में सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह।

- क्रेस्ट गैलेक्सी कैंसर इंस्टिट्यूट का नगर विधायक व सीएमओ ने किया उद्घाटन

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती गांव निवासी एक युवती ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पहाड़पुर गांव निवासी यशवीर पुत्र प्रेमचंद और उसका साला यशपाल पुत्र रामसेवक उसके गांव में आता जाता था। आरोप लगाया कि यशपाल ने अपनी बहन बबीता के सहयोग से उसे बहला फुसला कर शादी का झांसा दिया। जिसके बाद 3 साल तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने युवती के तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जमीनी रंजिश में दो पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर में दो भाइयों की जमीनी रंजिश में पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस में मिंटू और शिवम दोनों भाइयों ने कोतवाली में तहरीर देकर एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया था । जिस पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**भोजपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 5 अक्टूबर शाम को घर पर उसकी 15 वर्षीय बेटी अकेली थी। इस दौरान पड़ोस के मोहसिम व आसीम उसे बहला-फुसलाकर घर में रखी ज्वैलरी व नगदी समेत ले गए। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई है। कस्बा चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### नवविवाहिता के साथ मारपीट, 4 पर रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम नरी नागल निवासी जास्मीन का विवाह कुछ माह पहले ग्राम चकबेगमपुर के युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि 5 अक्टूबर को पति अकरम सहित परिवार के लोगों ने लाठी डंडो से पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने आमिर हुसैन, अलीम, रेश्मा, अकरम निवासी ग्राम चकबेगमपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किसानों के लिए प्रेरणास्रोत थे महेंद्र सिंह टिकैत

## धूमधाम से मनाया किसान नेता का जन्मदिन, बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने मोहल्ला पट्टीवाला स्थित सामुदायिक बैंक्वेट हॉल में किसानों के मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का 89 वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी महेन्द्र सिंह रंधावा एवं जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी ने संयुक्त रूप से महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों को स्वाभिमान व समस्या समाधान के लिए लड़ना सिखाया। उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह टिकैत द्वारा तमाम प्रकार की सामाजिक बुराइयों, दहेज प्रथा, नशा उन्मूलन को दूर करने पर भी अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि चौधरी साहब ने हमेशा किसानों के हितों की लड़ाई लड़ी। किसानों पर जहां भी अत्याचार हुआ वहीं पर पहुंचे। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मल सिंह एवं संचालन जितेंद्र बिश्नोई जीतू ने किया। इस अवसर पर कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, गन्ना विकास समिति के सचिव खेत सिंह, अरविंद चौधरी गुरुजी, छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, बलराम सिंह, ज्योति चौहान, रोहित देवल, नेकपाल सिंह, कुलबीर सिंह, प्रदीप वर्मा, हाजी इमरान, संजीव बिश्नोई सौंजी, गुड्डु घोसी, नितिन गुर्जर, जुल्फिकार ठेकेदार, राजवीर सिंह, सुमन कुमार सोनू, नितिन कुमार, ओंकार सिंह, सुशील यादव, भानु बिश्नोई, लाल सिंह, पिन्टू विश्नोई, राजेन्द्र विश्नोई आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



कांठ में कार्यक्रम में उपस्थित किसान व पदाधिकारी।



बिलारी में गन्ना समिति में स्व. महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित करते किसान।

### लखनऊ में कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्र के किसान

**छजलैट, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक और किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के जन्मदिन पर लखनऊ के ईको गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस दौरान चौ. राकेश टिकैत, गौरव टिकैत, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद मनोज चौधरी और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौधरी ऋषिपाल सिंह व अन्य किसान शामिल हुए। इस दौरान सरकार के सामने किसानों की विभिन्न समस्याओं को रखा। कार्यक्रम में भोलू सिंह, सुभम राठी, दीपक चौधरी, बबलू चौधरी, रणवीर सिंह, घनेंद्र शर्मा, खजान सिंह, प्रेमपाल सिंह, दर्शन सिंह, नरेश प्रताप, राधेश्याम, वेद जी, प्रीतम सिंह, नेमपाल सिंह, ओमकार सिंह, आसिम सैफी, दिनेश, सलीम अहमद, चंदकिशोर सैनी, धर्मपाल सैनी, कुलदीप सैनी, रमकला गुर्जर, सुधीर कुमार सक्सेना, नोशे अली, महेश ठाकुर, वीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जयंती पर याद किए गए बाबा टिकैत

**बिलारी, अमृत विचार :** गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती पर उन्हें याद किया, साथ ही उनके चित्र पर पुष्प अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बाबा टिकैत ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ी। उनकी एक आवाज से सरकारें हिल जाती थी। किसानों को उनके हक दिलाने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय किसान यूनियन के बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम प्रधान माजिद हुसैन ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत हमेशा से ही किसानों के हितैषी रहे हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान डॉ. अनीस अहमद ,राजू चौहान, लक्ष्मण सिंह, अमित चौधरी, अभिनव चौधरी, सुनील लाठर, अरविंद मोहन आदि मौजूद रहे।



निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते राज्यमंत्री। ● अमृत विचार



भूमि पूजन में शामिल राज्यमंत्री व अन्य भाजपा नेता। ● अमृत विचार

# हवन-पूजन कर कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

संवाददाता, कुंदरकी

- राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने फोड़ा नारियल

**अमृत विचार :** हवन पूजन के साथ कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग के कार्य का आरंभ राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी द्वारा नारियल फोड़कर किया गया।

गौरतलब है कि कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग करीब 7 वर्षों से टूटा हुआ था और अपनी हालत पर आंसू बहा रहा था। सड़क में कई-कई फिट गहरे गड्ढे हो चुके हैं। कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग के निर्माण की घोषणा की गई थी। जिसके बाद रोड का शिलान्यास और निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया। करोड़ों रुपये की लागत से यह मार्ग बनकर तैयार होगा। राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने बताया कि कुछ माह के भीतर ही निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि मार्ग का निर्माण पूरा होने के बाद ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस दौरान एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा ठाकुर दिनेश सिंह, ठाकुर रामवीर सिंह, कमल कुमार प्रजापति, डॉ. राकेश चौहान, मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट, देवेश भूषण एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मारपीट कर बंधक बनाने के आरोप में 4 पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** मुकदमे में पैरवी करने की रंजिश में मारपीट करने व बंधक बनाने की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम बुढ़ानपुर निवासी सूरजपाल सिंह पुत्र किशनस्वरूप ने दी तहरीर में बताया कि वार्ड नं 1 में उसकी मुंहबोली मामी भगवान देइ पत्नी खुशहाली रहती हैं जिनके कोई पुत्र नहीं है। उनकी भूमि का मुकदमा चल रहा है जिसकी वह पैरवी करता है। भूमि को उनका दामाद राजवीर सिंह पुत्र लोलीन सिंह, शिवानी पत्नी राजवीर सिंह, निवासी सुआवाला हड़पना चाहते हैं। आरोप है कि एक अक्टूबर को वह भगवान देइ के घर गया था जहां पहले से मौजूद राजवीर व उसका भाई नाम अज्ञात व अन्य ने उसके साथ मारपीट कर बंधक बना लिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# भक्ति में ही बीतता है भक्त का हर पल

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** शाहाबाद रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें मुरादाबाद से आए महात्मा सुभाष ने कहा कि भक्ति का हर पल भक्ति में ही बीतता है। भक्त ने जब एक बार ब्रह्मज्ञान की रोशनी ले ली तो फिर इनका हर पल ही उज्जवल है। अगर भक्ति में जीवन बीत रहा है तो मन हमेशा आनंद की अवस्था में ही रहेगा। अगर हर पल परमात्मा याद है तो निसंदेह हम भक्ति ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह ऑटो पायलट मोड में विमान अपने आप ही उड़ान भरता है इसी तरह भक्त अपना विश्वास अपना ध्यान परमात्मा के साथ जोड़े रखता है और उसके सभी कार्य सहज रूप से होते चले जाते हैं। इसके अलावा उन्होंने सभी से जीवन में अच्छाई का मार्ग अपनाना और एक दूसरे से ईर्ष्या और भेदभाव को दूर रखने का आह्वान किया। उन्होंने सभी से नशा जैसे बुरे कामों से दूर रहने की अपील की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने किया माता कूष्मांडा का पूजन

**कांठ, अमृत विचार:** नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शारदीय नवरात्र के चौथे दिन माता कूष्मांडा की पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।

रविवार को नगर के श्री रामलीला मंदिर, माता का स्थान, विशनपुरा शिव मंदिर सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में नागरिकों ने माता कुष्मांडा का विधि विधान के साथ पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने माता रानी के भजन गाकर जगह-जगह पर कीर्तन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बताया कि देवी भगवती के कूष्मांडा स्वरूप ने अपनी मंद मुस्कुराहट से ही सृष्टि की रचना की थी, इसलिए देवी कुष्मांडा को सृष्टि की आदि स्वरूपा और आदि शक्ति माना गया है। देवी कुष्मांडा को समर्पित इस दिन का संबंध हरे रंग से जाना जाता है।

# महायज्ञ में आहुतियां देकर मांगी समृद्धि

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** सहसपुर स्थित श्रीरामकली आश्रम मंदिर में चल रहे नव चंडी महायज्ञ में यजमानों ने आहुतियां दी, साथ ही क्षेत्र में तरक्की और खुशहाली के लिए प्रार्थना भी की।

रविवार को नवचंडी महायज्ञ में पंडित निसंदेह दीक्षित, उत्कर्ष दीक्षित ने विशेष मंत्र उच्चारण से हवन यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान कपिल शर्मा, नीरू शर्मा, सुशीला देवी, सुनील शर्मा, प्रभा देवी, अशोक शर्मा, बृजेश शर्मा के अलावा पावनी भारद्वाज, अभिनव भारद्वाज ने हवन में आहुतियां दी। व्यवस्था में राघवेंद्र शर्मा, मोहनलाल शर्मा, स्वामी पूर्णानंद सरस्वती, मोहित शर्मा, मुकेश शर्मा आदि रहे। वही नवरात्र के चौथे दिन नगर व देहात क्षेत्र के मंदिरों में मां कुष्मांडा की विशेष पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर माता रानी को भोग लगाकर अपनी हाजिरी दी। इसके बाद घरों में भी माता रानी की पूजा अर्चना की। इसके बाद नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित शिव मंदिर ,प्राचीन गमा देवत मंदिर, झंडा चौक शिव मंदिर, नागोवाला मंदिर, राय सत्ती मंदिर ,शंभू नाथ मंदिर, पौडा खेड़ा मंदिर, बच्चा बाग शिव मंदिर के अलावा अमरपुर काशी के मंदिरों में महिलाओं द्वारा संकीर्तन भी किया जा रहा है।



नवचंडी महायज्ञ में आहुतियां देते यजमान। ● अमृत विचार

**आयोजन**

- सहसपुर स्थित मंदिर में हुआ नवचंडी महायज्ञ
- नवरात्र पर विभिन्न मंदिरों में महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन

## सार संक्षेप

### छेड़छाड़ व मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रंजिश के चलते पीड़ित से घर में घुसकर गाली गलौज, मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजूपुर मिलक निवासी पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दोपहर को घर पर वह अकेली थी। तभी गांव के ही सुभाष, पीयूष व 2 अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध पर उसके साथ मारपीट कर छेड़छाड़ की गई। जिसमें पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस कमेटी का किया विस्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में संगठन को मजबूत करने को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसमें नगर अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी का गठन कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। नगर के मुस्लिम इंटर कालेज के सभागार में पूर्व विधायक मोहम्मद उल्ला चौधरी अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन की नगर में कार्यकारिणी गठित की गई। इस दौरान महासचिव संजीव सिंघल, नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दकी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लारेब मंसूरी, अबरार सैफी, अब्दुल्ला अंसारी, सैफुल्ला चौधरी, नावेद सिद्दकी, सलमा आगा, शरीफ आजाद, हाजी मुस्तकीम, हाजी याकूब कुरैशी, हाफिज बसीम ,मोइन कुरैशी, शमशेर, वाजिद अंसारी, हाजी भूरा अंसारी आदि मौजूद रहे।




महिलाओं को जागरूक करती पुलिस।

### महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**छजलैट/कांठ, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना पुलिस ने ग्राम गढ़ी के पंचायत भवन एवं सीएचसी कांठ में महिलाओं व युवतियों को अधिकारों एवं उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उपनिरीक्षक सुभाष धनगर एवं महिला सुरक्षा टीम की सब इंस्पेक्टर ज्योति रानी, तहसील क्षेत्र के जाम ग्राम गढ़ी स्थित पंचायत भवन में गांव की महिलाओं व युवतियों को बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह आदि की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध आदि की रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1098 व 1076 आदि के बारे में बताया। वहीं दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में उप निरीक्षक सुभाष चंद्र धनगर, चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, मिशन शक्ति की प्रभारी ज्योति चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीएचसी कांठ में जन्म लेने वाली बालिकाओं का जन्मदिन मनाया। इसके उपरांत चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह के साथ मिलकर अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया।

### देवर ने भाभी के साथ की अश्लीलता, तहरीर दी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** भाभी को अकेला देख देवर ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि उसका पति काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता है। शनिवार को जब वह घर पर अकेली थी तो उसके देवर ने उसे बुरी नीयत से दबोच लिया और अश्लीलता करने लगा। जब उसने विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसकी ननंद और सास भी वहां पर पहुंच गई। उन्होंने उल्टा उसे ही चुप रहने को कहा। विरोध पर उसके साथ मारपीट की गई।

### घर से जेवरात व नकदी चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मेला देखने गए ग्रामीण के घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली। थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर हमीर निवासी रिजवान पुत्र सफदर के अनुसार गांव स्थित दरगाह पर उर्स मेला चल रहा है। शनिवार की रात्रि वह परिवार सहित मकान में ताले लगाकर मेला देखने गया था। आरोप है कि जब वह 12 बजे के आसपास घर वापस लौटा तो मकान के ताले टूटे हुए मिले व घर के अन्दर सामान बिखरा हुआ पड़ा था। घर में रखे लाखों रुपये की कीमत के सोने चांदी के आभूषण व 28 हजार रुपये की नकदी गायब थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला से 5 हजार रुपये और कुंडल ठगने में रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस ने महिला से 5 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अमीना पत्नी मोहम्मद रफी निवासी मोहल्ला नुरुल्लाह थाना कुंदरकी के अनुसार 3 अक्टूबर की सुबह मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल से बेटी इरम को देखकर घर आ रही थी। बस द्वारा कुंदरकी पहुंची थी वहां से पैदल जाने के दौरान रास्ते में तीन लड़के मिले और उसे बातों में उलझाकर उससे कुंडल और 5 हजार रुपये ठग लिए। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। महिला की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गांव भीकनपुर अल्लापुर में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज़ रिलीफ फाउंडेशन की ओर से फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें चिकित्सकों ने मरीजों का चेकअप कर निशुल्क दवा दी। संस्था के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया कि फाउंडेशन समय-समय पर शिविर का आयोजन कर लोगों की मदद करता है। इस अवसर पर डा. मुहम्मद रज़ा, डॉ हुमैर, नसीम, सैफअली, उस्मान प्रधान, शमशाद हुसैन आदि मौजूद रहे।

### गोवंश कल्याण के लिए हवन में दी पूर्ण आहुति

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत राघूवाला में बनी अस्थायी गोशाला में उपजिलाधिकारी के मार्गदर्शन में हवन का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित हवन में खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता और ग्राम सचिव मोहित चौहान सहित अन्य ग्रामीणों ने पूर्ण आहुतियां देकर गायों के स्वस्थ्य रहने के लिए प्रार्थना की। इस दौरान केयर टेकर राजपाल सिंह, मीना, नीलम, सरस्वती, बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



हवन में आहुति देतीं एसडीएम प्रीति सिंह।

**रामलीला** नगर व देहात क्षेत्र में हो रही रामलीला में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

# भरत मनावा शोभायात्रा निकाली, सीता हरण का हुआ मंचन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** रविवार की शाम भरत मनावा शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। रात्रि में शूर्पणखा के नाक कान काटने व सीता हरण की रामलीला का मंचन किया गया।

रामलीला रंगमंच कांठ में चल रहे रामलीला मंचन में शनिवार को भरत मनावा शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। रात्रि में शूर्पणखा के नाक कान कतरन से लेकर सीता हरण की रामलीला का सफल मंचन किया गया। मंचन में दिखाया कि कैकेई द्वारा महाराज दशरथ से भरत को राजपाठ एवं श्रीराम को 14 वर्ष के वनवास का वर मांगने पर राम लक्ष्मण एवं सीता वनवास के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। जिनके वियोग में महाराज दशरथ प्राण त्याग देते हैं। ननिहाल से लौटकर भरत शत्रुघ्न माता कैकई को भरा बुला कहते हैं। वह प्रजा के साथ भगवान राम को मनाने वन को जाते हैं। इसके उपरांत भगवान राम लक्ष्मण एवं भरत मिलाप की शोभायात्रा की झांकियां नगर में बैंड बाजे के साथ निकाली गई। रात्रि में पंचवटी में राक्षसी शूर्पणखा के लक्ष्मण द्वारा नाक कान काटने एवं रावण द्वारा सीता के हरण की रामलीला का मंचन किया गया।



नगर में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल कलाकार। ● अमृत विचार



पौडा खेड़ा में रामलीला में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

### नगर व देहात में रामलीलाओं का मंचन जारी

**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी नगर व देहात क्षेत्र में रामलीलाओं का मंचन का दौर जारी है। देर रात तक महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में रामलीलाओं का मंचन देखने पहुंच रहे हैं। नगर के ऐतिहासिक मंदिर पौडा खेड़ा में सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित रामलीला मंचन में कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही है। इसके अलावा राजमहल में राज परिवार द्वारा रामलीला का मंचन हर वर्ष की भांति कराया जा रहा है जिसमें झांसी से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसके अलावा देहात क्षेत्र के गांव भिडवारी में भी रामलीला का मंचन जारी है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष नवजीत चौधरी, विक्की चौधरी, भारत सिंह, उमेश कुमार, ओम सिंह, प्रदीप सिंह आदि ने सहयोग किया। इसके अलावा सतारन, स्योंडारा , अमरपुर काशी में भी रामलीलाओं का मंचन जारी है।

### मुखियापुर नवादा में फिर दिखा तेंदुआ, दहशत

**कांठ, अमृत विचार:** शनिवार की रात फिर कांठ क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुखियापुर नवादा के गांव में सिंचाई विभाग के कार्यालय के पास जंगलों में ग्रामीणों ने तेंदुआ देखे जाने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने बाद में इकट्ठे होकर गांव के जंगल में जाकर देखा, लेकिन फिर तेंदुआ कहीं दिखाई नहीं दिया। ऐसे में ग्रामीणों में तेंदुए को लेकर दहशत बनी हुई है। दूसरी ओर चेतरामपुर मार्ग पर रविवार की देर शाम चेतरामपुर निवासी फईम दूधिया को मार्ग पर तेंदुआ दिखाई दिया। कुछ समय तक वह दूधिया सड़क पर ही खड़ा रहा। जब तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया, तब वह दूधिया अपने गांव वापस गया। उसने अनेक किसानों से तेंदुए के बारे में बताया कि जब भी इस मार्ग पर जाएं तो देखभाल कर जाएं। इससे पूर्व ग्रामीणों ने रेलवे क्रॉसिंग 433 सी से मुख्तियारपुर नवादा तक सोलर लाइट लगवाने की मांग कर चुके हैं।

# तीन तलाक, दहेज उत्पीड़न में पति सहित आठ पर रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- एडीजी बरेली जोन के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दहेज में पांच लाख व कार की मांग करते हुए विवाहिता को उत्पीड़न करने व तीन तलाक देने की शिकायत पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर पति सहित आठ लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मस्तल्लीपुर निवासी चांद बी ने एडीजी बरेली जोन को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 13 सितंबर 2023 को वसीम पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम रेहड़, बिजनौर के साथ हुई थी। आरोप है कि पति वसीम, सास कमर जहां, ससुर निजामुद्दीन, देवर हफीम उर्फ सोनू , इमरान उर्फ मान, फहीम ननद महक, हिना पत्नी अनस शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे। सभी दहेज में पांच लाख व कार की मांग करते हुए उसका उत्पीड़न कर रहे थे। ससुरालवालों ने एक राय होकर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। तबसे वह अपने मायके में रह रही थी। बाद में ससुरालीजनों व पति ने वहां आकर मारपीट की, साथ ही पति ने तीन तलाक दे दिया। सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले अन्य आरोपी भाग गए। पुलिस ने मौके से पति वसीम को हिरासत में लेकर थाने ले आई, मगर बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। जिस पर विवाहिता ने उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। एडीजी बरेली जोन के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पति सहित आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


मां स्कंदमाता जी की आरती
जय तेरी हो स्कंद माता।
पांचवां नाम तुम्हारा आता॥
सबके मन की जानन हारी।
जग जननी सबकी महतारी॥
तेरी जोत जलाता रहू मैं।
हरदम तुझे ध्याता रहू मै॥
कई नामों से तुझे पुकारा।
मुझे एक है तेरा सहारा॥
कही पहाडों पर है डेरा।
कई शहरों में तेरा बसेरा॥
हर मंदिर में तेरे नजारे।
गुण गाए तेरे भक्त प्यारे॥
भक्ति अपनी मुझे दिला दो।
शक्ति मेरी बिगड़ी बना दो॥
इंद्र आदि देवता मिल सारे।
करे पुकार तुम्हारे द्वारे॥
दुष्ट दैत्य जब चढ़ कर आए।
तू ही खंडा हाथ उठाए॥
दासों को सदा बचाने आयी।
भक्त की आस पुजाने आयी॥
शुभ नवरात्रि


!! जय माँ भगवन्तपुर वाली !!
दीवाना
एण्ड पार्टी
माँ भगवती जागरण
माता की चौकी, शिव जागरण
बालाजी जागरण
शिव विवाह, आदि के लिए
सम्पर्क करें
संचालक-
कपिल दीवाना
9837785085
ऑफिस - पंजाब बैंक के सामने, बहजोई


एकांश कठैरिया
उर्फ किट्टू
नवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
यश कठैरिया एंड सन्स ज्वैलर्स
होममार्क सोना व चाँदी के फैंसी आभूषणों के विक्रता
गोल मार्केट, रेलवे रोड, बहजोई (संभल)
गिरीश चन्द्र कठैरिया
सर्राफ
यश कुमार कठैरिया
उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल
नगर अध्यक्ष (युवा)
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य-अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन

### एक नजर

## गेट लगाने के विरोध पर विधवा को पीटा, रिपोर्ट

**केमरी, अमृत विचार :** गेट लगाने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने विधवा को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 3 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना केमरी क्षेत्र के गांव रास डंडिया निवासी आरती देवी के पति की मृत्यु हो चुकी है। उसके 3 बच्चे हैं। वह गांव के ही निजी इंटर कॉलेज में आया का कार्य करके अपने परिवार का पालन पोषण करती है। पीड़िता का कहना है कि गांव निवासी वीरेंद्र, रूप किशोर तथा गुड्डी जबरन उसके मकान की दीवार तोड़कर गेट का निर्माण कर रहे हैं। महिला ने मना किया तो तीनों ने गाली-गलौज और मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर बीच बचाव करने आई देवरानी माया देवी को भी आरोपियों ने पीट दिया। थाना प्रभारी हिमांशु चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** पति की गैर मौजूदगी में दबंगों ने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर महिला को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौकी क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उसका पति गाड़ी लेकर बाहर गया था। इस दौरान मोहल्ले का ही युवक उसके घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर मारपीट की। शोर मचाने पर युवक का भाई व पिता भी घर में घुस आए और तीनों मिलकर मारपीट की। इस दौरान महिला का पति आ गया। आरोपियों ने उसके पति को भी लाठी-डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### छेड़छाड़ की वीडियो बना रही महिला से युवक ने मोबाइल छीना

**मसवासी, अमृत विचार :** बस के इंतजार में खड़ी दो महिलाओं से कुछ युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। महिलाओं ने युवकों की हरकत की वीडियो बनानी शुरू कर दी। इस दौरान एक युवक महिला का मोबाइल छीन भाग गया। रविवार की शाम मसवासी चौराहे पर बाजपुर जाने वाली बस के इंतजार में खड़ी दो महिलाओं से बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिलाओं ने विरोध करते हुए आरोपी की वीडियो बनाने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी उनका मोबाइल छीन कर भाग गया। पीड़ित महिलाएं स्वार कोतवाली में तहरीर देने की बात कहकर चली गईं।

### रजा लाइब्रेरी के 250 वर्ष पूरे होने पर बच्चों ने पेश किया भांगड़ा

# आज कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगी राज्यपाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी के 250 वर्ष पूर्ण होने पर 7 अक्टूबर को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ऑन लाइन जुड़ेंगी। हालांकि, पूर्व में उनका रामपुर आने का कार्यक्रम था। लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र की उनसे बात भी हो चुकी थी। लेकिन, किसी कारणवश वह सोमवार को रामपुर नहीं आ सकेंगी। रविवार को रजा लाइब्रेरी के मंच पर स्कूली बच्चों ने डांडिया, राजस्थानी नृत्य और भांगड़ा प्रस्तुत करके समां बांध दिया। निदेशक ने कहा कि हम इन बच्चों को ऐसी शिक्षा दें कि यह भारतीय संस्कृति को आत्मसात कर देश को उन्नति के मार्ग पर ले जायें।

रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय के 250 वर्ष पूर्ण होने पर पुस्तकालय परिसर में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन 7 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों की शाम रजा पुस्तकालय के नाम कार्यक्रम में दयावती मोदी एकेडमी के बच्चों ने डांडिया, राजस्थानी, पंजाबी डांस, ग्रुप गीत, सोलो नृत्य तथा नारी शक्ति का प्रदर्शन किया। निदेशक ने दयावती मोदी एकेडमी के बाल कलाकारों को रजा पुस्तकालय की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि रामपुर वासी रजा पुस्तकालय परिवार के अंग हैं। वह इतनी तल्लीनता और भावपूर्ण ढंग से कार्यक्रमों के प्रत्येक कलाकार को प्रोत्साहित करते हैं। इससे यह महोत्सव सफलताओं की ऊंचाइयों को छू रहा है। 7 अक्टूबर को राज्यपाल के रामपुर आने का कार्यक्रम था। निदेशक ने बताया था कि राज्यपाल ने रामपुर आने की स्वीकृति दे दी थी। किसी कारणवश वह सोमवार को रामपुर नहीं आ पाएंगी लेकिन, ऑनलाइन जुड़ी रहेंगी।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

# युवतियों पर सरेराह फब्तियां कसने का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चौराहे पर खड़े होकर आने-जाने वाली युवतियों पर फब्तियां कसना युवक को भारी पड़ गया। महिला दरोगा ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बिलासपुर थाने में तैनात महिला दरोगा आकांक्षा शनिवार की शाम अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। मनिहार चौराहे पर एक युवक आने-जाने वाली युवतियों पर फब्तियां कस रहा था। इससे परेशान होकर युवतियां दूसरे रास्ते से जा रही थीं। पुलिस को देख युवक सकपका गया। महिला दरोगा युवक को पकड़ कर उसको थाने ले आई। महिला दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक गुरदास सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसआई आकांक्षा ने बताया कि पुलिस को इससे पहले गुरदास की कई बार शिकायत मिल चुकी थी।

### दरवाजे पर खड़ी महिला से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**सैफनी, अमृत विचार :** दरवाजे पर खड़ी महिला से 3 लोगों ने छेड़खानी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सैफनी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि गांव का ही भूरा उससे रंजिश रखता है। 7 सितंबर को भी आरोपी ने उससे गाली गलौज की थी। उस समय लोगों ने मामले को शांत करा दिया था। लेकिन 6 दिन बाद वह दरवाजे पर खड़ी थी। तब आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए छेड़खानी की। पुलिस ने भूरा, आरिफ और आलिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पंजाब के बठिंडा में युवक की करंट से मौत

## बठिंडा में होटल चलाता था नगलिया का नसरुद्दीन, होर्डिंग हटाने के दौरान हादसा

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** पंजाब के बठिंडा शहर में नगलिया आकिल गांव निवासी युवक की होर्डिंग हटाने की दौरान करंट लगने से मौत हो गई। युवक बठिंडा में होटल चलाता था और देर रात हादसे का शिकार हो गया। परिजन रविवार को उसका शव घर लेकर पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया।



नसरुद्दीन (फाइल फोटो)

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल निवासी 25 वर्षीय नसरुद्दीन पंजाब के बठिंडा शहर में बिरयानी का होटल चलाता था। शनिवार की रात करीब 10 बजे वह अपने होटल की छत से होर्डिंग उतार रहा था। बताते हैं कि होर्डिंग उतरते समय नसरुद्दीन छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इससे उसे बिजली का तेज झटका लगा और वह दूर जाकर गिरा।

यह देख आसपास मौजूद तमाम लोग मौके पर एकत्र हो गए। कुछ लोग आनन-फानन में छत पर पहुंचे और किसी युवक को नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन तत्काल बठिंडा के लिए रवाना हो गए। रविवार को दोपहर बाद परिजन नसरुद्दीन का शव लेकर गांव पहुंचे तो एक बार फिर परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार की शाम युवक को दफन कर दिया गया।

### दो साल पहले ही हुआ था युवक का निकाह

पंजाब में रहकर बिरयानी का होटल चलाने वाले नसरुद्दीन का निकाह दो साल पूर्व ही हुआ था। परिजनों ने बताया कि उसका एक बच्चा भी है। नसरुद्दीन की मौत की खबर मिलते ही परिजन शनिवार की देर रात ही बठिंडा के लिए रवाना हो गए थे। रविवार को उसका शव लेकर परिजन गांव पहुंचे तो पूरा गांव उसके घर उमड़ पड़ा। उसकी पत्नी, बच्चे और अन्य परिजन शव से लिपटकर बुरी तरह बिलखने लगे। परिवार वालों का करुण क्रंदन देख मौके पर मौजूद रह शख्स की आंखें नम हो गईं। देर शाम शव को दफन कर दिया गया।

# करंट लगने से मिलक खानम के युवक की दिल्ली में मौत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** दिल्ली के जाफराबाद इलाके में कोट पेंट के कारीगर की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मिलक खानम थाना क्षेत्र के गांव कुम्हारिया कलां का निवासी था।



जावेद (फाइल फोटो)

मिलक खानम थाना क्षेत्र के गांव कुम्हारिया कला निवासी अकील अहमद का 22 वर्षीय पुत्र जावेद दिल्ली के जाफराबाद की गली नंबर 23 में कोट पेंट के कारखाने में कारीगर था। रविवार की सुबह वह कपड़ों पर प्रेस कर रहा था। इस दौरान करंट लगने से वह बेहोश हो गया। कारखाने में काम करने वाले साथी उसे स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार की दोपहर बाद परिजन जावेद का शव लेकर गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया।

## किशोरी की आत्महत्या में हर पहलू पर जांच कर रही पुलिस

**रामपुर, अमृत विचार :** किन्नरों से तंग आकर कब्रिस्तान में पेड़ से लटक कर किशोरी द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। हालांकि, परिजन सोमवार को किशोरी अमरीन का तीजा करेंगे।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव बगरौआ निवासी अली अहमद की 17 वर्षीय बेटी अमरीन में किन्नरों वाले गुण थे। परिजनों ने बताया कि 8 दिन पहले किन्नरों का एक समूह गांव आया था। किशोरी से मिलने के बाद किन्नर उसे अपने साथ चलने की बात कहने लगे। किन्नरों ने कहा कि किशोरी हमारी नस्ल की है, हम इसे अपने साथ ले जाएंगे। इससे किशोरी डर गई थी और गुमसुम रहने लगी थी। किशोरी ने गांव के कब्रिस्तान में पेड़ पर फंदे से लटक कर जान दे दी थी। पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। सीओ टांडा कीर्ति आनंद ने बताया कि वीडियो में किशोरी के हाथ बंधे थे। लेकिन, जब पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा तो उसके हाथ खुले हुए थे। उन्होंने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# मिलक में दबंगों ने बिना अनुमति ग्राम समाज की जमीन से हरे पेड़ काटे

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** दबंगों ने बिना अनुमति के ग्राम समाज की जमीन पर खड़े पेड़ काट लिए। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने पेड़ काटने के बारे में पूछा तो दबंग लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ कर भाग गए। रविवार को लेखपाल ने ट्रैक्टर-ट्राली ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दी है। डीएफओ ने बताया कि मामले में रेंजर, वन दरोगा, चौकीदार और ठेकेदार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

मामला खुटिया करीमगंज गांव का है। यहां ग्राम समाज की जमीन पर काफी पुराने पेड़ थे। वन विभाग के निवेदन करने पर ग्रामवासियों ने इस जमीन को नर्सरी तैयार करने के लिए वन विभाग को दे दिया था। सरकार द्वारा गांवों में युवाओं और बच्चों को खेलने के लिए स्टेडियम तैयार कराए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव इस जमीन को स्टेडियम बनवाने के लिए प्रस्तावित कर चुके हैं। इसके चलते ग्राम प्रधान ने एक वर्ष पूर्व वन विभाग से जमीन खाली करने का आग्रह किया था। वन विभाग ने जुलाई में जमीन करने का आश्वासन दिया था। लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने जमीन से कब्जा नहीं हटाया। डीएफओ की बिना अनुमति के वन रेंजर ने ठेकेदार से ग्राम समाज की जमीन पर खड़े पेड़ काटने को कह दिया। इस पर शुक्रवार और शनिवार को ठेकेदार ने पेड़ों को काट दिया। शनिवार को ग्राम प्रधान को पता चला तो वह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ठेकेदार से पेड़ काटने की अनुमति दिखाने को कहा। इस पर ठेकेदार लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर भाग गए। ग्राम प्रधान नितेश गंगवार ने तहसील प्रशासन से इसकी शिकायत की। तब रविवार को मौके पर पहुंचे लेखपाल ने कटान को अवैध बताते हुए लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दी।



ट्रैक्टर-ट्राली में लदी लकड़ी।

- ग्राम प्रधान द्वारा जानकारी करने पर ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर भाग गए आरोपी
- लेखपाल ने ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली

> ग्राम समाज की जमीन से हरे पेड़ काटने का मामला संज्ञान में नहीं है। बिना अनुमति के वन रेंजर ने ग्राम समाज की भूमि से हरे भरे पेड़ कैसे कटवा दिए। रेंजर, वन दरोगा, चौकीदार व ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।
>
> –राजीव कुमार, डीएफओ

# बाबा अनूप सिंह निर्दोष, उन्हें फंसाने की निंदा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** रविवार को सिख समाज ने बैठक करके उत्तराखंड सरकार से बेकसूर लोगों पर अन्याय न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाबा अनूप सिंह निर्दोष हैं। उन्हें साजिशन फंसाया जा रहा है। सिख समाज इस कृत्य की निंदा करता है।

क्षेत्र के गांव नवाबगंज स्थित गुरुद्वारा श्री हरगोविन्द सर साहिब में एक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के सिख समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। उन्होंने उत्तराखंड के नानकमत्ता में हुए हत्याकांड में बाबा अनूप सिंह को साजिशन फंसाने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा अनूप सिंह को षड्यंत्र के आधार पर फंसाया जा रहा है। सिख समाज इसकी खुले तौर पर निंदा और आलोचना करता है। साथ ही उत्तराखंड सरकार एवं प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करता है।

कहा कि पूर्व में सिख संगत एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उत्तराखंड शासन-प्रशासन के उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया था। उन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन भी दिया था। लेकिन इसके बावजूद एक अक्टूबर को उत्तराखंड पुलिस ने गुरुद्वारा नवाबगंज में बाबा अनूप सिंह के विरुद्ध कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया। सिख संगत इसका विरोध करती है। मामले की जांच किसी उच्च स्तरीय एजेंसी से कराने की मांग करती है। कार्यक्रम में हरजीत सिंह, लखविंदर सिंह, दलबारा सिंह, जसवीर सिंह, सर्वदयाल सिंह, इकबाल सिंह, अवतार सिंह, अर्जुन सिंह गिल, दिलबाग सिंह, तजेंद्र सिंह विर्क, नवदीप सिंह नब्बी, मलकीत सिंह, परमजीत सिंह सहित आदि रहे।



कार्यक्रम में शामिल सिख समुदाय के लोग।

- उत्तराखंड सरकार से की बेकसूर लोगों पर अन्याय न करने की अपील

# कृषि राज्यमंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने गांव डिबडिबा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उनके शीघ्र समाधान कराने का लोगों को आश्वासन दिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

रविवार की शाम छह बजे गांव डिबडिबा स्थित दुर्गा मंदिर में कृषि राज्यमंत्री ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि चौपाल के माध्यम से मेरा मकसद जनता के बीच रहकर उनकी समस्या का त्वरित समाधान कराना है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी किसी भी काम के लिए पैसे की मांग करता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। चौपाल में सर्वाधिक बिजली विभाग, राशन विभाग, चकबन्दी विभाग से सम्बन्धित शिकायतें मिलीं। कृषि राज्यमंत्री ने एक सप्ताह के भीतर अधिकारियों को इनका निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ रवि खोखर, तहसीलदार निश्चय कुमार, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह, बीडीओ राजेश कुमार सिंह, एडीओ पंचायत सलीम हुसैन, एडीओ आलोक सक्सेना, अरविंद कुमार, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, रुद्र बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी शाकिब खां, राजवीर, सूरज कुमार, देवराज सिंह, कुलदीप भटनागर आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

- गांव डिबडिबा में किया गया चौपाल का आयोजन
- समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का दिया आश्वासन

### सार संक्षेप

## दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** कार्यालय में घुसकर युवक से 2 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने पकड़ लिया। कुछ दिन पहले सिविल लाइन थाने में एक युवक ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 23 सितंबर को कुछ लोग उसके आफिस में घुस आए। आरोपियों ने उससे 2 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 4 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शनिवार की रात पुलिस ने ताशका के पास से वसीम पुत्र अहमद खान निवासी कोठी जब्बार खां को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## किशोरी के अपहरण में युवक पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** बहला फुसलाकर किशोरी का अपहरण करने में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि उसकी 15 वर्षीया बेटी का 3 अक्टूबर को पड़ोस में ही रहने वाले शाहवेज ने अपहरण कर लिया। शिकायत करने पर आरोपी के परिजनों ने पुलिस के पास जाने से मना किया। इसके बाद युवक और उसके परिजन फरार हो गए। तब किशोरी की मां ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी शाहवेज के खिलाफ किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी और किशोरी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## भाजपा नेता ने पुलिस पर लगाया घूस मांगने का आरोप

**मसवासी, अमृत विचार :** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला संयोजक शिशुपाल सागर ने स्वार और मसवासी पुलिस पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत एसपी से की है। क्षेत्र के गांव मिलक-भूबरी निवासी शिशुपाल सिंह ने एसपी को भेजे गए पत्र में कहा है कि उनका गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया था। आरोपियों ने शिशुपाल सिंह और उनके ताऊ पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। उनकी पत्नी से भी गाली-गलौज की थी। मामले की शिकायत मसवासी चौकी व स्वार कोतवाली पुलिस से की थी। कई दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा नेता ने मुकदमा दर्ज करने की एवज में स्वार और मसवासी चौकी पुलिस पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।

## युवती को भगाकर ले जाने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**मसवासी, अमृत विचार :** घर में अकेली युवती को बहला-फुसलाकर युवक अपने साथ ले गया। युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ स्वार कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला स्वार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। परिजन किसी कार्य से बाहर गए थे। घर में युवती को अकेला पाकर युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश करने पर भी युवती नहीं मिली। युवती के पिता ने स्वार कोतवाली में आरोपी नावेद पुत्र गुलाम नबी निवासी ग्राम कांकरखेड़ा थाना डिलारी जिला मुरादाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## साइबर क्राइम से बचने के बताए उपाय

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह ने महिलाओं व बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए और पॉस्को एक्ट की जानकारी दी। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया। रविवार को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थाना गंज क्षेत्र के सैजनी नानकार और मोहल्ला पहाड़ी गेट पर कार्यक्रम हुआ। महिला उपनिरीक्षक सुशीला कुमारी ने महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा के बारे में बताया। इसके अलावा जनकल्याणकारी योजनाओं में वृद्धा व विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे जानकारी देकर जागरूक किया।

## कंबाइन और ट्रैक्टर से 3 बैट्री चुरा ले गए बदमाश

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव मिलक खौद में चोरों ने एक कंबाइन सहित ट्रैक्टर की बैट्री चोरी कर ली। वाहन स्वामियों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इससे पूर्व भी बाजार खाता में 3 ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी हो चुकी हैं।

शनिवार देर रात चोरों ने मिलक खौद में घर के बाहर खड़ी धान काटने वाली हाजी नामे अली की कंबाइन से 3 बैटरी और सर्व हितकारी इंटर कॉलेज के अध्यापक अशोक कुमार चंद्रा के ट्रैक्टर से बैट्री चुरा ली। रविवार की सुबह इन लोगों को घटना का पता चला। इससे उनमें हड़कंप मच गया।

गौरतलब है कि चोरों ने 15 दिन पूर्व भी बिजारखाता में 3 ट्रैक्टरों से बैट्री चुरा ली थीं। पुलिस ने इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष है।

**मौसम** रात में हुई मामूली बूंदाबांदी के बाद भी खत्म नहीं हुआ गर्मी का असर

# अक्टूबर में भी कम नहीं हुई गर्मी, 32 डिग्री पहुंचा पारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अक्टूबर में भी गर्मी का अहसास कम नहीं हो रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि, आर्द्रता 63 प्रतिशत रही। इसके कारण लोग पूरे दिन पसीना-पसीना होते रहे। रविवार की सुबह हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इसके बावजूद गर्मी का अहसास कम नहीं हुआ। बूंदाबांदी से खरीफ की फसलों को लाभ का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम का मिजाज नहीं बदल रहा है।

हल्की वर्षा के बाद सुबह के वक्त हल्की सी ठंड और फिर पूरे दिन तेज धूप से लोग व्याकुल रहे। रविवार की शाम अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार रहा। पूरे दिन गर्म हवा चलती रही। हर किसी की जुबान से बस यही निकल रहा था कि इतनी गर्मी अक्टूबर में पहले कभी नहीं देखी। मौसम की तल्खी से बीमारियां भी बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल में रविवार को भी इमरजेंसी में 600 से अधिक मरीज पहुंचे। सितंबर में भी लोग गर्मी से हलकान होते रहे। लोगों को उम्मीद थी अक्टूबर में मौसम खुशगवार हो जाएगा। लेकिन, अक्टूबर में भी मार्च-अप्रैल जैसा अहसास हो रहा है। तापमान में बदलाव होता तो वायरल बुखार से भी राहत मिलने की आस थी। लेकिन अक्टूबर के हालात अभी भी गरम हैं। तड़के हल्की बूंदाबांदी होने के बावजूद दिन निकलने के साथ ही सूरज ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया।



रविवार की शाम आसमान में छाए बादल।

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 32 डिग्री सेल्सियस |
| न्यूनतम तापमान | 24 डिग्री सेल्सियस |
| आर्द्रता | 63 प्रतिशत |
| वायु वेग | 8 किमी. प्रति घंटा |

> मौसम में अगले सप्ताह से बदलाव आने का अनुमान है। रविवार को अधिकतम तापमान 32-33 डिग्री सेल्सियस रहा। इस समय ग्लोबल वार्मिंग से दुनिया जूझ रही है। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होना होगा।
>
> - डॉ. बेबी तबस्सुम, पर्यावरणविद् राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय

# श्री बाबा बंदा सिंह बहादुर की याद में सजाया दीवान

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** श्री बाबा बंदा सिंह बहादुर की याद में कार्यक्रम आयोजित कर दीवान सजाया गया। इसमें संगत ने हिस्सा लेकर मत्था टेका और अरदास की।

नैनीताल हाईवे स्थित गांव पंजाबनगर में श्री गुरुद्वारा परिसर में सुबह से ही सिख संगत आनी शुरू हो गई। यह सिलसिला दिनभर चलता रहा। सुबह नित नेम के पाठ और आसा दी वार के कीर्तन के बाद गुरुद्वारे में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को जयकारों के साथ गुरुद्वारा परिसर में ही बनाए गए एक विशेष पंडाल में ले जाकर प्रकाश मान किया गया। इसके बाद वहां अरदास हुई और गुरु की हजूरी में दीवान आरम्भ किया गया। दीवान में शामिल होने आए लोगों द्वारा मत्था टेक कर अरदास करने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। इस दौरान जत्थों ने शबद-कीर्तन कर संगत को निहाल किया। दिनभर चले धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा पूरा दिन गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। व्यवस्था में सुभाष बाबा, सुखदेव सिंह, बलवंत सिंह मिंटू, जोगिंदर सिंह, सतनाम सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह मामा, रंजीत सिंह, जोगिंदर बाबा, दलजीत सिंह, अवतार सिंह आदि शामिल रहे।



गुरुद्वारे में शबद-कीर्तन से संगत को निहाल करता रागी-जत्था।

# श्रद्धालुओं ने की मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना

## शारदीय नवरात्र के चौथे दिन किया दुर्गा सप्तशती का पाठ, मां को अर्पित किए फल व मेवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन रविवार को श्रद्धालुओं ने मां के कूष्मांडा की पूजा-अर्चना कर मंगलकामना की। घरों में पूजा करने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर भी मां की आराधना की।

रविवार को भक्तों ने माता के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की। सुबह स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने घरों में विधिवत पूजन किया। इसके बाद दुर्गा चालीसा और आरती की। अज्ञारी में कपूर-लौंग के साथ पूजन किया। काफी भक्तों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया। इसके साथ ही मेवे और फल अर्पित कर कपूर से मां की आरती की। माता को लौंग और पुष्प भी अर्पित किए। श्री त्रिपुरेश्वरी शक्ति पीठ, मनोकामना मंदिर, प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर, श्री हरि मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, माई का थान, दत्तराम शिवालय में पूजा-अर्चना की गई। घरों में काम से निपटने के बाद दोपहर में महिलाओं ने मंदिरों में माता के छंद गए। दिन छिपने के बाद माता की आरती करके उपवास खोला।



रविवार को मंदिर में माता के भजन गातीं महिलाएं।

### मंदिर में माता का किया श्रृंगार

अग्रवाल धर्मशाला में पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने चौथे दिन मां कूष्मांडा देवी को प्रसन्न करने के लिए पूजा-पाठ करने के साथ ही उनका श्रृंगार किया। इसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी जीवन शैली को अमृतमयी सुख स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए यज्ञ, अनुष्ठान, जप व पूजा की। पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने दुर्गा चालीसा के साथ ही गणेश वंदना भी की। अनेक भक्तों ने मां आदिशक्ति कूष्मांडा देवी को फल, मेवा, मिष्ठान पान, सुपारी, लौंग, इलायची, माखन, मिश्री अर्पित किए। इसके बाद महिलाओं ने माता के छंद गाए।



मंदिर में आरती में शामिल भक्त।

### मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा की हुई आराधना

बिलासपुर, अमृत विचार : शारदीय नवरात्र के चौथे दिन क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा की आराधना की। श्रद्धालुओं ने परिवार की कुशलता के लिए कामना भी की। रविवार को नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने माता का भव्य श्रृंगार किया। मोहल्ला डाम कालोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, मोहल्ला कायस्थान स्थित मढ़ी वाला मंदिर, माता मनोरमा मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रामपुर रोड पर शिव मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। डाम कालोनी में मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर में पुजारी सरोज ने दुर्गा सप्तसती का पाठ किया। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में माता के भजन और छंद गाए। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

## एक नजर

### इंचार्ज अध्यापकों को मिलेगा हेडमास्टर के समान वेतनमान : विपेंद्र

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की टीम के नेतृत्व में गौरव गंगवार और अन्य 44 लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। शिक्षकों ने दावा किया कि उन्हें प्रधानाध्यापक के समान वेतनमान व अन्य भत्ते दिए जाएं। क्योंकि उनसे लगातार इंचार्ज अध्यापक के रूप में एक प्रधानाध्यापक का कार्य लिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दो माह के अंदर इस पर उचित आदेश पारित करना होगा। हाईकोर्ट के आदेश से शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत के अनुसार प्रधानाध्यापक का वेतन मिलने की संभावना बढ़ गई है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री विपेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पद पर 14 वर्ष व प्राथमिक विद्यालयों में 8 वर्ष से पदोन्नति नहीं हुई है। जबकि पदोन्नति की न्यूनतम समय सीमा 5 वर्ष है। जिला महामंत्री ने कहा कि कोर्ट के आदेश का लाभ अमितपाल, बृजवीर सिंह, अनिल कुमार, पंकज पड़ालिया, पवन सक्सेना, राजेंद्र सिंह, मुकुल शर्मा, सुम्बुल जबी, मीना गंगवार, मरियम बी, मीना गंगवार, पिंकी गंगवार, ज्योति गंगवार, नीरू शर्मा, प्रीती पंवार आदि को मिलेगा।



केमरी में प्रदर्शन करते किसान।

# गड्ढों की मरम्मत को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसानों की पंचायत नगर स्थित कार्यालय पर हुई। इसके बाद किसान अपनी मांगों को लेकर मिलक बिलासपुर रोड पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से केमरी पीलाखार डैम मार्ग में गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनसे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

किसानों ने रविवार को प्रदर्शन के बाद कहा कि डैम मार्ग के गड्ढों को सिंचाई विभाग जल्द से जल्द ठीक कराए। वरना भारतीय किसान यूनियन सिंचाई विभाग के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। जिला महासचिव रईस अहमद ने कहा कि कुछ ढोंगियों ने देश का माहौल खराब कर रखा है। भाईचारे को बर्बाद कर रहे हैं। दिलों में नफरत पैदा कर रहे हैं।

ऐसे लोग देश के लिए खतरा हैं। प्रदर्शन करने वालों में जमील अहमद, हजरत नूर, नासिर अली, खलील अहमद, अकील अहमद, सादिक अहमद, हारून खान, दानिश अली, अनु रोहिल्ला, शफीक अहमद, शकील अहमद, मोहम्मद जमील, सगीर अहमद, अमन सिंह, मुन्ना अली, नाजिम अली, समीर अहमद, फैज, सूरजपाल, फरजंद अली आदि शामिल रहे।

# श्री राम से मिलने चित्रकूट रवाना हुए भरत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोसी मार्ग पर चल रही रामलीला में भरत का चित्रकूट प्रस्थान, पादुका प्राप्ति, जयंत लीला, अनुसुईया मिलन का मचन किया गया। दर्शक आधी रात तक श्री रामलीला मंचन का आनंद लेते रहे।

रविवार को कोसी मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर चल रहे मंचन का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सना खानम, समाज सेवी मामून शाह खां और एसके अग्रवाल ने किया। कमेटी की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रामलीला मंडल मथुरा के कलाकारों ने मंचन किया। मंचन देख दर्शक अभिभूत हो गए। श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर की ओर से शनिवार को वन गमन, चित्रकूट निवास, सुमंत आगमन, दशरथ निधन और भरत आगमन का मंचन हुआ। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, शांति शरण राठौड़, मनोज कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पंकज गर्ग, सुदर्शन लाल गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, मनोज कुमार अग्रवाल, गौरव जैन, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा सिविल लाइन में कैकेयी-मंथरा सवांद, दशरथ प्रतिज्ञा का मंचन किया गया। जबकि ज्वालानगर में सुतिक्षण मिलन, पंचवटी निवास आदि का मंचन किया गया।



श्रीराम के पैर छूकर आशीर्वाद लेते भरत।

### राम-केवट संवाद देख दर्शक हुए मंत्र मुग्ध

**स्वार, अमृत विचार :** श्री रामलीला मंचन में श्रीराम-निषाद मिलन और राम-केवट संवाद देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। श्रीराम के जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो उठा। श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार की साप्ताहिक बाजार स्थित रामलीला मैदान में शनिवार की रात श्रृंगवेरपुर में श्रीराम-निषाद का मिलन, श्रीराम-केवट संवाद, भारद्वाज एवं ऋषि वाल्मीकि से भेंट, चित्रकूट निवास, श्रवण चरित्र और दशरथ मरण का लीला का मंचन किया गया। इस मौके पर श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कपिल वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष अजेंद्र राठौर, दीप सिंह राही, प्रदीप राजहंस, मुनीश गुप्ता, गौरव कुमार, महेंद्र दीवान, रमेश सैनी, राकेश लोधी आदि मौजूद रहे।





युवाओं का पार्टी में स्वागत करते जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन।

# युवाओं को मिल रहा रोजगार : शाहिद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल भारत रत्न चरण सिंह की नीतियों पर चलते हुए आगे बढ़ रहा है। यह दल नहीं एक परिवार है। इसमें किसान, मजदूर सभी को बराबर का दर्जा मिलता है। हमारे नेता जयंत चौधरी केंद्र सरकार में कौशल विकास एवं शिक्षामंत्री हैं। इससे देश भर में बड़े पैमाने पर युवकों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

रविवार को राष्ट्रीय लोक दल की बैठक सिविल लाइन स्थित जिला कार्यालय पर हुई। जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने नोमान अख्तर खान, सभाहत खान, फहीम खां, जुनैद खान, आसिफ खान, इमरान खान, जाकिर खान, फिरोज खान, परवेज खान आदि को राष्ट्रीय लोक दल में शामिल किया। इसके बाद सभी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारे नेता जयंत चौधरी ने हमेशा गरीब किसान, मजदूरों, युवाओं की आवाज को बुलंद किया है। अध्यक्षता नवाब खां व संचालन अरबाज खान ने किया।

# राम बरात में शामिल झांकियों ने मन मोहा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शिवधनुष भंजन मंचन के बाद राम विवाहोत्सव की श्रृंखला में श्रीराम की बरात नगर में बड़े धूमधाम से निकाली गई। भारी संख्या में भक्त श्रीराम बरात में शरीक होकर जमकर नाचे। श्री राम बरात में शामिल झांकियां समापन तक लोगों का मन मोहती रहीं।

सनातन धर्म श्री रामलीला सभा की ओर से आयोजित रामलीला की चौथी रात शिवधनुष भंजन के साथ ही राम बरात की तैयारियां भी शुरू हो गईं। ठाकुरद्वारा मंदिर से प्रारम्भ होकर झांकियां पहले कोतवाली के गेट पर इकट्ठा हुईं। सीओ और कोतवाल ने फीता काटकर बरात को रवाना किया। बरात मेन मार्केट, बजरंग चौक, बंगाली तिराहा एवं नगर पंचायत कार्यालय से होकर रामलीला स्थल पर पहुंची। इस दौरान झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। श्रीराम के रामलीला स्थल पर पहुंचने के बाद माता सीता के कन्यादान के दृश्य का मंचन किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी संगम कुमार, कोतवाल पंकज पंत, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, एमएलसी के प्रतिनिधि महेश कुमार गुप्ता, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, देवेंद्र अग्रवाल, केशव गुप्ता, मंजू लता शर्मा, भूकन लाल, मयंक अग्रवाल, सुमित भटनागर, कन्हैया लाल शर्मा आदि शामिल रहे।



श्री राम बरात का फीता काटकर शुभारंभ करते क्षेत्राधिकारी व कोतवाल।

- नगर पंचायत कार्यालय से होकर रामलीला स्थल पर पहुंची बरात



घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते भाजपाई।

# घर-घर जाकर लोगों को ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान को गति देते हुए नगर विधानसभा के बूथों पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल एवं जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

इस दौरान लोगों से घर-घर जाकर संपर्क किया गया। लोगों को ऑनलाइन रेफरल कोड द्वारा व 8800002024 नंबर पर कॉल करके भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का कार्य किया गया। जिले से लगभग 3 लाख सदस्य बनाए जा चुके हैं। सभी जनप्रतिनिधि, जिला व मंडल पदाधिकारी एवं बूथ तक का कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्र में महा सदस्यता अभियान चलाया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, शिवा शर्मा, दिनेश शर्मा, विवेक विश्नोई, माखन लाल सैनी, शंकर लाल सैनी, झमन लाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मेडल के साथ मौजूद बच्चे व अभिभावक।

# कराटे में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में ओपन स्टेट टूर्नामेंट के तहत कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कई जिलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

रामपुर से महालक्ष्मी मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रतिभागियों से अन्य जिलों के प्रतिभागियों का मुकाबला हुआ। इसमें यश्वी, कांता, आरव गुप्ता, रितिक, मिशेल, आरव भट्ट, राघव, कनिष्क, सिद्धार्थ, वैभव, आर्यन, अरहत, यथार्थ, अथर्व गोल्ड ने पदक जीते। बच्चों ने अपनी इस जीत का श्रेय कोच विनीत कुमार को दिया।

# विजयी बच्चों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि शुजाउर्रहमान शम्सी ने कहा कि इंसान को इल्म जरूर हासिल करना चाहिए। कुरआन में भी इल्म की फजीलत बयान की गई है। नबी-ए-करीम ने कहा कि इल्म हासिल करने के लिए चीन जाना पड़े तो जाओ।

बिलासपुर गेट स्थित एक होटल में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कारी मोहम्मद जीशान ने कुरआन मजीद की तिलावत से किया। जबकि नात शाहनवाज ने पेश की। मोहम्मद जीशान ने कहा कि क्वीज कार्यक्रम में जिले से बड़ी संख्या में स्कूल और मदरसों के बच्चों ने हिस्सा लिया था। कामयाब बच्चों को पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि सनवे सेकेंड्री स्कूल के प्रबंधक शुजाउर्रहमान शम्सी, प्रधानाचार्य उबैद अनस शम्सी, डॉ. अनीस अहमद खां, मामून शाह खां, शाह फैसल खां मौजूद रहे। कार्यक्रम को जीशान मोहम्मद खां मुराद, डॉ. उजमा कमर, असदुल हक कैस ने भी खिताब किया। संचालन जेबा रईस ने किया।

इंग्लिश ग्रुप में रमजा जाहिद (आरपीएस) प्रथम, तसमिया नूर (ग्रीन वुड स्कूल) द्वितीय और आयत दाइम तृतीय स्थान पर रहीं। उर्दू ग्रुप में अबीरा खतीब अव्वल (तजवीद उल कुरान), नसरीन परवीन द्वितीय (जामेतुल सालिहात) और मर्यम सोम (जामेतुल सालिहात) तृतीय स्थान पर रहीं।



बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि शुजाउर्रहमान शम्सी।

- इंसान को जरूर हासिल करना चाहिए इल्म : शम्सी

## सार संक्षेप

### न्याय पंचायत स्तर पर खड़ा होगा संगठन : कमल

**रामपुर, अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जाएगा। आपसी गुटबाजी को छोड़कर संगठन को मजबूत करना है। बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना है। तुरैहा मछुआ समाज की बैठक रविवार को सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप की समाधि पर हुई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा संस्थान से लेकर विश्वविद्यालय तक प्राइवेट खुल गए हैं। सरकारी नौकरियां नाम मात्र की रह गई हैं। विश्वविद्यालयों में एससी-एसटी को नौकरी में आरक्षण मिलना चाहिए था, लेकिन नहीं मिल रहा है। कहा कि समाज के पिछड़ेपन व बेरोजगारी का मुख्य कारण समाज के बच्चों में शिक्षा की कमी है। इसके कारण समाज को किसी भी क्षेत्र में न तो सफलता मिल रही है और न ही कोई अधिकार मिल रहा है। बैठक में मेवीराम तुरैहा, भुवनेश चंद एडवोकेट, मुरारी लाल, राजीव कुमार, कमल कुमार, अर्जुन सिंह, राम प्रकाश, शिवकुमार, दिलीप कुमार, हरिद्वार लाल, मोहनलाल आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा ने किया।



बैठक में बोलते जिला अध्यक्ष कमल कुमार।

### बिलासपुर में एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सीएचसी पहुंचने से पूर्व ही गर्भवती ने एंबुलेंस के भीतर पुत्र को जन्म दे दिया। फिलहाल मां-बेटा सुरक्षित बताए जा रहे हैं। खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव अहरो निवासी गीता देवी गर्भवती थी। रविवार को अचानक प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 102 नंबर डायल कर एंबुलेंस को सूचना दी। इस पर एंबुलेंस गांव पहुंच गई। परिजनों ने गर्भवती को एंबुलेंस में बैठाया और उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाने लगे। लेकिन, रास्ते में ही गर्भवती को तेज पीड़ा होने लगी। इस पर ईएमटी वीरेंद्र सिंह ने तुरंत महिला की गाड़ी में ही सुरक्षित डिलीवरी करा दी। गर्भवती को एंबुलेंस में पुत्र की प्राप्ति हुई। बाद में महिला को सीएचसी लाया गया और दोनों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया। चिकित्साधीक्षक अजीज अंसारी ने बताया कि मां-बेटा सुरक्षित हैं।



छात्रा को डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र देकर सम्मानित करते पदाधिकारी।

### एमबीबीएस में चयन होने पर छात्रा को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** भीम आर्मी जय भीम के पदाधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक ताराचंद के आवास पर पहुंचे। उनकी बेटी कोमल का एमबीबीएस में चयन होने पर डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का चित्र देकर सम्मानित किया। कोमल का दाखिला एमबीबीएस औरेया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में हुआ है। इससे बहुजन समाज में खुशी है। संगठन ने कोमल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके पिता ताराचंद ने बहुजन समाज के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में शक्ति लाइब्रेरी खोली है। कोमल ने बताया कि डॉक्टर बनकर समाज के लिए बेहतर काम करना ही उनका लक्ष्य है। इस मौके पर राजेश खन्ना, सुरेश कुमार, अशोक बाबू, सत्यपाल सिंह बादल, राजेश कुमार, राजा राम आदि मौजूद रहे।

जयंती

भाकियू के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को किया नमन

# बाबा टिकैत ने लड़ी किसानों के अधिकारों की लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने किसानों के मसीहा कहे जाने वाले बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने किसानों को एकजुट किया।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत कैंप कार्यालय मुंडिया कलां पर हुई। जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाकियू के संस्थापक और किसानों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती पर किसानों ने उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, नरेश गंगवार, अबरार अंसारी, जगतार सिंह, विशाल गंगवार, मुस्तफा, ऊभन गंगवार, मुन्ना लाल, अय्यूब, बब्बू, सोमपाल गंगवार, सुखलाल गंगवार, टिंकू, बेनाम, सोनू, अंकित, मदन, तस्लीम आदि मौजूद रहे।



बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित करते किसान।

### किसानों के मसीहा थे चौधरी टिकैत

**रामपुर, अमृत विचार :** किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 89वीं जयंती पर रविवार को लालू नगला में पंचायत हुई। किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने अपना पूरा जीवन किसानों की सेवा में अर्पित कर दिया। आज देश का किसान महेंद्र सिंह टिकैत जैसे मसीहा की कमी महसूस कर रहा है। इस मौके पर दिनेश कुमार सागर, फकीर अहमद, शरीफ अहमद, मौअज्जम अली, फुरकान अली, एहतेशाम अली, मुबीन अहमद, सुलेमान अहमद, बब्बू, अब्दुल वारिस, नबी हसन आदि मौजूद रहे।

### चौधरी टिकैत को दिल से याद करते हैं किसान : हनीफ

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रविवार दोपहर भाकियू भानु गुट के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनीफ वारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ता मोहल्ला भट्टी टोला में एकत्र हुए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के मसीहा थे। उन्हें किसान आज भी दिल से याद करते हैं। भाकियू भानु गुट से जुड़े किसानों ने रविवार को चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई। उनके चित्र पर फूल मालाएं पहनाकर बाबा टिकैत को याद किया। इस मौके पर मोहम्मद आसिम राजा, खुशनुद अहमद, मुराद खान, नदीम खान, सिराज अहमद, मोहम्मद अहमद, फैजान अली, शादाब खान, मेहराब खान, परमजीत सिंह सहित आदि मौजूद रहे।





जिला महिला अस्पताल में कार्यक्रम में शामिल सीडीओ डॉ. नन्द किशोर कलाल।

# जिला महिला अस्पताल में मनाया कन्या जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल के निर्देश पर जिला महिला अस्पताल में रविवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल ने जिला अस्पताल में जन्मी 25 कन्याओं की माताओं को बेबी किट वितरित कीं। संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक चांद बी, मनोसामाजिक परामर्शदाता चारु चौधरी, महिला सुरक्षा दल की प्रभारी निशा सिंह आदि मौजूद रहीं।

क्षिप्रं विजानाति चिरं श्रृणोति विज्ञाय चार्थं भजते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# जयशंकर का पाकिस्तान दौरा

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने जा रहे विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर लगी है। पिछले नौ वर्षों में किसी भारतीय मंत्री की यह पहली यात्रा होगी। पिछली बार 2015 में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान का दौरा किया था।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है कि विदेश मंत्री एससीओ के इतर भी बात करेंगे कि कैसे दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधरें, कैसे दोनों देशों के बीच नफरत घटे और मोहब्बत बढ़े? विदेश मंत्री पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं वे किसी बातचीत के लिए नहीं बल्कि उनके लिए एससीओ शिखर सम्मेलन की मजबूरी के कारण पाकिस्तान जाना जरूरी है। पाकिस्तान में भी जयशंकर के दौरे को सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही उम्मीद की जा रही है कि इस यात्रा से दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने कहा कि दोनों देशों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पश्चिमी एशिया में भारी तनाव के समय पाकिस्तान और भारत को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता था। इस यात्रा के पीछे दुनिया की निगाहें होने की वजह बताई जा रही है कि पश्चिमी एशिया में इजराइल, गाजा और लेबनान के लोगों को निशाना बना रहा है। ऐसे में दोनों देशों का रुख क्या रहता है। यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिसमें क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही जिम्मेदारी और समझदारी से काम करने की जरूरत है। यात्रा पूरी तरह से कूटनीतिक है, लेकिन दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण इतिहास भी कूटनीतिकों का ध्यान खींच रहा है। दरअसल 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान में होने वाली चीन और रूस द्वारा स्थापित अंतर-सरकारी संगठन एससीओ की बैठक क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हो रही है, जिसमें चीन, रूस और मध्य एशियाई देशों के साथ कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच जिस प्रकार के रिश्ते हैं, उससे यह उम्मीद कम ही है कि कोई द्विपक्षीय बातचीत भी होगी। पिछली बार जब भारत ने एससीओ की मेजबानी की थी तो उसमें पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भाग लेने आए थे, लेकिन दोनों देशों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई थी। फिर भी सम्मेलन में जयशंकर की उपस्थिति से भारत की इस क्षेत्रीय मंच में भूमिका और प्रभाव को बल मिलेगा। कुल मिलाकर सम्मेलन में भारत की भागीदारी पाकिस्तान के साथ ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद क्षेत्रीय शक्तियों के साथ उसके चल रहे कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाती है।

# हिंदू धर्म की केंद्रीय विडंबना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ऐसा नहीं कि डॉ. आंबेडकर को ऋग्वेद के सृष्टिविषयक अन्य सूक्तों का तथा पुरुष सूक्त की भाषाई भिन्नता का इल्म नहीं था। दरअसल ब्राह्मणों में इस सूक्त की अतिशय लोकप्रियता थी जो दैनिक पूजा में इसके नियमित पाठ तथा हर मांगलिक अवसर पर इस लालित्यपूर्ण सूक्त के सस्वर गायन की परंपरा (जो अब तक चली आई है) में व्यक्त होती थी।

सनातन के सिद्धांत किसी बाध्यकारी इलहाम के बजाय वेदों के ज्ञानकांड तथा उपनिषदों एवं वैदिक षड्दर्शन पर आधारित होने के कारण अतिशय उदार, बहुलतावादी और समावेशी हैं। वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा इसी मिट्टी की उपज है। ऋग्वेद के प्रथम मंडल के 164वें सूक्त की 46 वीं ऋचा का पूर्वार्द्ध है- आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरितासउद्भिदः। (कल्याणकारी, अदम्य, अपराजेय और उत्कर्षकारी शुभ विचार सब ओर से हमारे पास आएं)षड्दर्शन में कपिल का निरीश्वर सांख्य और जैमिनि का ईश्वर-निरपेक्ष पूर्वमीमांसा दर्शन भी सम्मिलित हैं।

विचारणीय यह है कि सामाजिक जीवन में वर्णव्यवस्था की संकीर्ण, विभाजक और सोपानबद्ध व्यवस्था का बीजारोपण कैसे हुआ। पश्चिमी इतिहाकारों द्वारा प्रतिपादित और (संभवतः द्वंद्वात्मक वर्गसंघर्ष के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य के अनुरूप होने से) वाम इतिहासकारों द्वारा पुष्टीकृत वर्ण और जाति के उदय के सम्बंध में 'आर्यों' को एक भिन्न नस्ल का मानने और बाहर से आकर आक्रमण करने का सिद्धांत अद्यतन शोधों से अमान्य सिद्ध हो चुका है। रोमिला थापर जैसी शीर्षस्थ वाम इतिहासकर ने नई शोधों के आलोक में स्वीकार किया है कि आर्य कोई नस्ल नहीं थी, एक भाषायी समूह मात्र था और वर्ण एवं जाति-विभाजन बाहर से आक्रमणकारी के रूप में आए आर्यों के कारण नहीं हुआ। रोमिला थापर ने लिखा है-"यह (आर्य आक्रमण का) दृष्टिकोण भारतीय इतिहास की उपनिवेशवादी व्याख्याओं के लिए उपयोगी था, क्योंकि आर्य-विजय और अंग्रेजों की विजय के बीच सादृश्य दिखाया गया...कुछ लोगों ने, जो इतिहासकार नहीं थे, आर्यों को मूल निवासी मानना इसलिए पसंद किया कि श्रेष्ठतर मानी जाने वाली सभ्यता के लिए भारतीय मूल का दावा किया जा सके। दिलचस्प बात यह है कि इसके ठीक विपरीत आक्रमण का सिद्धांत निचली जातियों के दावे की एक बड़ी दलील बन गया। उनका मानना था कि ब्राह्मण लोग बाहरी आक्रमणकारी और अत्याचारी थे और उन्होंने देश के मूल निवासी निचली जातियों और क़बीलाई लोगों के अधिकार हड़प लिये। इस

पंजाब के ब्राह्मणों व पंजाब के चमारों में क्या नस्ली अंतर है? मद्रास के ब्राह्मण और मद्रास के अछूत में क्या नस्ली अंतर है? पंजाब का ब्राह्मण नस्ली तौर पर उसी वंश का है जिसका पंजाब का चमार है; मद्रास का ब्राह्मण उसी नस्ल का है जिसका मद्रास का अछूत है।

दृष्टिकोण से देश के मूल निवासियों ने आर्य-पूर्व सभ्यता के रूप में सिंधु सभ्यता से समर्थन प्राप्त करने की कोशिश की। इसलिए आर्य-सिद्धांत पिछली दो शताब्दियों के दौरान भारतीय राष्ट्र-राज्य के विकास में पहचान और दर्जे से संबंधित अनेक विवादों के केंद्र में रहा है...

प्राच्यविद्या के प्रसिद्ध विद्वान हेनरी टॉमस कोलब्रुक के अनुसार पुरुष सूक्त भाषा, छंद व शिल्प की दृष्टि से ऋग्वेद के अन्य सूक्तों से सर्वथा भिन्न है। प्रो. मैक्स मूलर के अनुसार भी पुरुष सूक्त की भाषा की संरचना और शब्द योजना से स्पष्ट है कि यह ऋग्वेद के बहुत बाद की रचना है। उदाहरण के लिए इसमें वसंत, ग्रीष्म और शरद ऋतुओं का इसी क्रम में उल्लेख हुआ है जब कि ग्रीष्म शब्द ऋग्वेद के किसी अन्य सूक्त में नहीं मिलता और वसंत शब्द तो आरम्भिक वैदिक साहित्य--ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद(त्रयी)- के शब्दभंडार में अन्यत्र कहीं नहीं मिलता।

ऐसा नहीं कि डॉ. आंबेडकर को ऋग्वेद के सृष्टिविषयक अन्य सूक्तों का तथा पुरुष सूक्त की भाषाई भिन्नता का इल्म नहीं था। दरअसल ब्राह्मणों में इस सूक्त की अतिशय लोकप्रियता थी जो दैनिक पूजा में इसके नियमित पाठ तथा हर मांगलिक अवसर पर इस लालित्यपूर्ण सूक्त के सस्वर गायन की परंपरा (जो अब तक चली आई है) में व्यक्त होती थी। इसमें निहित विराट पुरुष के मुख से ब्राह्मणों की उत्पत्ति का रूपक उनकी आत्मश्लाघा की प्रवृत्ति का पोषण करती थी। ब्राह्मणों में इसकी असाधारण लोकप्रियता के चलते जाति-व्यवस्था की उत्पत्ति की खोज में इसकी अवहेलना नहीं की जा सकती थी। बावजूद इसके इस सूक्त की उपर्युक्त ऋचा में वर्णित वर्णव्यवस्था की उत्पत्ति ऋग्वेदकालीन समाज का आईना नहीं कही जा सकती। उसमें केवल पेशों का अस्तित्व था जो तब तक आनुवंशिक नहीं हुए थे, न ही ऊंच-नीच की भावना का उदय हुआ था। आर्य शब्द किसी नस्ल या नस्ली समूह के अर्थ में न तो वैदिक संस्कृत में कहीं प्रयुक्त हुआ है, न लौकिक संस्कृत में। इसका सबसे अधिक प्रयोग श्रेष्ठ के अर्थ में हुआ है। पत्नी अपने पति को आर्यपुत्र कहती है तो इसका तत्पर्य यह नहीं कि वह अनार्य की पुत्री है। यही बात आर्या पर भी लागू होती है। मृच्छकटिकम् में वसंतसेना गणिका होने के बावजूद अपनी प्रतिष्ठा के चलते (खलनायक को छोड़कर) अन्य सभी के द्वारा आर्या कही जाती है। आर्य और आर्या का प्रयोग लगभग उसी तरह होता था जैसे आजकल सर और मैडम का होता है। तो आर्य और आर्या का जन्म से या किसी नस्ल से कोई संबंध नहीं है, न कभी था। आज यातायात और सूचना-संचार की सुविधाओं के बावजूद देश के भिन्न-भिन्न भागों के लोगों में रहन-सहन और सभ्यता-संस्कृति के विभिन्न घटकों में एकरूपता नहीं है। आज भी जंगलों में रहने वाले वनवासी हैं, भिन्न-भिन्न इलाक़ों में रहनेवाले भिन्न-भिन्न रहन-सहन और विश्वासों की जनजातियां हैं, साथ ही मुख्यधारा के नगरवासी और ग्रामवासी हैं, उनमें भी सभी क्षेत्रों में परस्पर सांस्कृतिक एकरूपता नहीं है। आज भी तमिलनाडु, बंगाल, उत्तर प्रदेश-बिहार, राजस्थान और पंजाब के गांवो के रहन-सहन, वेश-भूषा, उत्सवों, त्योहारों में स्पष्ट भिन्नता है! गांवों का असर स्थानीय क़स्बों और छोटे शहरों में भी देखा जा सकता है। वर्ण और जाति की उत्पत्ति के पीछे तथाकथित आर्यों के बाहर से आने के नस्ली सिद्धांत को ख़ारिज करते हुए स्वयं डॉ. आंबेडकर ने अपने आलेख 'जाति का उन्मूलन' (1936 में आयोजित आर्य समाज के जाति-पांति तोड़क मंडल के अधिवेशन में प्रस्तावित भाषण का प्रारूप जो टल गया) में जो कहा था, आज तक मील का पत्थर बना हुआ है-"वस्तुतः भारत की विभिन्न नस्लों के रक्त और संस्कृति में परस्पर घुलने-मिलने के बहुत बाद जाति-व्यवस्था अस्तित्व में आई। यह मानना कि जातियों का अंतर दरअसल नस्लों का अंतर है और विभिन्न जातियां इतनी सारी नस्लें हैं, तथ्य की घोर विकृति होगी। पंजाब के ब्राह्मणों और मद्रास के ब्राह्मणों में कौन सी नस्ली साम्यता है? बंगाल के अछूतों और मद्रास के अछूतों में कौन सी नस्ली साम्यता है? और पंजाब के ब्राह्मणों व पंजाब के चमारों में क्या नस्ली अंतर है? मद्रास के ब्राह्मण और मद्रास के अछूत में क्या नस्ली अंतर है? पंजाब का ब्राह्मण नस्ली तौर पर उसी वंश का है जिसका पंजाब का चमार है; मद्रास का ब्राह्मण उसी नस्ल का है जिसका मद्रास का अछूत है। जाति-व्यवस्था नस्ली विभाजन को रेखांकित नहीं करती।

मनुष्य का जैसा स्वभाव है, क्या यह संभव है कि विस्थापित होने के बाद उसमें और उसकी आने वाली पीढ़ियों में गृहदेश की स्मृतियां धुल-पुंछकर एकदम साफ़ हो जाएं? विपन्नता की बेहद विषम स्थिति में भारत से लोग गिरिमिटिया मज़दूर बनाकर फ़िजी, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रीका, ट्रिनिडाड-टोबैगो, गायना, सुरीनाम, जमैका जैसे दूरस्थ इलाक़ों में 19वीं शती में गन्ने की खेती के लिए ले जाए गए थे जिनमें से अधिकांश ऐग्रीमेंट की अवधि पूरी होने पर वहीं बस गए। ये आप्रवासी भारतीय यहां की अपने इलाक़े की बोली, पहनावा, व्यंजन, लोकगीत, (आधा-अधूरा) वंश-वृक्ष, धार्मिक ग्रंथ (रामचरितमानस की प्रतियां लेकर गए थे) आज तक संजोकर रखे हुए हैं।ब्रिटिश अमेरिकन्स ने अतिशय साधनहीनता में, बहुत कठिन और असमान युद्ध लड़कर गृहदेश से स्वतंत्रता अर्जित की थी। किंतु उसकी स्मृति को जीवित रखने के लिए दर्जन भर से ऊपर अमेरिकन शहरों का नाम इंग्लैंड के शहरों पर 'न्यू' का विशेषण लगाकर रख छोड़ा है। उस पूरे क्षेत्र को जहां इंग्लैंड से आकर वे सबसे पहले बसे थे, न्यू इंग्लैंड कहते हैं। इस क्षेत्र के लोग अभी भी पुराने ब्रिटिश स्वराघात में अंग्रेजी बोलते हैं और वहां की आदतें नहीं छोड़ पाए हैं, जिसके चलते उन्हें (उपहासपूर्वक) 'बॉस्टन ब्राह्मण' कहा जाता है।

देवासुर संग्राम, समुद्र-मंथन और समुद्र से निकले एक से एक विलक्षण पदार्थ शुद्ध पारलौकिक मिथकों के घटक हैं। पीटी श्रीनिवासन ऐंगर ने अपनी गहन शोध के आधार पर सिद्ध किया है कि आर्य, दास, दस्यु किसी नस्ल के नहीं, संप्रदाय या पंथ के सूचक हैं।

## प्रसंगवश

# आरक्षण बढ़ाने की होड़



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन दिनों राजनीतिक दलों में जातीय आरक्षण बढ़ाने की होड़ लगी है। प्रायः सभी अपने को सवर्णेतर जातियों का हितैषी सिद्ध करने में लगे हैं। ताज़ा बयान राहुल गांधी का है,जिनका कहना है कि वे सुप्रीमकोर्ट द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा अतिक्रमित करने के पक्षधर हैं। वे ,सत्ता में आने पर,इ स सीमा को हटाने का कानून बनाएंगे और इसे संविधान की नवीं सूची में डालेंगे,ताकि सुप्रीमकोर्ट इसमें कोई हेरफेर/विचार ही न कर सके। इसके पहले नीतीश कुमार बिहार में जातीय जनगणना करा चुके हैं और उसी आधार पर आरक्षण देने के लिए प्रयासरत हैं। काफी पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत ने कह दिया था कि आरक्षण की समीक्षा होनी चाहिए,तो भूचाल आ गया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह(दोनों पिछड़े वर्ग से) ने कहा कि उनके जीते जी आरक्षण कैसे समाप्त होगा। बताते चलें कि संविधान में इसे अस्थायी व्यवस्था कहा गया है और संविधान निर्माताओं ने इसे दस वर्ष के लिए किया था। तब से अब तक यह समयावधि लगातार बढ़ाई जा रही है । इस प्रावधान पर हलका फुलका प्रहार किया है,तो केवल सुप्रीमकोर्ट ने। वहां से उपर्युक्त 50 प्रतिशत की सीमा तय की गई है और वहीं से हाल ही में कोटे के अंदर कोटा तय करने की अनुमति दी गई है। अपने इस ताजे आदेश में न्यायालय ने यह भी टिप्पणी कर दी है कि 'क्रीमी लेयर'वाले लोगों को यह लाभ मिलना ठीक नहीं;यानी आरक्षित वर्ग के जो लोग पर्याप्त संपन्न हो चुके हैं,उन्हें अब यह लाभ न दिया जाय। केंद्र सरकार कतिपय दलों की बैसाखियों पर टिकी है। इनमें एक बैसाखी चार सदस्यों वाली बिहार की लोक जनशक्ति पार्टी है,जिसके नेता दलित वर्ग के चिराग़ पासवान हैं। वे केंद्र मंत्री भी हैं। उनकी घुड़की पर मोदी झुक गए और यह सरकारी घोषणा हो गई कि इस सुप्रीम आदेश को अमली जामा नहीं पहनाया जाएगा। राहुल अपने को ब्राह्मण घोषित करते हैं। तब आरक्षण बढ़ा कर वे अपने ही वर्ग पर कुठाराघात क्यों कर रहे हैं!

# परिवेश और आनुवंशिकता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

माता पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अन्तःकरण अर्थात्मन, बुद्धि , चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्त्व हैं एक -परिवेश है और दूसरा तत्व - आनुवंशिकता है।

मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह -यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह -यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद,रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप- रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह- तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है । जिस प्रकार माता पिता और माता-पिता की वंश- परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश-परंपरा का दाय है! इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं । शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न - परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक -संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक-संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है - नानी की टेव धेवती में आयी। मूसे के जाए बिले खोदेंगे! मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक-तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक-तत्त्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक-परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार-प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है! प्रत्येक सांस्कृतिक-परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पा कर वे अवधारणाएं भौतिक-शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक-परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में -परिवेश और आनुवंशिकता- दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। परिवेश को जीवन का निर्णायक तत्व मानने वाले विचारकों के तीन वर्ग उभरे-भौगोलिक निर्णायकवादःजो मानते थे कि भौगोलिक-परिवेश ही जीवन और संस्कृति का निर्धारक-तत्व है। भौगोलिक-परिवेश मानव-चरित्र का निर्माता है। पणिक्कर ने याद दिलाया कि सभ्यता का उदय और विकास भूमध्यसागर,नील, दजला, फरात, सिध,गंगा और समुद्र-तट के प्रदेशों में हुआ। रेगिस्तान के लोगों में स्नान के प्रति श्रद्धा नहीं है ।

सांस्कृतिक-निर्णायकवादः इस वर्ग के विचारकों का सिद्धांत है कि मानव-जीवन का निर्णायक-तत्व संस्कृति है।जीवन और प्रकृति के प्रति जो दृष्टिकोण हमें अपने सांस्कृतिक-परिवेश से प्राप्त होता है, वही निर्णायक-तत्व है। आर्थिक निर्णायकवादः आगे चल कर आर्थिक निर्णायकवाद का विकास हुआ ,जिनमें सबसे सशक्त विचारक कार्ल मार्क्स थे । कार्ल मार्क्स ने कहा कि सामाजिसंबंध का निर्णय आर्थिपरिस्थिति और उत्पादप्रणाली के द्वारा होता है।आनुवंशिकता का सिद्धांतः जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है , वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक-संरचना में अतीत-जीवन की स्मृतियों का कोश है -बीते युगों का स्मृति कोश! अनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाये हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अन्ततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है।

## सोशल फोरम

# गंगा जमुनी तहजीब है क्या

ठीक इसी तरह हमारी जीने मरने की रस्में शादी बियाह जैसी सभी बातों में आज आश्चर्यजनक समानता पाई जाति है।



सरोज मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

...हो सकता है गुस्से में पूछा गया हो "अबे क्या है ये गंगाजमुनी? " या फिर ऐसे " भाई साहब गंगा जमुनी तहजीब किसे कहते हैं?" तो मैं दूसरा वाला ही समझ कर उत्तर दे रहा हूं

गंगा गंगोत्री से चलने के बाद ऋषिकेश हरिद्वार, फर्रुखाबाद, कानपुर, इलाहबाद, मिर्ज़ापुर, बनारस, बक्सर, बलिया पटना मुंगेर होती हुई चली जाती है जबकि यमुना यमुनोत्री से चल कर यमुनानगर, दिल्ली, आगरा, मथुरा, इटावा होती हुई इलाहाबाद तक पहुंचती है...

गंगा नदी से जुड़े अधिकतर शहर या तो हिंदू राजाओं नवाबों की रियासत थे या उनके तीर्थ तो दूसरी नदी यमुना के किनारे बड़ी बड़ी मुगल रियासतें.... यानी इन दोनों नदियों के बीच हिंदू मुस्लिम रियासतों और मान्यताओं की एक खिचड़ी सी बनी हुई थी ..... बची खुची मुस्लिम रियासतों से बहने वाली घाघरा, सरयू, गोमती, राप्ती जैसी नदियां भी गंगा में ही मिल जाया करती हैं।

इसी खिचड़ी के अंतर्गत एक जो हिंदू मुस्लिम ताना-बाना बुना गया और जिस तरह धर्म, संस्कृति, भाषाओं की दीवार टूट एक मिली जुली तहजीब का जन्म हुआ इसे ही गंगाजमुनी तहजीब का नाम दिया गया.....

भाषाई तहजीब के नाम पर इसमें उत्तराखंड की ज़बानों से लेकर उर्दू, फारसी, संस्कृत, ब्रज, अवधि, दिल्ली की उर्दू, आगरे की उर्दू, लखनऊ की उर्दू.... आगे चल कर बिहार की अलग हिन्दियां सब का समावेश होता चला गया.... और आज जो भाषा हमारे पास आई है जिसे हम हिंदी कहते हैं इसी गंगा जमुनी तहजीब के मंथन से प्राप्त हुई है....

ठीक इसी तरह हमारी जीने मरने कीरस्में शादी बियाह जैसी सभी बातों में आज आश्चर्यजनक समानता पाई जाति है यह भी सैंकड़ों सालों में इन्ही दोनों नदियों की देन रही है..... तो जनाब, बस इसी को बचाने का झगड़ा है....

– फेसबुक वॉल से

# भारत में जातिवाद : एक दृष्टिकोण



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

हमारे शरीर के कुछ नाजुक हिस्से होते है, जिसपर हल्का सा प्रहार करते ही आदमी तिलमिला जाता है। वैसे ही कुछ संवेदशील मुद्दे समाज में भी होते हैं। जाति व्यवस्था भारतीय समाज की वैसी ही एक दुखती रग है। क्यों है और क्या है, इसके विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के पहले दुनिया के शेष हिस्सों में व्याप्त दास प्रथा के उद्भव, विकास और उससे उपजी मानवीय त्रासदी पर तनिक विचार कर लेना चाहिए। दासों से मेरा अभिप्राय बेचे-खरीदे जाने वाले गुलामों से है। सवाल है कि यह प्रथा किसकी देन और किनके षडयंत्र का नतीजा थी ? और भारत में यह प्रथा क्यों नहीं थी? बताते चलें कि पश्चिम के देशों में गुलामों को बच्चों के खिलौने के रूप में पिंजरों में रखा जाता था। गुलामों की त्रासदी का आलम बयान से परे है।

यह प्रथा ग्रीस में थी, रोम में थी, यहुदी और इस्लाम के उदय के पहले से अरब मुल्कों में भी थी। दुनिया के प्रायः देशों गुलामों के धंधे होते थे। परंतु न जाने कैसे-कैसे भारत में नहीं थी यह प्रथा! यहां गुलामों के खरीदे और बेचे जाने का इतिहास नहीं मिलता है। जानकर हैरानी होगी कि गुलामों को खरीदने और बेचने का काम केवल मुसलमानों और अंग्रेजों ने ही नहीं किया बल्कि अफ्रीकी देशों जहाँ से गुलाम खरीदे जाते थे, वहां के बाजरों में भी इन गुलामों की खरीद-बिक्री होती थी, जहां बिकने वाले दास भी अफ्रीका मूल के तो थे ही, क्रय करने वाले भी वहीं के लोग थे। तात्पर्य है कि कोई समाज विसंगतियों से मुक्त नहीं होता है किंतु सभी विसंगतियां सभी जगह नहीं होतीं,न उनका उद्गम सदा शास्त्र ही होता है। कुछ विसंगतियां समाज में स्वतः अवतरित हो जाती हैं। शास्त्र से पैदा होकर समाज में जाने की बजाए, समाज से शास्त्रों में भी आ जाती हैं। जहां तक समाज में ऊंच-नीच के भेद-भाव का तथा वर्गीकरण का सवाल है, तो समाजशास्त्रियों कि राय है कि समाज का वर्गीकरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है तथा कोई समाज इससे अछूता नहीं है। जातियां भी प्रायः दुनिया के हर मुल्क में थीं। ग्रीस में भी थीं और रोम में भी थीं और भेदभाव भी था और आज भी है। किंतु इन उद्धरणों को यहाँ प्रस्तुत करने का यह अर्थ कदापि नहीं कि भारत की जातिमूलक विसंगतियों और भेदभावों को उचित ठहराया जाए। छूआछूत अब भले नहीं हो या कम हो, किंतु भारतीय समाज व्यवस्था का यह एक अत्यंत दुखद और अपमान जनक पहलू है। इसके दुष्प्रभाव को कम कर नहीं आंका जा सकता है। कहना केवल इतना है कि जाति व्यवस्था और इसपर आधारित भेदभाव को हमारे यहां गलत तरीके से संबोधित किया गया है, जिसका मकसद न तो जातीय उत्थान है और न ही भेदभाव कम करना, बल्कि इसे बढ़ाना और समाज में दरार पैदा करना ही उद्देश्य रहा है।इस मुहिम में जहां गोरे सहबों की भूमिका सर्वोपरि रही, वहीं कतिपय भारतीय विद्वानों ने भी इस मुहिम में उनका साथ दिया। यही नहीं, जाति व्यवस्था की ही तरह तीन और भी नाजुक पहलुओं पर गोरे साहबों ने अपना हाथ साफ किया और बहुत चतुराई से इनका इस्तेमाल अपने हक में किया है। हिन्दू-मुसलमान विभाजन में 1909 का मोर्ले मिंटू रिफार्म, (मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन मंडल) की भूमिका सर्वोपरि है। आर्य-द्रविड विभाजन को जहां रोबर्ट कार्डवेल ने एड़ी-चोटी एक कर मूर्त रूप दिया, वहीं सिख-हिन्दू विभाजन में मार्क आर्थर मैकालीफ ने अपने मिशन को अमली जामा पहनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मैकालीफ ने बकायदा सिख धर्म अपनाकर ही अपना मुहिम शुरू किया। आज अलगाववाद और समाज में जहर घोलने के यही चार पहलू हैं, जिनका बीजारोपण अंग्रेजों ने 1857 के बाद तब किया जब समझ लिया कि इस समाज को बांटे बगैर अब और राज करना संभव नहीं है। दुर्भाग्य है कि इनकी करतूतों पर कोई चर्चा नहीं करता। कारण जो हो बौद्धिक पतन, हीन भावना या व्यक्तिगत स्थार्थ! किंतु यह सच है कि कतिपय अपवादों को छोड़कर इन घावों को कुरेदने में हमारे बौद्धिकों की भूमिका पहले भी थी और आज भी है।

# मेट्रो सेवा की गति



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसकी आबादी 140 करोड़ से ज़्यादा है। भारत एक ऐसा देश है जो अब तेज़ी से शहरीकरण के साथ विकसित हो रहा है। इसी के साथ मेट्रो रेल भारत में तेज़ी से लोकप्रिय हो रही है। भारत में मेट्रो सेवा की शुरुआत 24 अक्टूबर, 1984 को कोलकाता में हुई थी। कोलकाता मेट्रो, भारत की पहली नियोजित और परिचालन रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम है। भारत का मेट्रो नेटवर्क दुनिया का दूसरा बड़ा नेटवर्क बनने की ओर अग्रसर है जो तीन या चार साल में अमेरिकी नेटवर्क को पीछे छोड़ देगा।

देश में मेट्रो लाइन की लंबाई 973 किलोमीटर है यह 15 शहरों में है और यह लगभग 502 स्टेशनों को जोड़ती है। उनमें से कई भारत के मेट्रो शहर हैं। मेट्रो सेवा वाले शहरों की सूची में कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, जयपुर, गुरुग्राम, मुंबई, नोएडा, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, कानपुर, और पुणे आदि शामिल हैं। दिल्ली में भारत का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है। इसके अलावा, भारत के 15 अन्य शहरों में 500 किलोमीटर से अधिक मेट्रो लाइनें कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

केंद्र सरकार ने 11 अगस्त, 2014 को घोषणा की थी कि वह 1 मिलियन से ज़्यादा आबादी वाले सभी शहरों में मेट्रो रेल प्रणाली लागू करेगी।

केंद्र सरकार ने अगस्त, 2017 में घोषणा की थी कि वह नई मेट्रो रेल परियोजना को तब तक वित्तीय सहायता नहीं देगी जब तक कि उसमें किसी तरह की निजी भागीदारी शामिल न हो।

मेट्रो रेल प्रणाली महिलाओं और शहरी युवा वर्ग के लिए यात्रा का सबसे पसंदीदा साधन है । कई मेट्रो रेल प्रणालियां तो महज कुछ ही वर्ष पुरानी हैं। फिर भी, देश की सभी मेट्रो प्रणालियों में दैनिक यात्रियों की संख्या पहले ही 10 मिलियन का आंकड़ा पार कर चुकी है और अगले एक या दो वर्षों में इसके 12.5 मिलियन से अधिक हो जाने की आशा है। भारत में मेट्रो यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है और जैसे-जैसे हमारी मेट्रो प्रणाली विकसित होगी, यह संख्या बढ़ती जाएगी। आशा है जल्द ही यह अन्य शहरों में भी विकसित होना शुरू हो जाएगी ।

# श्रम न करने की आदत



डॉ. भरत गंगवार
बरेली

श्रम न करने की आदत की वजह से युवा पीढ़ी नशे और गलत आदतों का शिकार हो रही है। युवा पढ़ाई के नाम पर वह सिर्फ खाना पूरी कर रहे हैं। एक दशक से पढ़ाई का स्तर बहुत ही ज्यादा गिर चुका है। पहले जो कार्य उनके पूर्वज करते आ रहे थे उसका परित्याग कर दिया है। क्योंकि उन्होंने अपने पूर्वजों से हुनर नहीं सीखा। और इसी वजह से वह बेरोजगार हैं। यह सत्य है की कोई भी देश शत प्रतिशत रोजगार प्रदान नहीं कर सकत। अगर अपनी पुरानी पीढ़ियों से इस हुनर जैसे नाई, मोची, हलवाई इत्यादि का हुनर सीख लिया होता, तो वह बेरोजगार ना होते और दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करते।

इसके विपरीत अन्य समुदाय ने इन्हीं सब हुनरों को सीख कर बहुत तरक्की कर रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। यह एक चिंता का विषय है एक करोड़ 30 लाख की आबादी वाले देश में हुनर मात्र कुछ प्रतिशत लोगों के पास ही बचा है। हम सबको आवश्यकता हैकि पढ़ाई के साथ-साथ कोई ना कोई हुनर अवश्य सीखना चाहिए। युवाओं को कोई भी हुनर सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। श्रम करने की आदत छूट चुकी है और उसको एक साथ वापस नहीं ला सकते हैं। इस वजह से अवसाद में आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। यदि हम किसी भी कार्य में पूरी तरह से निपुण है तो हम अपने परिवार का पालन पोषण बहुत अच्छी तरीके से कर सकते हैं। देश के विकास में भागीदारी बढ़ा सकते हैं।

## एक नजर

### पेड़ों को तोड़कर खंदक में पलटा बेकाबू ट्रक

**गुन्नौर, अमृत विचार :** रजपुरा थाना बसंतपुर निवासी कल्यान (55 वर्ष) पुत्र गोकुल वाहन के इंतजार में गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर के नजदीक हाईवे किनारे मंदिर के पास बैठा था। तभी बहजोई की तरफ से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ों को तोड़ते हुए खंदक में पलट गया। जिसकी चपेट में आकर कल्यान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### पशुपालकों को बताए पशुओं को बीमारी से बचाने के तरीके

**संभल/मनोटा अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत एत्मादपुर भटपुरा में पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान के पति योगेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। मेले में पहुंचे किसानों को पशुओं में फैलने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के तरीके बताए गए। पशुपालकों को कृमि नाशक, कृत्रिम गर्भाधान, पशुओं की देखभाल आदि के बारे में जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमेंद्र ने पशुपालकों का धन्यवाद किया।

### मिशन शक्ति अभियान को लेकर गंभीरता से कार्य करें

**बहजोई, अमृत विचार :** मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे अभियानों को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने जनपद की सभी महिला बीट पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के साथ समीक्षा की। रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित बैठक में एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने महिला अपराधों को लेकर जनपद की सभी महिला बीट पुलिस अधिकारी कर्मचारी के साथ समीक्षा की।

### कार व चोरी के सामान सहित तीन गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना पुलिस ने तीन कार सवारों को गिरफ्तार कर चोरी की कई वारदातों का खुलासा किया है। पकड़े गये लोगों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक रेनू कुमारी ने बताया कि सिसौना के पास कार में बैठे तीन संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम जितेंद्र उर्फ नन्हें गांव ऐचवाड़ा ड़ीगर, रवि ढंसौली व यशपाल सिंह उर्फ छोटू निवासी हरियाणा थाना सैदनगली बताया।

# ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर, 6 घायल

## हादसे में कार के परखच्चे उड़े, गंभीर रूप से घायल महिला अलीगढ़ रेफर

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए जबकि चालक समेत छह लोग घायल हो गए। सीएचसी गुन्नौर में उपचार के बाद एक महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर किया गया है।

जनपद बदायूं के थाना जरीफनगर अंतर्गत गांव भोगजीत नगलिया के लोग स्विफ्ट कार में सवार होकर दिल्ली जा रहे थे। रविवार को सुबह रजपुरा थाना क्षेत्र में गांव जमालपुर डांडा के पास ट्रैक्टर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दंगल सिंह, मंजू, भुवनेश, देवेश, अंकित और कार चालक चालक कृष्णपाल घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर जुट गए। एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। डॉक्टर ने उपचार करते हुए गंभीर हालत में मंजू को हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिया।

**कार की टक्कर से बाइक सवार घायल : संभलः** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव ईसातपुर निवासी योगेश कुमार शनिवार की देर रात बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद से आ रहा था। योगेश बाइक लेकर जैसे ही संभल मुरादाबाद मार्ग पर हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी रेलवे क्रॉसिंग से निकलकर थोड़ी दूर पहंचा। ओवरटेक करते समय कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे योगेश गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने निजी वाहन से योगेश कुमार को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई महिला की अलीगढ़ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव रजावली निवासी लक्ष्मी (22 वर्ष) पत्नी जितेंद्र रविवार को पति के साथ बाइक से गांव चांदपुर से दवाई लेकर वापस घर लौट रही थी। दोपहर के वक्त जैसे ही वह गवां बबराला मार्ग पर डीएसएम शुगर मिल के पास पहुंचे तो बाइक से लक्ष्मी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने घायल लक्ष्मी को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया गया। शाम को अलीगढ़ के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान लक्ष्मी की मौत हो गई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव ईसातपुर निवासी योगेश कुमार शनिवार की देर रात बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद से आ रहा था। योगेश बाइक लेकर जैसे ही संभल मुरादाबाद मार्ग पर हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी रेलवे क्रॉसिंग से निकलकर थोड़ी दूर पहंचा। ओवरटेक करते समय कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे योगेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने योगेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा–मुरादाबाद हाइवे पर गांव आटा के पास बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद लोगों ने चालक व कार को पकड़ लिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली–करेला निवासी दानिश पुत्र सईद अहमद अपने मामा फरमान पुत्र यूनिस को शनिवार की रात आठ बजे गांव आटा छोड़ने बाइक से आया था। उसके मामा का बाहर जाने के लिए बस पकड़नी थी। दानिश अपने मामा को बाइक से उतारकर हाइवे पर बाइक मोड़ रहा था। तभी कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### गड्ढे में गिरी पिकअप युवक की जान गई

**बहजोई, अमृत विचार:** बहजोई की ओर आ रही पिकअप (वाहन )के आगे अचानक सांड़ आ गया। जिससे टकराकर पिकअप गड्ढे में जा गिरी। जिसमें सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें बमुश्किल गाड़ी से बाहर निकल गया। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी बहजोई से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बहजोई के गांव बड़हरिया निवासी भूपेंद्र सिंह , छविराम व चेतेंद्र सिंह अपने गांव से पिकअप में सवार होकर बहजोई की ओर आ रहे थे। कैला देवी मोड पर पिकअप के आगे अचानक सांड़ आ गया। जिससे पिकअप टकरा गई और अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। पिकअप में सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने तीनों घायलों को पिकअप से बाहर निकाला और उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर चिकित्सक ने भूपेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि छविराम तथा चेतेंद्र सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### बासला को बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** अमरोहा जिले के गांव खैय्या माफी निवासी जुबैर हुसैन का बेटा बासला शहादत सेंट ख्वाजा गरीब नवाज इंटर कॉलेज मंसूरपुर माफी में कक्षा 5 का छात्र है। बासला शहादत ने आईएफटीएम यूनिवर्सिटी लोधीपुर राजपूत, मुरादाबाद में चल रहे स्टेट ओपन टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। जहां बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। बासला की सफलता से परिजनों में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधक इमरान ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



अतिथियों से पुरस्कार लेता बासला शहादत।



रजपुरा सीएचसी में बच्चियों का जन्मदिन मनाकर उपहार देते स्वास्थ्य कर्मी।

### सीएचसी पर केक काटकर मनाया कन्याओं का जन्मदिन

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में कन्याओं का जन्मदिन बनाकर उन्हें उपहार दिए गए। सीएचसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्ष को उसी तरह सजाया गया जिस तरह घर में बच्चे का जन्मदिन मनाते समय सजावट की जाती है। कन्याओं के माता पिता व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ .मनमोहन शर्मा ने केक काटा। इसके बाद बच्चियों को बीमारी से मुक्त रखने के लिए टिप्स दिए गए। लेखा प्रबंधक रोहिताश कुमार ने कहा कि सीएचसी पर जन्मी 5 कन्याओं को उपहार स्वरूप बेबी किट आदि भेंट किए गए। आखिर में फलों का वितरण भी किया गया। इस दौरान अखिलेश अग्रवाल, स्टाफ नर्स और आशा मौजूद रहीं।



महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देतीं थाना प्रभारी रेनू कुमारी।

### महिलाओं की सुरक्षा को पुलिस मुस्तैद

**संभल/मनोटा , अमृत विचार :** मिशन शक्ति व एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत ग्राम सचिवालय ऐंचौड़ा कम्बोह में प्रभारी निरीक्षक रेनू कुमारी ने महिलाओं से संवाद कर उनके अधिकारों के बारे में बताया। प्रभारी निरीक्षक रेनू कुमारी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। पुलिस हर वक्त महिलाओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। महिलाओं को जागरूक करते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 के अलावा 112, 102, 108, 1098, 1930 के बारे में जानकारी दी। कहा कि महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की घटना हो तो हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दी जाए। पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने साइबर अपराध के बारे में भी बताया। इस दौरान कई महिलाएं मौजूद रहीं।

### भाजपाइयों ने सड़कों का निरीक्षण कर असंतोष जताया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में रविवार को भाजपा कार्यकर्त्ता और सभासदों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर एवं जेई निर्माण केकेअग्रवाल के समक्ष सड़क की मरम्मत को लेकर स्थलीय निरीक्षण कराकर असंतोष वक्त किया। अंकुर अग्रवाल ने कहा कि सड़क की मरम्मत पूर्णतः खानापूर्ति मात्र हैं उक्त ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। नगर की सड़कों की मरम्मत का कार्य उचित अधिकारी की देखरेख में कराया जाए। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी का स्पष्ट कहना है कि किसी भी हाल में नगरवासियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, कोई भी दिखावटी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान वार्ड सभासद नवकान्त शर्मा, बूथ अध्यक्ष मयंक चौधरी, मनोज कठेरिया, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, शुभम अग्रवाल, यश मदान, उमेश सैनी, अजय सैनी के अलावा सभासदों में तरुण कुमार नीरज, अमन कोली, लोकेश मौर्य, सचिन रस्तोगी, निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### आरोग्य मेले में 3227 रोगियों का निशुल्क उपचार

**संभल , अमृत विचार :** संभल जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3227 मरीजों का निशुल्क उपचार हुआ। इनमें सबसे ज्यादा 467 मरीज चर्म रोग से पीड़ित रहे। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 39 चिकित्सकों और 109 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1264 पुरुषों, 1182 महिलाओं और 881 बच्चों का नि :शुल्क उपचार किया। आयुष्मान भारत जन–आरोग्य योजना के अंतर्गत 161 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। मेले में बुखार के 268, चर्म रोग के 467, दमा के 257, मधुमेह के 28, नेत्र रोग के 60 मरीज रहे। 136 रोगियों की मलेरिया और 48 रोगियों की डेंगू जांच की गई तो सभी निगेटिव पाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श व सामग्री के लिए काउंटर लगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया। मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . तरुण पाठक और अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

# मकान में नकब लगा नकदी व जेवर सहित डेढ़ लाख का सामान चोरी

संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचारः** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में मकान की दीवार में नकब लगाकर कमरे में घुसे चोर अलमारी से नकदी व जेवर सहित डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरी खालसा निवासी पवन कुमार शनिवार की देर रात गांव सैमली में देवी जागरण से आने के बाद बरामदे में पत्नी रजनी व बेटी स्वाति और बेटे आशू के साथ सो गया। देर रात किसी समय चोरों ने जंगल की ओर से मकान के पीछे की दीवार में नकब लगा लिया और कमरे में घुसकर अलमारी से 15000 रुपये की नकदी व जेवर सहित डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरी कर भाग गए। रविवार की सुबह चारपाई से उठाकर कपड़े रखने कमरे में पहुंची स्वाति ने देखा तो दीवार में नकब लगा हुआ था। साथ ही कमरे में सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पवन कुमार ने तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर नकदी व जेवर बरामद करने की मांग की।

### चोरी करते एक रंगे हाथ पकडा, दूसरा गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में सगे भाइयों ने गोदाम से गैस सिलेंडर चोरी करते एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े व्यक्ति ने चार दिन पहले गोदाम में हुई चोरी का भी खुलासा किया। पुलिस ने उसके साथी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। विनोद कुमार का मुहल्ला चमन सराय में राष्ट्रीय कन्या इंटर कालेज के पास गोदाम है। जागरण सुनने के बाद विनोद के बेटे अतुल कुमार व वरुण कुमार रविवार की तड़के घर जा रहे थे। दोनों भाई जैसे ही गोदाम के पास पहुंचे। देखा तो मुहल्ला बेगम सराय निवासी तौहीद उर्फ चांद गोदाम से गैस सिलेंडर चोरी कर ले जाने की तैयारी कर रहा था। अतुल कुमार व वरुण कुमार ने तौहीद को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस सिलेंडर कब्जे में लेकर तौहीद उर्फ चांद को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में सलीम व तौहिद द्वारा चार दिन पहले भी चोरी करने की बात सामने आई तो पुलिस ने सलीम को भी गिरफ्तार कर लिया। सलीम की निशानदेही पर पुलिस ने झाड़ियों में छिपाकर रखी दो ट्रे व गैस भट्टी बरामद की।

# छात्रा की आत्महत्या पर परिजनों के आरोप गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचारः गुन्नौर में छात्रा के आत्महत्या कर जान देने के मामले में आत्महत्या की वजह को लेकर दूसरे धर्म के युवक पर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि इस मामले में यह भी सवाल खड़ा हो रहा है कि छात्रा के इस कदर उत्पीड़न पर परिजन खामोश क्यों रहे।

बेटी द्वारा फंदे पर लटककर जान देने के बाद छात्रा की मां ने मुहल्ले में ही रहने वाले दूसरे समुदाय के युवक कासिब को बेटी की मौत का जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि कासिब के परेशान करने की वजह से ही बेटी को घर से दूर बदायूं जिले के पॉलिटेक्निक कालेज में पढ़ने के लिए भेजा था। बेटी पर परिवर्तन कर निकाह का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए मां ने कहा कि कासिब पॉलिटेक्निक कालेज तक भी जा पहुंच गया और वहां भी बेटी को परेशान करता रहा। इस मामले में पुलिस दो बातों को लेकर सवाल खड़ा कर रही है। एक यह कि जब युवक इस हद तक परेशान कर रहा था तो छात्रा या उसके परिजनों ने कभी पुलिस या किसी महिला हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत क्यों दर्ज नहीं कराई। हालांकि पुलिस के इस सवाल के जवाब में छात्रा की मां यह कहती है कि वह कस्बे में अल्पसंख्यक हैं और डर की वजह से मुंह नहीं खोल पाई। पुलिस का दूसरा सवाल तहरीर कई घंटे बाद देने को लेकर है। इस पर परिजनों का कहना है कि भले ही तहरीर कुछ देर से दी गई लेकिन पुलिस को मौके पर ही सारी बात बता दी गई थी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# भाकियू ने धरना स्थल पर बाबा टिकैत की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- कहा ,बाबा टिकैत ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ी
- अनिश्चतकालीन धरना छठे दिन जारी रहा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली का अनिश्चतकालीन धरना गुन्नौर में छठे दिन जारी रहा। पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई। कहा कि बाबा टिकैत ने किसानों की लड़ाई लड़ी और उन्हें हक के लिए आवाज उठाना सिखाया।

गुन्नौर में धरनास्थल पर बैठे भाकियू असली पदाधिकारियों और किसानों ने नारेबाजी की। जिसके बाद संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विचार रखे। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह, राष्ट्रीय प्रमुख सचिव ऋषिपाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता जयवीर यादव, सूरजपाल यादव, मोहन यादव, जाकिर हुसैन, पप्पू यादव, हरिओम सिंह, केदार सिंह, प्रेम सिंह एडवोकेट, सचिन यादव, नौबत सिंह, हरिशंकर यादव, रामकुमार यादव, देवेंद्र यादव, मोजीराम सिंह, चंद्रपाल सिंह आदि रहे। वहीं भारतीय किसान यूनियन असली के युवा जिलाध्यक्ष चौधरी अर्जुन सिंह ने गांव भदरौला में आवास पर किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान धर्मवीर सिंह, ओमपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, रिंकू सिंह, गौरव चौधरी, रवि चौधरी, मोहित सिंह, जबर सिंह, रामचंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### पराली की आग से जल कर 10 बीघा गन्ना बर्बाद

**संभल, अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर नियावली निवासी सगे भाई अनिल कुमार व सुनील कुमार का खेत गांव पाली के रकबे में है।

अनिल के दस बीघा खेत में गन्ने की फसल खड़ी है। जबकि सुनील ने धान फसल लगाई थी। शुक्रवार को सुनील कुमार अपने दो बेटों व गांव के ही चौथाईदार के साथ खेत में कटाई होने के बाद बचे धान फसल के अवशेषों को जला रहा था। अचानक से आग अनिल के खेत में पहुंच गई। इससे पहले सुनील अपने बेटों व चौथाईदार के साथ आग बुझा पाते पूरे खेत में फैली आग में जलकर गन्ने की फसल बर्बाद हो गई। मौके पर पहुंचे अनिल ने गन्ने की फसल में आग लगने का विरोध जताया। आरोप है कि सुनील अपने बेटों व चौथाईदार के साथ अनिल के साथ गाली गलौज करने लगा। शनिवार को अनिल ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

# साइकिल पर निकले डीएम व एसपी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचारः** मिशन शक्ति अभियान के तहत शारदीय नवरात्रि पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली में डीएम एसपी छात्राओं के साथ साइकिल पर सवार होकर निकले। महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

कलेक्ट्रेट सभागार पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए का संदेश दिया।

इसके बाद छात्राओं की साइकिल रैली का शुभारंभ कराकर डीएम राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई खुद छात्राओं के साथ साइकिल चलाकर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति



साइकिल पर सवार होकर निकले डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक
- सुरक्षा सम्मान एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए का संदेश दिया

जागरूक करने का अखल जगाने के लिए निकले। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के तहत महिलाओं का बालिकाओं को सुरक्षा तथा अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने के लिए यह प्रयास सराहनीय है। वहीं एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने विभिन्न कार्यक्रमों के तहत महिलाओं का बालिकाओं को जागरूक करने की बात कही। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भाकियू ने उठाई खाद की उपलब्धता की समस्या

**गुन्नौर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ( सुनील गुट) के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

जिसमें खराब पड़े हैंडपंप रिबोर कराने, गुन्नौर के नेहरू चौराहे पर चल रही अवैध फल मंडी पर तत्काल कार्रवाई करने, गन्ना समिति रजपुरा में चल रहे चुनाव को निष्पक्ष कराने, रियल टाइम खतौनी में रकबा में कम या ज्यादा होने के कारण किसान को हो रही दिक्कत दूर कराने, बिजली विभाग द्वारा विद्युत बिलों में हेराफेरी की जांच कराने की मांग की। इसके अलावा डीएपी की उपलब्धता, गांवों में फैल रहे वायरल की रोकनथाम के लिए मच्छर नाशक का छिडकाव कराने, प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार कराने की मांग की गई। कहा कि बबराला मंडी समिति को तत्काल चालू कराई जाए।

**परिक्रमा** श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन कर भगवान शिव को अर्पित किया जल

# श्रद्धालुओं ने लगाए श्री कल्कि के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** 68 तीर्थ और 19 कूपों की नगरी संभल में साल की 10वीं 24 कोसीय परिक्रमा में श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने श्री कल्कि के जयकारे लगाते हुए तीर्थ परिक्रमा पूर्ण की। हालांकि जर्जर रास्ते से निकलने में परेशानी भी हुई।

रविवार को सुबह आदमपुर मार्ग पर गांव बेनीपुर चक में स्थित प्राचीन वंश गोपाल तीर्थ से श्रद्धालुओं ने परिक्रमा शुरू की। गांव खानपुर खुम्मार के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल अर्पित किया। जिसके बाद बाबा क्षेमनाथ तीर्थ पर आरती की गई। गांव भवानीपुर के शिव मंदिर पर भी श्रद्धालु रुके तो जलपान की व्यवस्था रही। यहां के बाद श्रद्धालु श्री कल्कि के जयकारे



संभल में परिक्रमा के शुभारंभ पर जयकारे लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

लगाते हुए प्राचीन चंद्रेश्वर महादेव मंदिर चंदायन पहुंचे। वहां महादेव के दर्शन करके पुनः प्राचीन वंशगोपाल तीर्थ पर आकर परिक्रमा पूर्ण की। यहां महंत स्वामी भगवतप्रिय महाराज और थाना प्रभारी निरीक्षक हयातनगर द्वारा फल का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने थाना प्रभारी निरीक्षक से परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुकेश शर्मा, कैलाश गुप्ता, संजीव शुक्ला, धर्मेंद्र ठाकुर, जसपाल सिंह, राकेश वार्ष्णेय, राजकुमार शर्मा, नरेंद्र रूहेला आदि रहे।

### मंदिर की जमीन कराई गई कब्जा मुक्त

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में राम जानकी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर रविवार को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से अवैध कब्जा हटवा दिया।

थाना क्षेत्र के गांव गोंहत में स्थित राम जानकी मंदिर की देखभाल कर रहे बाबा लखनदास ने तहसील दिवस में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया को शिकायती पत्र देकर मंदिर की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी।

बाबा लाखनदास ने आरोप लगाया कि अयोध्या से आए एक संत ने कुछ ग्रामीणों की मदद से राम जानकी मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा जमा लिया है। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया के आदेश पर रविवार को थाना प्रभारी राजीव मलिक पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से थाना प्रभारी ने मंदिर की जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

# आर्म रेसलिंग में बालिकाओं ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** जिला आर्म रेसलिंग संघ की ओर से समाज सेविका सुशीला देवी मेमोरियल प्रथम बालिका आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन गोशाला रोड स्थित अनुष्क सेलिब्रेशन हॉल में किया गया।

चैंपियनशिप का आरंभ एसडीएम वंदना मिश्रा व पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। जिसमें 95 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप में 35 किलोग्राम भार वर्ग में कंचन भारती ने स्वर्ण, डॉली ने सिल्वर, संध्या ने कास्य, 40 किलोग्राम भार वर्ग में शालनी यादव ने स्वर्ण, आरती ने सिल्वर, मीनाक्षी ने कास्य, 45 किलोग्राम भार वर्ग में मुस्कान ने स्वर्ण, नेहा ने सिल्वर, आयुषी ने कास्य, 50 किलोग्राम भार वर्ग में काजल ने स्वर्ण,



आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप में पंजा लड़ाती प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- 95 बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया

ज्योति यादव ने सिल्वर, वैष्णवी ने कास्य, 55 किलोग्राम भार वर्ग में अपूर्वी ने स्वर्ण, अदिति ने सिल्वर व सुनैना चौहान ने कास्य, 60 किलोग्राम भार वर्ग में पुष्पा ने स्वर्ण, वैशाली ने सिल्वर व रिया मिश्रा ने कास्य पदक जीता।

निर्णायक मंडल में लव चौधरी, प्रशांत सिंह मौजूद रहे। विजेता प्रतिभागियों को बाल कल्याण समिति की सदस्य नीलम राय व विनीता सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक व आर्म रेसलिंग के सचिव आशु शर्मा, दुर्गा टंडन, वेद प्रकाश उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, आयुष उपाध्याय, अजय मिश्रा, कपिल गोस्वामी, योगेश माहेश्वरी, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पसमांदा समाज पश्चिमी उप्र के शाह आलम अध्यक्ष



**चन्दौसी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया पसमांदा समाज के संरक्षक आरए उस्मानी की संस्तुति पर आल इंडिया पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी सलाउद्दीन मंसूरी ने चन्दौसी निवासी हाजी शाह आलम मंसूरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ आशा व्यक्त कि है कि वह पसमांदा समाज की कामयाबी और तरक्की के लिए कार्य करेंगे। इसके अलावा शीघ्र ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अपनी कमेटी को बनायेंगे।

### सीएचसी में जन्मी बेटियों को वितरित की बेबी किट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आकांक्षा समिति की ओर से मिशन शक्ति के तहत सीएचसी में रविवार को पैदा हुई बच्चियों को बेबी किट वितरित की गई। समिति अध्यक्ष संगीता भार्गव ने रविवार को सीएचसी में जो बच्चियां पैदा हुई हैं, उनको समिति की ओर से बेबी किट, फल आदि का वितरण किया गया। पांच बच्चियों ने जन्म लिया। सीएचसी प्रभारी हरविंदर सिंह ने भी बच्चियों के माता-पिता को बधाई दी। समिति अध्यक्ष ने बताया कि बेटियां ईश्वर की देन है, उनको मातृ शक्ति के रूप में स्वीकार करें। वह भी पुत्रों की भांति हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। इस अवसर पर सविता, गौरी, राखी, गिरिराज, राहुल आदि मौजूद रही।

### चार लोगों पर चाचा भतीजे के साथ मारपीट का आरोप

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी राम बहादुर ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि शनिवार की दोपहर में घर पर था। आरोप है कि गांव के ही चार लोग आकर मारपीट करने लगे। खेत से भतीजा आकाश घर पहुंचा तो चारों लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। राम बहादुर खिरनी पुलिस चौकी में शिकायत करने के बाद घर जा रहा था। रास्ते में खड़े चारों लोगों ने फिर से राम बहादुर के साथ मारपीट की। मौके पर राम बहादुर का भाई अजयपाल पहुंचा तो चारों लोग धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि दोनों पक्षों में व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने को लेकर विवाद है। दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# राज्यमंत्री आवास पर किया प्रदर्शन

## एसडीएम, ईओ व जेई ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर देखी जलभराव की स्थिति

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** हनुमानगढ़ी बस्ती में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है।

रविवार को बस्ती के लोग माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन किया। राज्यमंत्री के नहीं मिलने पर फोन पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया। राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। डीएम के कहने पर एसडीएम, नगर पालिका के ईओ व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

कई वर्षों से हनुमानगढ़ी बस्ती में पानी निकासी का साधन नहीं होने से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। अब आलम यह है कि सड़कों का गंदा पानी घरों में घुसने लगा है। संक्रामक रोग भी फैलने शुरू हो गए हैं। शिकायतों के बाद जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने बस्ती का निरीक्षण कर दस दिन में समस्या के समाधान के निर्देश दिए थे। मगर एक माह का समय बीतने के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी है। रविवार को बस्ती के लोग एकत्र होकर राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंचे। राज्यमंत्री को फोन पर समस्या से अवगत कराया गया, तो उन्होंने डीएम से शीघ्र ही समस्या के समाधान कराने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम के कहने पर एसडीएम नीतू सिंह, नगर पालिका के ईओ कृष्ण कुमार व जेई केके अग्रवाल राज्यमंत्री आवास पहुंचे और बस्ती के लोगों से वार्ता की। इसके बाद सभी लोग बस्ती पहुंचे। जहां एसडीएम ने जलभराव की समस्या का मुआयना किया। निर्णय लिया गया कि अस्थायी रूप से पपिंग सेट लगाकर पानी निकाला जाएगा।

जबकि स्थायी रूप से पम्पिंग सेट का प्रोजेक्ट भी बनाकर शासन को भेजा जा रहा है। इस मौके पर मुनेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, पंकज शर्मा, शारदा यादव, कुंति ठाकुर, पुष्पेंद्र सिंह, पवन कुमार, जसवीर सिंह, गोपेश यादव, उमेश माली, मुनीश शर्मा, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



राज्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करते हनुमान गढ़ी के लोग। ● अमृत विचार

- **राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी को समस्या के समाधान के निर्देश दिए**
- **राज्यमंत्री के नहीं मिलने पर फोन पर समस्या से अवगत कराया**

> हनुमानगढ़ी बस्ती में जलभराव की समस्या गंभीर है। दो-तीन दिन से अस्थायी रूप से पम्पिंग सेट लगाकर पानी निकासी का कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी की ओर से स्थायी पम्पिंग सेट का प्रोजेक्ट बनाकर शासन को भेजा जा रहा है।
> –नीतू रानी, एसडीएम

### सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार:** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से शक्ति नगर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से पूजन कराया।

इसके बाद केजी शर्मा, राजेश शंखधार, शिव शंकर शर्मा, नरोत्तम शरण शर्मा, डॉ. पीयूष राघव, अमन शर्मा, शिवशंकर शर्मा, ललित गुप्ता, अरविंद पाठक ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रृंखला में केजी शर्मा ने राम नाम के हीरे-मोती मैं बिखराऊ गली-गली, अजय सक्सेना ने श्रीराम जानकी बैठे हैं, मेरे सीने में, राजेश शंखधार ने पवन उड़ाकर ले गयो री, मेरी मां की चुनारियां सुनाकर सभी मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कपिल महाजन, नितिन सिंह, पंकज यादव, मुदित सक्सेना, एसके सिंह, राजीव शर्मा, यतवीर सिंह, दीपेश सिंह, जितेंद्र सक्सेना आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप



डांडिया महोत्सव के दौरान समिति की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

### नवरात्र पर डांडिया उत्सव धूमधाम से मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने रामबाग धाम परिसर में नवरात्र के पावन पर्व पर प्रथम बार डांडिया उत्सव धूमधाम से मनाया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं की भागेदारी रही। महिलाओं ने माता के भजनों पर जमकर डांडिया खेला। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार मंदिर परिसर में प्रथम बार डांडिया महोत्सव का आयोजन किया है। प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि उत्थान समिति ने अहमदाबाद की तर्ज पर नवरात्र में डांडिया उत्सव पर गरबा व नृत्य की सुंदर प्रस्तुति का आयोजन किया है। दुर्गा माता के प्रति प्रेम व सदभावना दर्शाने वाले डांडिया महोत्सव से समिति में उमंग व उल्लास है। डांडिया उत्सव में समिति की पदाधिकारियों व सदस्य महिलों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में वीनेश वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, डॉ. सोनल वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, रीना चौधरी, अर्पिता वार्ष्णेय, रागिनी, सीमा, मोनिका, महिमा, अनुराधा, अदिति, चांदनी, बीना, ऋ तु, प्रियांशी, सुधा, वर्षा, रचना, श्रुति, दीपमाला, रागिनी, गुंजन, प्रियंका, दिव्या आदि का सहयोग रहा।

### कलयुग में मानव ने सारा ज्ञान धन कमाने में लगाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री अक्रूरजी पुरम में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक रामनिवास महाराज ने कहा कहा कि इस कलयुग में मानव ने सारा ज्ञान धन कमाने में लगा दिया है। अपने परिवार के हित तक सीमित रह गया है। कहा कि सतयुग में मोक्ष को प्रधान माना था, त्रेता युग में तप व द्वापर में शक्ति को धर्म प्रधान माना गया। परन्तु कलयुग में धन को प्रधान मान लिया गया है। जबकि कलयुग में जब राम नाम सुमिरन करके अपना उद्धार करना चाहिए था, तब समाज में आपसी प्रेम कम हो गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, अखिलेश खिलाड़ी, नलिन सिंह, श्वेता गुप्ता, अनिल वार्ष्णेय, नरेंद्र बंसल, वंदना गुप्ता, कृष्ण, प्रिया, सिमरन, कविता सक्सेना, पिंकी राठौर आदि मौजूद रहे।

### गाय के थन काटने के आरोप में दो गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** निराश्रित गाय को बांधकर सड़क पर गिराने के बाद उसके थान काटने का वीड़ियो वायरल होने पर पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जो कस्बा गंवा का था। वीडियो में दो लोग निराश्रित गाय को खंभे से बांधकर नीचे गिराने के बाद उसके थन काटते नजर आ रहे थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करनेके बाद पड़ताल शुरु की तो पता चला कि केसरपुर गांव निवासी सुनील व हरिबाबू ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने रविवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### विदेश में नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस ने सऊदी अरब के मेडिकल कालेज में नौकरी लगवाने का झांसा देकर फार्मेसिस्ट से पांच लाख रुपये ठगी के मामले में आरोपी सिरसी कस्बा निवासी मौहम्मद अली को गिरफ्तार कर लिया। अमरोहा जनपद के हैबतपुर निवासी मौसिन ने मौहम्मद अली के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। मौसिन का आरोप है कि मौहम्मद अली ने सऊदी अरब के मेडिकल कालेज में 85 हजार रुपये महीना वेतन पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 5 लाख रुपये ठग लिए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी मौहम्मद अली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना को मंदिर में उमड़े भक्त

**संभल, अमृत विचार :** मां दुर्गा के स्वरूप कूष्मांडा की पूजा अर्चना करने के लिए संभल जिले के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से दर्शन पूजन करते हुए जयकारे लगाए तो माहौल भक्तिमय बन गया। शाम को आरती में भी भक्तों ने हिस्सा लिया। मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित चामुंडा मंदिर में रविवार को तड़के 4 बजे से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। विधि विधान से मां दुर्गा के स्वरूप कूष्मांडा की पूजा अर्चना करते हुए मनौती मांगी। शाम को भी मंदिरों में भक्तों ने आरती में हिस्सा लिया।

### माता कूष्मांडा की पूजा-अर्चना कर उपवास रखा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नवरात्र में माता रानी के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की गई। सुबह को भक्तों ने देवी मंदिरों पर पहुंच माता रानी की पूजा-अर्चना कर उपवास रखे। शाम को मंदिरों में महाआरती में भाग लेकर पुण्य लाभ कमाया। रविवार को देवी मंदिरों में सुबह 6 बजे से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। भीड़ अधिक होने पर भक्तों को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी, कैथल गेट स्थित श्रीदेवी मंदिर, रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, मौलागढ़ स्थित कंकाली देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रीदेवी गंगा मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया गया। पंडित मनोज शर्मा ने आरती की।

# प्रशासन शीघ्र खाली कराएगा कांच फैक्ट्री के 80 आवास

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बहजोई**

**अमृत विचार:** बहजोई में कांच फैक्ट्री की भूमि में बने 80 मकानों को खाली करवाने के निर्देश हाई कोर्ट ने दिए हैं। शीघ्र ही प्रशासन द्वारा घरों पर ताला लगवाया जाएगा। कई वर्षों से इस संबंध में वाद हाई कोर्ट में विचाराधीन था। चार सितंबर को आवास में रहने वाले लोगों को मकान खाली कराने के लिए एक माह का समय दिया था। जिसकी अवधि खत्म हो चुकी है। अब शीघ्र ही जबरन मकानों को खाली कराकर ताले डलवाए जाएंगे।

पिछले कई वर्ष पहले बहजोई में कांच फैक्ट्री संचालित थी। 30 से 35 वर्ष पहले फैक्ट्री बंद हो गई। इसके बाद फैक्ट्री में ताला लगा दिया गया था। 80 लोगों ने फैक्ट्री परिसर में बने आवासों पर कब्जा कर लिया। जो आवास खाली थे, उसमें तालाबंदी कर दी। इसके आवासों को खाली कराने के लिए न्यायालय की शरण ली गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने आवासों को खाली कराने के आदेश दे दिए। 4 सितंबर को प्रशासन कांच फैक्ट्री में पहुंची और आवासों में रहे लोगों से आवास खाली करने की बात कही। लोगों ने कहा कि हम एकदम कहा जाएंगे। इसलिए कुछ समय दिया जाए। उन्हें आवास खाली कराने के लिए एक माह का समय दे दिया गया। 4 अक्टूबर को समय सीमा खत्म हो गई। शीघ्र ही आवासों को खाली कराकर ताले लगाए जाएंगे।

> हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराया जाए। शीघ्र ही बहजोई स्थित कांच फैक्ट्री के आवासों को खाली कराने का कार्य शुरू कराया जाएगा। अगर आवास में रहने वाले लोग स्वयं आवास खाली नहीं करते हैं, तो जबरदस्ती खाली कराकर आवासों में ताले लगाए जाएंगे।
> –नीतू रानी, एसडीएम

# प्रताड़ित होता आ रहा है वैश्य समाज

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** भारतीय वैश्य महासभा की बैठक का आयोजन झुन्नी लाल धर्मशाला में किया गया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि वैश्य समाज को देश में राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से जो स्थान मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पा रहा है।

राजनीतिक रूप से भागेदारी न के बराबर है। सामाजिक स्थिति में वैश्य समाज को एक दुधारू गाय के रूप में देखा जाता है। समाज आर्थिक रूप से संपन्न होते हुए भी अपनी प्रतिष्ठा को बरकरार न रख पाना ऐसे कुछ उदाहरण है। जिससे हमारा समाज हमेशा से प्रताड़ित होता आ रहा है। कहा कि महासभा सभी वैश्य समाज के उप वर्गों को जोड़कर उन्हें एक मंच पर लाकर आपस में रोटी बेटी का संबंध बनाकर उनके अंदर वैश्य एकता की भावना जाग्रत करेगी। जगह-जगह सम्मेलन करके वैश्य समाज को राजनीतिक रूप से मजबूत करने व अपनी जनसंख्या के अनुपात में अपनी राजनीतिक भागेदारी सभी दलों में तथा सरकार में सुनिश्चित करेगी। आर्थिक रूप से कमजोर समाज के साथियों की जगह-जगह ट्रस्ट बनाकर उनकी मदद करेगी, उनके सुख-दुख में खड़े होने का कार्य करेगी। महासंघ सरकार से मांग करेगा कि वह सर्वाधिक टैक्स देने वाले वैश्य समाज के बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन दे और साथ ही वैश्य व्यापारी आयोग का भी गठन करें। इस अवसर पर रवि प्रकाश अग्रवाल, संजीव वार्ष्णेय, रविंद्र कुमार, अरविंद गुप्ता, प्रभात कृष्णा, पंकज गुप्ता, राजीव हाजी, राघव लोचन, सचिन वार्ष्णेय, सुधीर अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, सतेंद्र मामा, अमित वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



महासभा की बैठक में विचार रखते अरविंद कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

- **बैठक में कहा, दुधारू गाय के रूप में समझा जाता है, राजनीतिक भागेदारी न के बराबर**

# श्रीराम बरात में झांकियों ने मोहा मन, पुष्पवर्षा हुई

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार:** पुराना बाजार रामलीला कमेटी के तत्वाधान में भगवान श्री राम बरात धूमधाम के साथ निकाली गई। नौ देवी की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। श्री राम के भक्ति भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

संभल रोड से श्री राम बरात का शुभारंभ भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण की आरती कर किया गया। सबसे आगे भगवान श्री गणेश की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। माता महाकाली का अखाड़ा अद्भुत करतब दिखाते हुए नागरिकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर रहा था। महाकाल की पालकी में लोग भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। नौ देवी की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। उज्जैन महाकाल के फूल डोल के साथ भजनों पर लोग नाचते गाते चल रहे थे। अयोध्या के भगवान श्री राम की झांकी सभी का मन मोह रही थी। इस दौरान कपिल वार्ष्णेय, तनुज गुरु, कुशांक कुमार कन्नू, राजेश शंकर राजू, निर्दोष कुमार उर्फ नीटू कठेरिया अजय तंबाकू, कपिल गुप्ता, रूपक वार्ष्णेय, तरंग वार्ष्णेय आदि व्यवस्था बनाए हुए थे। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दिखा।



बहजोई में निकाली गई श्री राम बरात में राम दरबार की झांकी। ● अमृत विचार



माता महाकाली का रूप धरे कलाकार।

### धूमधाम से निकली श्रीराम की बरात

**संभल, अमृत विचार :** श्रीराम लीला कमेटी संभल के तत्वावधान में नगर में श्रीराम बरात धूमधाम से बैंड बाजे के साथ निकाली गई। बरात में शामिल झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं युवाओं ने कई करतब दिखाकर लोगों को बांधे रखा। विभिन्न स्थानों पर श्रीराम बारात का स्वागत हुआ। तुलसी मानस मंदिर पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल और कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम की आरती की। श्रीराम बरात में सबसे आगे नगाड़े के साथ भगवान गणेश की झांकी रही। जिसके बाद महाकाल की झांकी रही। महावीर सुदर्शन चक्र अखाड़ा से जुड़े युवाओं ने लाठी और आग के कई करतब दिखाए। काली का अखाड़ा देखने के लिए दर्शकों की भीड़ लगी रही। जिसके बाद श्रीराम दरबार की झांकी रही। श्रीराम बारात का विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ।



कार्यक्रम में मनोनयन पत्र देते किसान नेता। ● अमृत विचार

# छुट्टा पशुओं से किसान हैं परेशान रात में कर रहे फसल की रखवाली

**संवाददाता, चन्दौसी/कुढफतेहगढ़**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रीठ में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी ने कहा कि भाकियू किसान सभा किसानों की समस्याओं का निदान नहीं होता, तब तक मुद्दा उठाती रहेगी। प्रदेश में छुट्टा पशुओं की समस्या बनी हुई है। जो किसानों की फसलों को बर्बाद करने का कार्य कर रहे हैं। किसान रात को जागकर अपनी फसलों की रखवाली करने को मजबूर है। कहा कि गन्ना का मूल्य बढ़ाया जाए। योगेंद्र सिरोही उर्फ रवि को संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर नितिन बालियान, मनोज चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सुखपाल सिंह, भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

## सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 7बी/351 प्रदेशन पत्रांक 1340 दिनांक 25.04.2014 द्वारा श्री डोरी सिंह पुत्र श्री हरदेव सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया है। आवंटी द्वारा उक्त भवन का किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध परिषद से दिनांक 20.06.2014 को निष्पादित करा लिया गया है। अब श्री विजय कुमार व श्री अजय कुमार पुत्र स्व0 श्री डोरी सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 30.08.2024 द्वारा अपने पिता श्री डोरी सिंह की दिनांक 01.03.2024 को मृत्यु होना सूचित करते हुए भवन संख्या 7बी/351, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद को अपने पक्ष में वारिसान के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
- डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866) डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
- डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866) डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

**आयोजन** देर रात तक चला लीला मंचन, बड़ी संख्या में दर्शक रहे मौजूद

# रामबाग की रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन, हुई जय जयकार

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** नवरात्र के चतुर्थ दिवस पर रामबाग धाम के मंच पर कलाकारों ने धनुष यज्ञ व सीता स्वयंवर का मंचन किया। लीला में प्रभु राम द्वारा माता सीता के गले में वरमाला डालने पर दर्शकों ने जय-जयकार की।

रविवार की लीला स्व. सुरेश चन्द्र भगतजी व स्व. गायत्री देवी की स्मृति में की गई। रामलीला का आरंभ दिनेश चन्द्र भगतजी, विपुल कृष्ण वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। परिषद की ओर से सभी यजमानों का माला, पटका, पगड़ी, पहना कर सम्मान किया गया। साथ ही प्रभु श्री राम की प्रतिमा उपहार स्वरूप भेट की। रामलीला में दिखाया गया कि महाराज जनक का दरबार सजा हुआ है। जहां सीता जी के स्वयंवर की घोषणा की जाती है, और बताया जाता है कि जो भी भगवान शिव का धनुष तोड़ देगा सीता जी उनके गले में वरमाला डालेंगी। कई राज्यों के राजा और राजकुमार सभा में आते हैं, लेकिन कोई भी धनुष को हिला भी नही पाता है। सभा के मध्य हुआ रावण और बाणासुर के संवाद को दर्शकों ने काफी पसंद किया। श्रीराम, लक्ष्मण राजा जनक के दरबार में ऋषि विश्वामित्र के साथ पहुंचते है। जहां ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा के बाद श्रीराम धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाते है, जिससे धनुष टूट जाता है। जिसके पश्चात माता सीता का विवाह श्री राम से हो जाता है। रामलीला में दर्शकों पर इनामों की बौछार की गई। दर्शकों के लिए लकी ड्रा, मेगा ड्रा व बंपर ड्रा खोले गए। स्व. लक्ष्मीनारायण की स्मृति में अंशुल गुप्ता व राहुल गुप्ता ने उपहार दिए। मंच का संचालन अमित अप्पू ने किया।



पंडित हनुमान सिंह मंच पर रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### सीता स्वयंवर का मंचन देख दर्शक हुए हर्षित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर की प्रसिद्ध सिद्धपीठ बगियावाली देवी मंदिर के समीप पं. हनुमान सिंह ग्राउंड के मंच पर रामलीला में सीता स्वयंवर का मनोहारी मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। श्री हिन्दू सनातन रामलीला मंच द्वारा आयोजित रामलीला में कलाकारों ने दिखाया कि प्रभु श्री राम के द्वारा जब धनुष तोड़ा गया। उसके बाद राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का विवाह श्री राम के साथ धूम-धाम के साथ किया। विवाह का दृश्य देख दर्शक प्रभु श्री राम व माता सीता के जयकारे लगाने लगे। रामलीला को देखने के लिए देर रात तक लोगों की भीड़ जुटी रही। इस दौरान रामकिशोर, बब्लू पाठक, प्रमोद शर्मा, शिवम शर्मा, ऋ तुपर्ण आचार्य, मुकेश यादव, महावीर प्रजापति, मुनीश शर्मा, राहुल सक्सेना, अरविंद वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।

### धूमधाम से निकली श्रीराम बरात, उमड़े दर्शक

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा के गांव सौंधन मोहम्मदपुर में श्रीराम बरात धूमधाम से निकाली गई। बरात में शामिल झांकियों ने मन मोह लिया। तमाम युवा नाचते गाते हुए चल रहे थे। आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में गांव सौंधन मोहम्मदपुर में चल रही श्रीराम लीला के छठे दिन रविवार को श्रीराम बरात का शुभारंभ मुख्य बाजार रामलीला मंच से किया गया। बरात विभिन्न मुहल्लों से होते हुए मंच पर आकर संपन्न हुई। जिसमें भगवान श्रीराम दरबार समेत कई झांकियां शामिल रहीं। जिन्हें देखने के लिए दर्शक उमड़ पड़े। श्रीराम बरात में तमाम युवा डीजे पर गूंज रहे भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। कई स्थानों पर श्रीराम बरात का स्वागत हुआ। इस दौरान धर्मेश यादव, महेंद्र कुमार शर्मा, प्रेम सिंह यादव, महेश, सतीश, भूरे, राजपाल यादव, शिवनारायण यादव, सुनिक सिंघल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कपड़ा विक्रेता को पीटकर किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला लालबाग रेतिया निवासी शब्बू पुत्र मोहम्मद असलम अपनी कपड़े की दुकान पर बैठा हुआ था। शब्बू का आरोप है कि कई युवक उसकी दुकान पर आये तथा गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने को मना किया तो वह नाराज हो गये तथा उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी। शब्बू का आरोप है कि आरोपियों में से एक अपनी लाइसेंसी राइफल भी ले आया था। पीड़ित ने पुलिस से जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कपड़ा विक्रेता का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

### गंगा में डूबे युवक का पांच दिन बाद भी सुराग नहीं

**गजरौला, अमृत विचार :** दोस्तों के साथ गंगा में नहाने गए युवक का पांच दिन भी कहीं कुछ पता नहीं चल सका। विकास (24) पुत्र गुरवेन्द्र सिंह निवासी गांव दरियापुर बुजुर्ग पांच दिन पहले अपने दोस्तों के साथ गंगा नहाने के लिये तिगरी गया था। यहां पर नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा था। उसे डूबता देखकर आसपास नहा रहे उसके दोस्तों व अन्य श्रद्धालुओं ने बचाने का भी प्रयास किया था, मगर वह नहीं बच सका था और गहरे पानी में डूब गया था। रविवार को पांच दिन बाद भी गोताखोरों ने युवक की तलाश की गई, मगर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल सका था।

### महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी विजय पाल सिंह ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने हमेशा किसानों के हित के लिए काम किया। रविवार को भाकियू द्वारा महेंद्र सिंह टिकैत का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गांव फतेहपुर स्थित किसान भवन पर किसानों ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के सच्चे मसीहा थे। किसानों के हित को लेकर संघर्ष किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी विजयपाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी शोवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी दानवीर सिंह, पश्चिम प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह, लोकेंद्र सिंह, मुनींद्र सिंह, अमरजीत सिंह, गुरवेंद्र सिंह, दीपक सिंह, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर में कूमल लगा तीन लाख की चोरी

## खेत में पड़ा मिला संदूक और कपड़े, शादी के लिए रखे थे रुपये

संवाददाता, बुरावली/रहरा

**अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव में शनिवार देर रात चोरों ने किसान के घर कूमल लगाकर दो लाख की नकदी समेत 500 ग्राम चांदी के आभूषण साफ कर दिए। पीड़ित किसान ने दो भैंस बेचकर तथा मजदूरी कर अपने साले की बेटी की शादी में देने के लिए दो लाख रुपये इकट्ठा किए थे। रविवार तड़के मजदूर की बेटी जैसे ही कमरे में झाड़ू लगाने के लिए गई कूमल लगा देख चक्कर खाकर गिर पड़ी।



किसान के घर की दिवार में लगाया गया कूमल। ● अमृत विचार

मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव फरोटा का है। गांव में एक छोर पर शिव मंदिर के पास सुरेंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र का घर है। शनिवार शाम किसान सुरेंद्र अपनी पत्नी मालवती के साथ धान काट कर आया था। खाना खाने के बाद मकान स्वामी सुरेंद्र अपनी छत पर सोने के लिए चला गया तथा कमरे में उसकी पत्नी मालवती, बेटी आरती, नीलम, सुमन और बेटा भूरा सो रहे थे। देर रात चोरों ने कमरे में दीवार काटकर कूमल लगा दिया तथा कमरे में रखे संदूक को ले गए। जिसमें सुरेंद्र के दो लाख रुपये नकद तथा उसकी बेटियों की 500 ग्राम चांदी के आभूषण रखे हुए थे। रविवार तड़के किसान की बेटी आरती जैसे ही झाड़ू लगाने कमरे में गई तो उसने कूमल लगा देखा। तो वह चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़ी। इतने में छत पर सो रहे सुरेंद्र उनकी पत्नी मालवती तथा पड़ोस के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए। सुरेंद्र ने बताया कि जब उन्होंने पड़ोसियों के साथ देखा तो गांव निवासी राजवीर सिंह त्यागी के खेत में संदूक तथा कपड़े बिखरे पड़े थे। संदूक से दो लाख की नकदी तथा 500 ग्राम चांदी के आभूषण गायब मिले। जिसके बाद ग्राम प्रधान अनिल गुर्जर तथा अन्य लोगों ने रहरा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची रहरा पुलिस ने छानबीन कर पीड़ित सुरेंद्र से मामले की तहरीर ली है।

### हल्का दरोगा और सिपाहियों ने पूरी की औपचारिकता

**बुरावली/रहरा, अमृत विचार :** शनिवार देर रात चोरी के बाद रविवार शाम तक तक थाना अध्यक्ष अलका चौधरी ने मौके पर पहुंचना भी उचित नहीं समझा। मौके पर पहुंचने की बात तो छोड़े पीड़ित ने रविवार दोपहर 11 बजे थाने में चोरी की तहरीर दी थी। जिसके बाद रविवार शाम पांच बजे तक रहरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित परिवार शाम तक थाने में बैठा हुआ था। सूचना के बाद पहुंचे हल्का दरोगा व सिपाहियों ने सिर्फ घटनास्थल की फोटोग्राफी कर औपचारिकता पूरी की।

## महिला से कुंडल व 20 हजार रुपये ठग कर दो युवक फरार

**गजरौला, अमृत विचार :** महिला को घरेलू बातों में बहला फुसलाकर दो युवक सोने के दो कुंडल व 20 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव काफुपुर निवासी राजवीरी पत्नी जयपाल सिंह शनिवार दोपहर घर से कुछ सामान खरीदने के लिए गजरौला शहर के बुध बाजार आई थी। वह जैसे ही मूंगफली मिल के पास पहुंची तो दो व्यक्तियों ने उसे घरेलू बातों में बहला फुसलाकर उससे सोने के दो कुंडल व पर्स में रखे 20 हजार रुपये ले लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर निवासी कुलविंदर (28) पुत्र वीर सिंह नोएडा में निजी फर्म में काम करता था। वह रविवार की सुबह करीब आठ बजे अपने घर से बाइक से नोएडा ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे। वह जब नेशनल हाईवे पर गजरौला स्थित शहबाजपुर डोर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कुलविंदर की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी कार चालक मौक से फरार हो गया। जबकि कार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।



हादसे के बाद क्षग्रिस्त कार।

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



क्षतिग्रस्त बाइक।

# 25 लाख रुपये व कार नहीं मिलने पर पीएसी के जवान ने रिश्ता तोड़ा

संवाददाता, गजरौला

- युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- 11 जुन को यूसुफपुर मजरा कैंच निवासी से हुआ था रिश्ता

**अमृत विचार :** दहेज में 25 लाख रुपये व कार नहीं मिलने पर पीएसी के जवान ने रिश्ता तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर पीएसी के जवान व उसके परिवार वालों के खिलाफ रिपोर्ट की है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी हरपाल सिंह की बेटी का रिश्ता 11 जून को थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव यूसुफपुर मजरा कैंच निवासी पीएसी में तैनात राहुल कुमार पुत्र महावीर सिंह के साथ हुआ था। जिसमें उन्होंने 2 तोला सोने की चेन व अंगूठी, 5 लाख 51 हजार रुपये नकद और सास व ससुर व ननदों को 21-21 हजार रुपये और कपड़े दिये थे। जिसके बाद 12 नवंबर 2024 को शादी तय की गई थी। शादी की तैयारियों को लेकर युवती के पिता ने शादी के लिए बैंक्वेट हॉल व खाना बनाने के लिए हलवाई को एडवांस रुपये देकर तय कर लिया था। आरोप है कि इसके बाद राहुल ने 25 लाख रुपये नकद व क्रेटा कार नहीं देने पर शादी करने से मना कर दिया। काफी समझाने पर भी राहुल व उसके परिवार वाले नहीं माने। जिससे युवती परेशान तनाव का शिकार हो गई है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि हरपाल की तरफ से राहुल व उसके परिवार वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# लूट की झूठी सूचना देने में बाइक मिस्त्री गिरफ्तार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली इलाके में लूट की झूठी सूचना पुलिस को देना बाइक मिस्त्री को भारी पड़ गया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया।

रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी अमरपाल पुत्र जयपाल सिंह ने शुक्रवार रात कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि बाइक सवार दो बदमाशो ने उससे 1 लाख 90 हजार की लूट कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना के दौरान ही घटना को संदिग्ध बताया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लेने के बाद अमरपाल को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारा राज उगल दिया। अमरपाल ने



मामले की जानकारी देती पुलिस व आरोपी।

बताया कि उसने बहनोई एवं परिचित से 1 लाख 62 हजार रुपए लेकर कहीं लगाए दिये थे। 5 अक्टूबर को उन पैसों को बहनोई व परिचित को वापस करना था। लेकिन पैसों का बंदोबस्त नहीं हो सका तो उसने लूट बताकर पुलिस को गुमराह किया। पुलिस ने लूट की झूठ की सूचना देने वाले बाइक मिस्त्री के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## 17 को कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी कांग्रेस : ओमकार

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक नगर स्थित कार्यालय पर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं जनसमस्याओं के समाधान के बारे में चर्चा की गई।

बैठक में ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए 17 अक्टूबर को जिला कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने जो देश और प्रदेश की जनता से चुनाव के वक्त वादे किए थे। योगी और मोदी की सरकार उन्हें पूरा नहीं कर रहे हैं। जनता की अनदेखी कर रही हैं, किसानों के बिजली के बिल और कर्ज माफ नहीं कर रहे हैं। बैठक में फैज आलम रायनी, चौधरी सुखराज सिंह, मोमराज पंवार, आसिम हुसैन, राजकुमार अरुण, नौशाब खां, विनोद कुमार सक्सेना, अब्दुल सत्तार सैफी, चौधरी नरेंद्र सिंह, हरिओम पुष्कर आदि रहे।

# सामाजिक कुरीतियों से दूर रहें : मलखान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रविवार को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की बैठक मनोज ठेकेदार के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह ने कहा 27 अक्टूबर को गुर्जर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

गुर्जर महासम्मेलन में गुर्जर समाज की प्रतिभाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जो बच्चे अच्छे नंबरों से पास हुए हैं या खेल में अपनी प्रतिभाओं का अच्छा प्रदर्शन किया है उन सबको सम्मानित किया जाएगा। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती भी 27 अक्टूबर को ही अखिल भारतीय गुर्जर महासम्मेलन में मनाई जाएगी। अमरोहा में जल्दी ही गुर्जर भवन का निर्माण किया जाएगा, गुर्जर समाज के सभी युवा साथी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहें। शिक्षित बने संगठित रहें समाज के स्वाभिमान अधिकारियों के लिए संघर्ष करें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मलखान सिंह गुर्जर ने किया और संचालन मास्टर यशपाल सिंह गुर्जर ने की।



गुर्जर महासभा की बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष मलखान सिंह।

इस अवसर पर महास्य जयचंद, मोमराज सिंह पंवार, मुन्नू सिंह, ओमकार सिंह कटारिया, यशपाल सिंह गुर्जर, धर्मपाल सिंह, जगपाल सिंह भडाना, रविंद्र भाटी, मनोज ठेकेदार, किरण पाल, मानु प्रधान, विचित्र भाटी, राजीव कुमार, पवन सिंह, चंद्र किशोर सिंह, भोला सिंह पवार, विनोद गुर्जर, कुलदीप पोसवाल, दिनेश लोहिया, अनिल प्रधान, वीरेंद्र सिंह, संजय सिंह भाटी, अखिलेश भाटी, कमल मुखिया, बुद्ध कटारिया, अंकित कटारिया, वीरेंद्र सिंह सिंह, जसवीर नागर, बुद्ध सिंह प्रधान, रविंद्र चंदनपुर, चमन सिंह, रविन्द्र धामा आदि उपस्थित रहे।

आयोजन | जिला अस्पताल में हुआ कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम

# लड़कियों को बोझ न समझें : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता और पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत 54 नवजातों को जन्म देने वाली माताओं को बेबी किट, मच्छरदानी एवं मिठाई देखकर सम्मानित किया।

रविवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सुरक्षा स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति के तहत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता एवं नगर पालिका अमरोहा की अध्यक्ष शशि जैन की उपस्थिति में जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेटियों को जन्म देने वाली माताओं ने केक काटा। जिस पर जिलाधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने कन्या जन्मोत्सव की बधाई दी और शुभकामनाएं दी।



महिला को किट देती जिलाधिकारी निधि गुप्ता व पालिकाध्यक्ष शशि जैन।

इस अवसर पर 54 नवजात कन्याओं के माता-पिता को बधाई देकर बेबी किट, मच्छरदानी एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कन्या के जन्म पर परिवार में उत्साह की भावना हो चाहिए। कन्याओं के जन्म से लेकर विवाह तक अभिभावकों की मदद के लिए सरकार योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि बेटियों को बोझ ने समझें। लड़का व लड़की में समानता का व्यवहार करें। बेटियां किसी भी स्थिति में बेटों से कम नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि मिशन शक्ति सरकार द्वारा चलाई जा रही लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए सरकार की अच्छी योजना हैं। इस अवसर पर सीएमएस, व अन्य चिकित्सक स्टाफ मौजूद रहे।

## सड़क पर गंदा पानी भरने से ग्रामीण परेशान

**आदमपुर, अमृत विचार :** खैलिया पट्टी में सड़क पर भरे पानी से ग्रामीण और राहगीर परेशान हैं। जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर है। इस रास्ते पर ही परिषदीय विद्यालय भी है। ग्रामीण समस्या से निजात के लिए कई बार ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यहां जलभराव का मुख्य कारण पानी की निकासी का सही नहीं होना है। बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जलभराव से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। संजीव कुमार, नेकपाल यादव, अखिलेश कुमार, छोटे सिंह, करन सिंह, ऋषिपाल सिंह, गोलक सिंह, मुकुट सिंह, गुलफान सिंह ने समस्या के समाधान की मांग की। ग्राम प्रधान इल्यास अहमद का कहना है कि तालाब न होने के कारण पानी से परेशानी होती है। 20 दिन पहले रास्ते से पानी निकलवा चुके हैं और जल्द ही पानी को निकलवा दिया जाएगा।



सैनी समाज की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# समाज के उत्थान के लिए मिलकर प्रयास करें : राजपाल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** प्रगतिशील सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाहा, माली महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए प्रयास किया जाएगा।

रविवार को पालिका के सभागार में प्रगतिशील सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा माली महासभा की बैठक हुई। बैठक में जिले के समाज के लोगों का चेयरमैन राजपाल सैनी का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद बैठक में समाज के लोगों विचार रखे गए। राजपाल सैनी ने समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की बात कहते हुए कहा कि जब समाज तरक्की करेगा तभी हम सब तरक्की करेंगे। चंद्रपाल सैनी ने कहा कि महासभा के उद्देश्य समाज की उन्नति करना है और समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। बैठक में चंद्रपाल सैनी, देवेंद्र सैनी, बबलू सैनी, बीके सैनी, गंगा सरन सैनी, गिरधारी लाल सैनी, कपिल सैनी, पूरन सैनी, संत राम सैनी, जयप्रकाश सैनी, डॉ. शिवचरण सैनी, करन सैनी, ओके सैनी, रमेश सैनी सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



थाने में एक दिन की थानाध्यक्ष बनी कुमारी सिद्धु व अन्य पुलिसकर्मी।

### एक दिन की थाना प्रभारी बनी कुमारी सिद्धु ने सुनी शिकायतें

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना सैदनगली में एक दिन की थाना इंचार्ज बनी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा कुमारी सिद्धू ने थाने में लोगों की शिकायतें सुनीं। कुमारी सिद्धू ने पहले थाने के कई अभिलेख चेक किए। अपराधियों के बारे में और गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उसके बाद थाना परिसर का भ्रमण किया। थाने में जगह-जगह गंदगी मिलने चिंता जताई। लोगों ने उनसे बस स्टैंड पर आए दिन लगने वाले जाम के बारे में भी बताते हुए पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाने की मांग की। इसके अलावा जिस समय विद्यालयों की छुट्टी होती है, उस समय पुलिस बल विद्यालयों के गेट के आसपास लगाने की भी मांग की।

### यति नरसिंहानंद के बयान की निन्दा की

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल रुहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी ने यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद साहब के बारे में दिए बयान की कड़े शब्दों में निन्दा की है। उन्होंने इसे देश के सांप्रदायिक सौहार्द, सद्भावना, मानवता और राष्ट्रीय एकता के लिए नुकसानदायक बताया है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से समाज में विद्वेषपूर्ण बयान देने वाले सभी अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा उन पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है। जिससे इस प्रकार के अनावश्यक और भड़काऊ बयान देने वालों को सज़ा दी जा सके और देश की गंगा-जमुनी तहजीब, साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति और आपसी भाईचारे को कायम रखा जा सके।

### डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने राम सिंह बौद्ध का किया स्वागत

**गजरौला, अमृत विचार :** शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज कराने वाले रेडियो मैन की संज्ञा से विभूषित राम सिंह बौद्ध का स्वागत किया। कहा कि उनके प्रयास से पूरे विश्व में गजरौला का नाम प्रसिद्ध हुआ है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेन्द्र सिंह ने भी राम सिंह बौद्ध को मिली उपलब्ध पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. राजीव शुक्ला, सतेन्द्र सिंह, डॉ. पृथी सिंह, विपिन पंघाल, वीपी सिंह, कुंवरपाल सिंह खड़गवंशी, गुरुवचन सिंह सिद्धू, तेजपाल सिंह, रोहित सागर, करनपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



राम सिंह बौद्ध का स्वागत करते शिक्षक विधायक व अन्य। ● अमृत विचार



कार्यकारिणी गठन के बाद मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

### जाटव महासभा के शिविर को लेकर चर्चा

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी गंगा मेले में आयोजित होने वाले जिला जाटव महासभा के शिविर को लेकर समाज के लोगों ने बैठक करके रणनीति बनाई और कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में इंजीनियर विजयप्रताप सिंह को अध्यक्ष चुना गया। विजयपाल मौर्य को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश कुमार को उपाध्यक्ष, गंगासरन सिंह को महामंत्रा, प्रीतम सिंह को कोष्याध्यक्ष, डॉ. डीएस हर्ष को मंच संचालक व होरी सिंह, हरि सिंह मौर्य व राजवीर सिंह को संरक्षक मनोनीत किया। ओमप्रकाश सिंह, डॉ. प्रथी सिंह, जयवीर सिंह, कुलवंत सिंह, गोपाल सिंह, संजीव कुमार, संजीव सागर, राजेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह, लोकेश, संजय, मुकेश, करन सिंह, रामवीर सिंह, विनोद कुमार, उदयभान सिंह, पूरन सिंह, चेतराम, निर्मल सिंह, शीशपाल, सुरेन्द्र सिंह, सुबोध कुमार, राजेंद्र, रौंनकी सागर, अरविंद कुमार, सुभाष, चंद्रपाल सिंह, चरन सिंह व सुंदर लाल को सदस्य मनोनीत किया गया।



सुभासपा की बैठक में मौजूद पार्टी के पदाधिकारी व अन्य।

### सुभासपा लड़ रही दलितों व पिछड़ों की लड़ाई: सत्यपाल

**अमरोहा, अमृत विचार :** कैलसा रोड पर रौनक वाटिका के पीछे सुभासपा पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी गरीब, कमजोर, वंचित पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की लड़ाई लड़ रही है। हम सभी को गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं को बता रहे हैं। इस मौके पर आदेश अमरोही, बाबू रामपाल, जसवीर सिंह चौहान, राम गोपाल जाटव, धर्मवीर सिंह, जितेंद्र राणा, रेखा, खालिद हुसैन, मोहम्मद नाजिम, डॉ. जगत सिंह गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे।



पेंशनर्स एसोसिएशन के अधिवेशन में मौजूद शिक्षक विधायक व अन्य लोग।

### अनूप बने अध्यक्ष, शिवेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**अमरोहा, अमृत विचार :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन अमरोहा शाखा का अधिवेशन विकास खंड सभागार में संपन्न हुआ। अधिवेशन में पेंशनर्स के मुद्दे राशिकरण कटौती 10 साल पर बंद करने, कैशलेस इलाज व चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यवस्था सुगम करने, किराये में वरिष्ठ नागरिकों को छूट बहाल करने, 65,70 एवं 75 वर्ष की आयु पर पेंशन वृद्धि प्रदान करने आदि पर सर्वसम्मति प्रस्ताव पारित कर सरकार से समाधान की अपील की गई। बैठक में मुख्य अतिथि हरि सिंह ढिल्लो ने समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान अनूप सिंह कैसल अध्यक्ष, शिवेंद्र सिंह चिकारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह राणा मंत्री एवं अनिल कुमार माहेश्वरी संप्रेक्षक चुने गए। निर्वाचित पदाधिकारियों ने निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र सिंह और सहायक निर्वाचन अधिकारी नेमपाल सिंह तथा मंडलीय संगठन मंत्री शिव ज्ञान सिंह से सलाहकर सर्वसम्मति से जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें संरक्षक तेजपाल शर्मा और सोमनाथ सिंह प्रजापति कोषाध्यक्ष, शिशुपाल सिंह संयुक्त मंत्री, ज्ञानेंद्र सिंह त्यागी प्रवक्ता, सोमनाथ सिंह उपाध्यक्ष, अमिपाल सिंह, एसपी भटनागर, पुरुषोत्तम मित्तल भोपाल सिंह तोमर संगठन मंत्री, शशि राज शर्मा और धर्मपाल सिंह तथा प्रचार मंत्री योगेंद्र मोहन शर्मा को नामित किया। अमरोहा तहसील के लिए खुर्शीद हसन जैदी को अध्यक्ष, सुनील त्यागी को मंत्री, नौगांवा सादात तहसील के लिए मूलचंद चौहान अध्यक्ष और सुभाष चंद्र को मंत्री। वहीं धनोरा तहसील के लिए लोकेंद्र सिंह अध्यक्ष और रजाक अहमद मंत्री तथा हसनपुर तहसील के लिए विपिन त्यागी अध्यक्ष और कुंवरपाल सिंह मंत्री नामित किया गए।

## एक नजर


शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### मूर्ति स्थापना से पहले निकाली शोभायात्रा

**हसनपुर . अमृत विचार** : प्राचीन मंदिर में मूर्ति स्थापना से पहले भक्तों ने मुख्य मार्गों पर धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का आरंभ चेयरमैन राजपाल सैनी ने किया। रविवार को मोहल्ला कोटपूर्वी स्थित प्राचीन मां दुर्गा मंदिर पर यादव समाज द्वारा हनुमान जी, खाटू श्याम, शनिदेव, लक्ष्मी नारायण एवं भगवान शंकर मूर्ति स्थापना से पूर्व नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मोहल्ला कोटपूर्वी से प्रारंभ होकर पुराना डाकघर वंश प्लाजा, इंदिरा चौक, पंसारा बाजार, जामा मस्जिद होते हुए मां दुर्गा मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में डीजे पर बज रही धार्मिक धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, वेदप्रकाश यादव, विक्की यादव, सीमा यादव, अर्जुन यादव, चेतराम यादव, किशन यादव, हरिओम यादव, अनिल, गिरधारी लाल सैनी, राजू यादव रहे।

# जल कलश पर राम-सीता ने पहनाई जयमाला

## डिडौली में राम बरात का पुष्प वर्षा से श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : रविवार को श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अमरोहा द्वारा आयोजित रामलीला में मेरठ के कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ लीला का मंचन प्रस्तुत किया। जिसमें कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 30 फिट ऊंचे जल कलश पर राम एवं सीता की जयमाला रही। जिसने हजारों श्रद्धालुओं के मन को मोह लिया और उसके पश्चात लक्ष्मण परशुराम संवाद की प्रस्तुति हुई। साथ ही साथ रामलीला ग्राउंड में लगे मेले का भी रामभक्तों ने आनंद लिया।

मंचन में मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल, महामंत्री शार्दुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल, संरक्षक रमेश कालू, रविराज सरन, अजय कुमार अग्रवाल, करुणेश गोयल, संजीव सैनी, प्रेम नारायण रघुवंशी, अमित रस्तौगी, कपिल शर्मा, अजय चतुर्वेदी, राहुल कुशवाह, रवि कुशवाहा, गौरव गोयल, संजीव सक्सेना, अचल अग्रवाल, मनोज महेश्वरी, दीपक बंसल, संजीव गोयल, अनुज शर्मा, मनु कमल गुप्ता, मनुज गोयल, संजीव रघुवंशी, करन रघुवंशी, रामगोपाल, योगेश गोयल, अशोक रस्तोगी, सुबोध रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।


अमरोहा में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

- 30 फिट ऊंचे कलश पर मंचन हजारों दर्शकों ने की जयकार

वहीं, **डिडौली** में श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तहत शनिवार को भगवान श्री राम राम बरात निकाली गई। बरात में शामिल हनुमान जी व अन्य आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। भगवान राम बरात की मोहल्ला खेड़ा स्थित रामचरण सिंह बाल बिद्या मन्दिर से शुरुआत हुई। बरात में सबसे आगे बाहुबली हनुमान नाचते चल रहे थे। उनके पीछे रथ पर भगवान राम विराजमान थे। इसके अलावा बाकी रथों पर उनके पीछे भाई भी सवार थे। भगवान जगगनाथ की झांकी आकर्षक का केंद्र रही। राम बरात बाल बिद्या मन्दिर से शुरू होकर मोहल्ला खेड़ा मुंशियान, मुल्लाना, जाटव कालोनी, चौधरियान, इक्वलनगर, पधानों वाला होते हुए इकौंदा रोड स्थित रामलीला ग्राउंड में जाकर सम्पन्न हुई। यहां सीता जी ने भगवान राम को वरमाला पहनाई। इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष मयंक कुंमार, मोनू, सीएल गुप्ता के प्रबंध निदेशक प्रणीत गुप्ता, राकेश त्यागी, विपिन गुप्ता, अनिल त्यागी, ब्रजपाल सिंह, अतुल चौधरी, विजय पांडेय, सुभम चौधरी, जितेंद्र सिंह, सरल चौधरी, राजू कुमार, राहुल गुप्ता, अमित चौधरी, संजीव तोमर मौजूद रहे।


डिडौली में राम बरात का स्वागत करते लोग।

### विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम ने तोड़ा धनुष

**आदमपुर, अमृत विचार** : पतालेश्वर शिव मंदिर में रामलीला का कलाकारों ने मंचन किया। जिसमें दिखाया कि विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण जनकपुरी में सीता स्वयंवर में पहुंचते हैं। वहां रावण, बाणासुर और अन्य कोई भी धनुष उठा नहीं पाया। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम धनुष का खंडन करते हैं और माता जानकी वरमाला पहनती हैं। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, सतपाल सिंह, धर्मवीर, संजीव, अरुण सिंघल आदि मौजूद रहे।

## राम बरात के दौरान आरती को लेकर हुई नोकझोंक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : राम बरात के दौरान भगवान राम की आरती करने को लेकर समिति पदाधिकारी एवं व्यापारियों के बीच नोकझोंक हुई। जनकपुरी में व्यापारियों द्वारा राम बरात के दौरान आरती कर माता सीता के साथ जयमाला का कार्यक्रम कराया जाता है। शनिवार रात समिति द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दो अन्य लोग बुलाए गए थे, जिसको लेकर जनकपुरी के व्यापारियों में रोष फैल गया और वह इस बात का विरोध करने लगे। विरोध के चलते व्यापारियों एवं श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के पदाधिकारी के बीच नोकझोंक हुई, जिसके कारण राम बरात काफी देर तक जनकपुरी में ही रुकी रही। व्यापारियों का आरोप है कि जब हम सब व्यापारी राम बरात का स्वागत करते हैं तो हम ही आरती करेंगे। मामले को बढ़ता देख कुछ व्यक्तियों ने समिति एवं व्यापारियों के बीच सुलह कराकर राम बरात को रवाना किया। श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के प्रबंधक राकेश अग्रवाल ने बताया कि गलतफहमी हो गई थी जो बाद में दूर कर ली गई।

### कलाकारों ने धनुष यज्ञ का किया मंचन

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार** : गांव दड़ियाल की श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में कलाकारों ने रंगमंच पर धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया। रंगमंच पर धनुष यज्ञ की लीला के दौरान रावण बाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम व जनक का अभिनय भी उच्चकोटि का रहा। धनुष तोड़ने के बाद राम व सीता का हवा में वर माला का दृश्य, भगवान परशुराम की तपस्या भंग होने व अनहोनी की आशंका का मंचन किया। इस दौरान सुरेश चौधरी, फूल सिंह, जमील ठेकेदार, ज्ञानेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान गंगासरन, अवनीश शर्मा, महेश शर्मा, बलवीर, फकरुद्दीन, मौजीराम शर्मा, अजीत फौजी रहे।

### महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

**गजरौला, अमृत विचार** : मां भगवती के 10वें जागरण के उपलक्ष्य में महिलाओं ने गंगा धाम तिगरी से कलश यात्रा निकाली। इस दौरान मां भगवती के जयकारे गूंजते रहे। रविवार को महिलाओं ने तिगरी गंगा धाम से गंगा जल भरकर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा गांव के चामुण्डा मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर रेखा सैनी, पायल, सुनीता, लक्ष्मी, संगीता, सुशीला, किरण, महेश सैनी, दिलीप सैनी, सुंदर सैनी, डॉ. सुरेश सैनी, सुरेंद्र धरीवाल, नरेश, दिलीप सैनी संजीव सैनी, सतपाल सिंह, लाल सिंह, चंद्रपाल, मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# देवी के जयकारों से गूंजा मंदिर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा विधि विधान से की गई। नगर में मां चामुंडा मंदिर के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की। इस दौरान चामुंडा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

चामुंडा मंदिर के पुजारी सोमनाथ शर्मा ने बताया कि मां का चौथा स्वरूप मां कूष्मांडा का है। ब्रह्मांड की रचना करने वाली देवी भगवती के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की श्रद्धालुओं ने पूजा की। इनकी क्रांति और आभा सूर्य के समान है। जब श्रष्टि नहीं थी, तब देवी के कूष्मांडा रूप ने ही संसार का विस्तार किया। मां का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का है। शाकुंभरी रूप धर देवी ने शाक से धरती को पल्लवित किया और शताक्षी बनाकर असुरों का संहार किया। यह प्रकृति और पर्यावरण की अधिष्ठात्री हैं। कूष्मांडा देवी की आराधना के बिना जप और ध्यान संपूर्ण नहीं होते। नवरात्र के चौथे दिन शाक सब्जी और अन्न का दान फलदायी है। माता के इस रूप में तृप्ति और तुष्टि दोनों है।


मां चामुंडा मंदिर में पूजा-अर्चना करती महिलाएं।

## देवी मां के भजन सुन श्रद्धालु भावविभोर

**अमरोहा, अमृत विचार** : श्री वासुदेव तीर्थ पर मां दुर्गा महोत्सव के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा की गई। दिन में हवन पूजन किया और रात में माता का जगराता हुआ। जिसमें गायक कलाकारों ने माता रानी के भजन गाए।

रविवार को मां कुष्मांडा की पूजा भी की गई। हवन का आयोजन किया गया। रविवार रात को कलाकारों ने माता का भजनों से गुणगान किया गया एवं सुन्दर व आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी गई। झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान श्री वासुदेव तीर्थ पर अमरोहा व आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में देवी भक्त जागरण देखने के लिए पहुंचे। इस दौरान वासुदेव मंदिर समिति अध्यक्ष शिव स्वरूप टंडन, अनिल टंडन, सचिन शर्मा, अनिल जग्गा, गौरव वर्मा, ओमप्रकाश सारस्वत आदि मौजूद रहे।

## भालू ने हमला कर युवक को किया घायल, भर्ती

**खटीमा, अमृत विचार** : जंगल में मशरूम की तलाश में गए युवक पर भालू ने हमला कर दिया। साथियों के शोर मचाने पर भालू जंगल में चला गया। साथियों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

मुड़ेली निवासी भुवन सिंह राणा (45) अपनी बहिन के यहां दिया गांव में रहता है। शनिवार को वह गांव के अन्य युवकों के साथ पास के सुतलीमठ रेंज के जंगल में जंगली मशरूम की तलाश में गया था। इसी बीच झाड़ियों में से निकले भालू ने उसपर हमला कर दिया। भालू के हमले से भुवन सिंह के दोनों हाथ घायल हुए हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सुतलीमठ वन रेंज के अधिकारियों को दी और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया।

# युवाओं को नशे से दूर रहने को प्रेरित करें

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार** : गजरौला-चांदपुर रोड स्थित एक बैंक्विट हॉल में जिला सैनी सभा की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला सैनी सभा के जिलाध्यक्ष जगदीश सैनी का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष जगदीश सैनी के निर्देश पर तहसील व ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इसमें जयप्रकाश सैनी व विक्रम सैनी को धनौरा तहसील संरक्षक, सुनील सैनी को अध्यक्ष, राजेंद्र सैनी को महामंत्री, कुबेर सिंह सैनी को ब्लॉक अध्यक्ष, भोले सिंह सैनी को महामंत्री व शिवकुमार सैनी को विधि सलाहकार चुना गया। जिला सैनी सभा की जिला इकाई में सोनू सैनी उर्फ़ अशोक सनी को जिला उपाध्यक्ष व देशराज सैनी को जिला महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। जगदीश सैनी ने कहा कि कहा कि संगठन द्वारा समाज के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षित करना तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए अभियान चलेगा और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर मंगत राम सैनी, सर्वेश सैनी, नरेश सैनी, अर्जुन सैनी, अशोक सैनी, राधेश्याम सैनी, धर्मेंद्र सैनी, सौरभ सैनी, दीपक सैनी, राजवीर सैनी, करन सैनी, नीरज सैनी, सुरेश सैनी, संजय सैनी, अंकित सैनी, विनोद शास्त्री, मदनपाल सैनी आदि रहे।


जिला सैनी सभा की बैठक में मनोनीत पदाधिकारी व अन्य।

# धार्मिक किताब के पन्ने जलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

- एसपी देहात,एसडीएम के साथ कई थानों की पुलिस पहुंची

**अमृत विचार** : मोहल्ला किला वाली मजार में किसी शरारती तत्व ने धार्मिक किताब के पन्ने जला दिए। सुबह मजार पर पहुंचे लोगों ने देखा तो आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग जुट गए। आसपास के दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। एसडीएम, तहसीलदार पुलिस के साथ पहुंचे और लोगों को शांत कराया। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

बिसौली कस्बा की कांशीराम कॉलोनी के पास किला वाली मजार है। यहां शनिवार रात किसी शरारती तत्व ने माहौल बिगाड़ने के लिए धार्मिक किताब के पेज के टुकड़े करके जला दिए। रविवार सुबह एक मौलाना मजार पर पहुंचे तो जानकारी हुई। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए और आक्रोश जताने लगे। आसपास के दुकानदार भी अपनी दुकानें बंद कर मजार पर पहुंचे। हंगामा होने लगा। जानकारी मिलने पर बिसौली एसडीएम राशि कृष्णा, तहसीलदार विजय शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह पहुंच गए। कई थानों की पुलिस बुला ली गई। कुछ समय बाद एसपी देहात केके सरोज, सीओ बिल्सी राकेश कुमार भी पहुंच गए। अधिकारियों ने लोगों को जल्द खुलासा कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। क्षेत्र में पैदल मार्च करके लोगों को समझाया। शांति व्यवस्था की अपील की। इसके बाद मौलाना ने जले टुकड़ों को दफन करा दिया। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी।

## आबकारी निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ब्यूरो, देहरादून, अमृत विचार** : कर्णप्रयाग क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। विजिलेंस टीम ने उसे 30 हजार रुपये के साथ पकड़ा है। शराब की दुकान का निकासी पास न होने के एवज में कार्रवाई का डर दिखाकर रिश्वत की मांग की गई थी। चमोली जिले के गैरसैंण क्षेत्र में अंग्रेजी शराब की दुकान के मालिक ने कर्णप्रयाग के आबकारी निरीक्षक जयबीर सिंह के बारे में विजिलेंस विभाग में शिकायत की थी। शिकायतकर्ता का कहना था कि उसकी दुकान पार्टनर द्वारा चलाई जा रही है। जिसका नियमित रूप से राजस्व देने के बाद भी निकासी पास न होने का डर दिखाने के एवज में कर्णप्रयाग क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक जयबीर सिंह द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। उससे बतौर रिश्वत 30 हजार रुपये मांगे गए। शिकायत सही पाए जाने पर विजिलेंस टीम ने उसे ट्रैप में फंसाने का जाल बिछा दिया। रणनीति के तहत शिकायतकर्ता रविवार को शक्ति नगर कर्णप्रयाग स्थित आबकारी निरीक्षक के किराए वाले मकान पर तय रकम देने पहुंचा था। तभी विजिलेंस टीम ने उसे रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसके घर की भी तलाशी ली गई।

## धर्म प्रचारक ही नफरत फैला रहे : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार** : कुंभ मेले में अखाड़ा परिषद के मुसलमानों की एंट्री पर बैन लगाने की मांग पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हैरत की बात है कि धर्म के प्रचारक ही नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। मौलाना ने कहा कि ये लोग समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं, जो देश हित में नहीं है। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि ये किस तरह के मजहबी लोग हैं जो समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। जबकि उन्हें प्रेम की भावना से काम करते और लोगों के दिलों को तोड़ने के बजाए जोड़ने का काम करना चाहिए। मुसलमान के बगैर हिंदुस्तान का गुलदस्ता मुकम्मल नहीं होता। भारत की विशेषता यही है कि सभी धर्म के मानने वाले एक साथ मिलजुलकर रहते हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलासपुर जनपद रामपुर

पत्रांक: 107/न.पा.परि.बि./2024–25 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 05.10.2024

नगर पालिका परिषद बिलासपुर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ए.बी.सी. अन्य श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकते हैं।

**कार्यो का विवरण**

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी. रू. में) | निविदा मूल्य | | | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | निविदा मूल्य | GST 18% | कुल मूल्य | |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | | | 07 |
| राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य | | | | | | | | |
| 01 | रामपुर | वार्ड सं. में कुलदीप कौर के मकान से अशोक के मकान तक सी.सी. इ.लाक रोड व नाली निर्माण कार्य। | 148000.00 | 3000.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 03 माह |
| 02 | रामपुर | वार्ड सं. 02 में रेखा के मकान से पुरानी सी.सी. टाईल्स रोड व बिहारी के मकान तक सी.सी. टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 92000.00 | 2000.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 03 माह |
| 03 | रामपुर | वार्ड सं. 03 में महेश लाला की दुकान के पास पुलिया का निर्माण कार्य। | 120000.00 | 2400.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 03 माह |
| 04. | रामपुर | वार्ड सं. 03 में मदरसे के पीछे वाली रोड से नदीम के घर तक सी.सी. टाईल्स इ.लॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 372200.00 | 7500.00 | 400.00 | 72.00 | 472.00 | 03 माह |
| 05. | रामपुर | वार्ड सं. 04 में प्रेमशंकर के मकान से विजेन्द्र लाला राम के मकान तक सी.सी. टाईल्स रोड व नाली निर्माण | 467200.00 | 9500.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | 03 माह |
| 06. | रामपुर | वार्ड सं. 07 में जिम के सामने क्रास का निर्माण। | 346000.00 | 7000.00 | 300.00 | 54.00 | 354.00 | 03 माह |
| 07. | रामपुर | वार्ड सं. 07 व 21 के मध्य डॉ. अरोरा के सामने पुलिया का निर्माण। | 225000.00 | 4500.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | 03 माह |
| 08. | रामपुर | वार्ड सं. 11 में डाक्टर पन्नू के मकान से नाले तक नाली निर्माण कार्य। | 201000.00 | 4100.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | 03 माह |
| 09. | रामपुर | वार्ड सं. 11 में अशोक शर्मा के प्लाट से मनू मित्तल के प्लाट तक सी.सी. टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 216000.00 | 4500.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | 03 माह |
| 10. | रामपुर | वार्ड सं. 11 व 12 के मध्य अमित शर्मा की दुकान के पास पुलिया का निर्माण। | 94000.00 | 2000.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 03 माह |
| 11. | रामपुर | वार्ड सं. 14 में वाल्मीकि मंदिर सौन्दर्यीकरण कार्य। | 259000.00 | 5200.00 | 300.00 | 54.00 | 354.00 | 03 माह |
| 12. | रामपुर | वार्ड सं. 19 में अमीना के मकान से अजीब भाई के मकान तक इ.लॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 95700.00 | 2000.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 03 माह |
| 13. | रामपुर | वार्ड सं. 19 सुरेन्द्र कुक्कु की दुकान से अनिल जैन के मकान तक सी.सी. टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 312300.00 | 6300.00 | 300.00 | 54.00 | 354.00 | 03 माह |
| 14. | रामपुर | वार्ड सं. 21 में सैजी की दुकान से सलीम खां के मकान तक सी.सी. टाईल्स रोड व नाली निर्माण कार्य। | 381000.00 | 7700.00 | 400.00 | 72.00 | 472.00 | 03 माह |
| 15. | रामपुर | नगर पालिका परिषद बिलासपुर के कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कैम्प्स में मल्टीपल हैंडवाश के पास शैड का निर्माण कार्य। | 339669.00 | 6800.00 | 300.00 | 54.00 | 354.00 | 03 माह |
| 16. | रामपुर | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में रोड से कस्तूरबा गांधी विद्यालय के गेट तक सी.सी. टाईल्स इ.लॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 272000.00 | 5500.00 | 300.00 | 54.00 | 354.00 | 03 माह |

01. निविदा सूचना में अंकित कार्यो के निविदा पत्र प्राप्ति हेतु कार्यालय में बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि:– 07.10.2024 प्रात: 11:00 बजे से।
02. निविदा प्राप्ति एवं जमा के लिए अंतिम तिथि समय व स्थान– 17.10.2024 दोपहर 2:00 बजे तक स्थान नगर पालिका परिषद बिलासपुर जनपद रामपुर।
03. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 17.10.2024 को सायं 03:00 बजे से।
04. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से कार्यालय सूचना घट पर निगरानी रखें।
05. अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस कार्यालय मे उपस्थित होकर कार्यालय में देखी जा सकती है।

**डॉ. नितिन कुमार गंगवार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिलासपुर**

**चित्रक मित्तल**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बिलासपुर**

# 5600 करोड़ खर्च, दुनिया करेगी सनातन संस्कृति से साक्षात्कार

## प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- सनातन परंपरा के सम्मान के लिए समर्पित है सरकार

संवाददाता, प्रयागराज/लखनऊ


प्रयागराज में वासुदेवानन्द सरस्वती से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 5600 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट से प्रयागराज को भव्य और सुंदर बनाया जा रहा है। महाकुंभ का आयोजन सनातन धर्म के ध्वजवाहक अखाड़ों और विभिन्न संत परंपराओं के निर्देशन में उनके ही द्वारा किया जाता है। राज्य सरकार, इसमें सहयोगी है और दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुगण अतिथि हैं। महाकुंभ में पूरी दुनिया सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार करेगी। सनातन परंपरा के सम्मान के लिए सरकार समर्पित है।

प्रयागराज स्थित महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को संत समाज के साथ संवाद और पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि महाकुंभ के मुख्य आयोजक साधु संत ही होते हैं, शासन-प्रशासन नैतिक व्यवस्था के साथ जुड़े होते हैं। ऐसे में वह इससे जुड़कर इसको भव्य और दिव्य बनाएंगे। कुंभ-19 में पूरी दुनिया प्रयागराज की ओर आकर्षित हुई थी। इस दौरान करीब 25 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया था। वे सभी इतने बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में सहभागी बने थे। वहीं लगभग 100 देशों के राजनयिक भी कुंभ-19 के भागीदार बने थे। इन लोगों ने भारत के आध्यात्मिक और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का अवलोकन भी किया था। इसी क्रम में दिव्य, भव्य और नव्य महाकुंभ-2025 के लिए विभिन्न विभागों द्वारा युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। योगी ने महाकुंभ में सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए सभी संतों-संन्यासियों, आचार्यों से अनुरोध किया कि अपने आश्रम में तब तक किसी को प्रवास की अनुमति न दें जब तक कि उनका विधिवत सत्यापन न कर लिया जाए। कहा कि संतों की कृपा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज अयोध्या, वाराणसी और ब्रजधाम के नए स्वरूप का दर्शन पूरी दुनिया कर रही है। ब्रह्मलीन नरेंद्र गिरी जी महराज की स्मृति को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के पास कॉरीडोर का निर्माण भी हो रहा है। उन्होंने सभी संतों से स्वच्छ महाकुंभ के अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता के संकल्प के लिये यह सभी के लिए उचित होगा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न किया जाए। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान, जयवीर सिंह, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य केपी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव मनोज सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, शीर्ष अधिकारी, कुंभ मेला प्रशासन व साधु-संत आदि मौजूद रहे।

### शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती से मिले योगी

प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती से भी भेंट की और महाकुंभ आयोजन की तैयारियों से अवगत कराया। लगभग 20 मिनट तक चली इस भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य से कहा कि राज्य सरकार, पूज्य संतगणों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध कर रही है। महाकुंभ 2025, कुंभ 2019 से भी अधिक दिव्य और भव्य होगा।

### सनातन धर्मध्वज के रक्षक हैं योगी आदित्यनाथ

सभी 13 अखाड़ों और विभिन्न संत परंपराओं के साधु-संतों, आचार्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन धर्मध्वज के रक्षक हैं, जिनके नेतृत्व में सनातन समाज गौरवान्वित हो रहा है। संतों ने कहा कि योगी पहले मुख्यमंत्री हैं, जो महाकुंभ के विषय में साधु-संतों, आचार्यों से इस तरह से सीधे संवाद कर रहे हैं और उनकी समस्याओं/सुझाओं को सुनकर लिपिबद्ध कर रहे हैं। साधु-संतों, आचार्यों के लिए यह अवसर अतुलनीय है। संतों ने तैयारियों पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि महाकुंभ पूरे विश्व को शांति का संदेश देने वाला होगा।

## साक्ष्य के अभाव में सात आरोपियों को बरी किया

**मुजफ्फरनगर,एजेंसी:** जिले की एक अदालत ने 11 वर्ष पूर्व हुए मुजफ्फरनगर दंगे के सात आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में शनिवार को बरी कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता राहुल चौधरी ने बताया कि बिट्टू, प्रवीण, बब्लू, पंकज, पिंटू, नरेंद्र और अनिल को अदालत ने बरी किया है। उन्होंने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कनिष्क कुमार ने सभी सात आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष मामले में आरोप साबित करने में विफल रहा है। चौधरी के अनुसार, शिकायतकर्ता और अन्य गवाहों ने अभियोजन की दलीलों का समर्थन नहीं किया और अपने बयान से पलट गए। पीड़ित शाकिर ने पुलिस में दर्ज कराई प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि मुजफ्फरनगर जिले में आठ सितंबर 2013 को दंगों के दौरान फुगाना थाना क्षेत्र के बहावड़ी गांव में दंगाइयों की भीड़ उनके घर में घुस गई और घर से नकदी, उनकी पत्नी के गहने लूट लिए। मुजफ्फरनगर और शामली जिलों में 2013 के सांप्रदायिक दंगों के दौरान 60 से अधिक लोग मारे गए थे और 40,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए थे।

## सार-संक्षेप

### साइबर ठगी पर करें 1930 और यूपी 112 को कॉल

**लखनऊ, अमृत विचार :** साइबर अपराध से सुरक्षित रहने के लिए लोगों को यूपी पुलिस द्वारा जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जल्द रिलीज होने वाली फिल्म अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट की जा रही है। जिसमें दोनों साइबर ठगी होने पर 1930 और यूपी 112 को कॉल करने की अपील कर रहे हैं। राजकुमार और तृप्ति अभिनीत फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का कथानक ऑन लाइन एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए है। इसी उद्देश्य से दोनों की वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट की जा रही है। वीडियो में फिल्म में उनकी एक सीडी चोरी की घटना हुई थी। उसी प्रकार वर्तमान समय में मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप आदि का डाटा व अन्य गोपनीय जानकारी चोरी हो रही है। इससे बचाव के लिए भारी छूट वाले विज्ञापन से बचने, डिवाइस में तगड़े पासवर्ड लगाने की सलाह कलाकारों ने दी। साथ ही साइबर ठगी होने पर 1930 और यूपी 112 पर कॉल करने की सलाह दी। इस वीडियो को अब तक लाखों लोगों ने देखा है।

### केन्द्र की भाजपा सरकार गिरने वाली है : अखिलेश



**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि केन्द्र की भाजपा सरकार चलने वाली नहीं, गिरने वाली सरकार है। भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी को धोखा दिया है। भाजपा की गलत नीतियों से हर वर्ग परेशान और त्रस्त है। देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार ने जनता से झूठे वादे किए। सपा प्रमुख रविवार को प्रदेश मुख्यालय, में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में किसान, नौजवान और गरीब बहुत परेशानी में है। किसानों को फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान और गरीब की मदद होनी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार में किसानों की सुविधाओं के लिए मंडी बनवायी गयी थी। भाजपा सरकार ने मंडियों का काम रोक दिया, सब बर्बाद कर दिया। आज किसानों को खाद और बीज का संकट है। किसान परेशान है। उन्होंने नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समाजवादी पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और समाजवादी सरकार में किए गए विकास कार्यों को प्रचारित-प्रसारित करने की अपील की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से रविवार को किसान यूनियन के एक प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। किसान नेताओं ने कहा कि वे अखिलेश यादव ही किसानों की आवाज उठाते हैं।

## अमेठी हत्याकांड : पीड़ितों को 33 लाख का चेक व सरकारी सुविधाएं मिलीं

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** अमेठी में शिक्षक रहे स्व. सुनील कुमार के परिवार को तत्काल में आर्थिक मदद के तौर पर पांच लाख की धनराशि उपलब्ध कराई गई।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने शिक्षक के परिजनों से सुदामापुर गांव में मुलाकात की और साथ ही उनको पूरा आश्वासन दिया कि सरकार आपके साथ इस दुःख की घड़ी में साथ खड़ी है। पीड़ित परिवार के परिजनों को उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक आवास, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच लाख की राशि, पांच बीघे भूमि पट्टा आवंटन सहित 33 लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

विधायक ऊंचाहार मनोज पांडे ने भी पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है और उन्हें भरोसा दिलाया है कि उन्हें पूरा न्याय दिलाया जाएगा। क्षेत्र का विधायक होने के नाते पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में पूरा सहयोग रहेगा। सरकार और प्रशासन इस पूरे प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर रही है।

# ठगी करने वाले छात्रों का गिरोह पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कानपुर पुलिस के हत्थे चढ़े सात अंतर्राज्यीय ठग जो सभी पढ़े-लिखे छात्र हैं।

- कोई बीएससी कृषि का छात्र, कोई बीफार्मा तो कोई बीबीए का छात्र

**अमृत विचार:** पनकी पुलिस के हत्थे सात अंतर्राज्यीय ठग चढ़े हैं जो सभी पढ़े-लिखे छात्र हैं। इस गिरोह के सदस्य साइबर ठगी के मास्टर हैं और ठगी की रकम से ठाठ से हवाई यात्रा करते हैं, महंगे होटलों में रुकते हैं और शौक पूरे करते हैं।

गिरोह के ठग कभी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को धमकाते तो कभी नौकरी का झांसा देकर वाइस चेंजर एप के जरिये आवाज बदलकर जाल में फंसाते। ठगों के पास से विभिन्न बैंकों के 46 एटीएम कार्ड, मोबाइल, लैपटॉप, आधार कार्ड, चेक, पासबुक व रुपये बरामद हुए हैं। ऑनलाइन साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने पुलिस के साथ सर्विलांस सेल को सक्रिय किया था। सर्विलांस सेल व मुखबिर से पनकी पुलिस को ठगों की लोकेशन एटूजेड तिराहा के पास मिली। इस पर पनकी, बिठूर और कल्याणपुर थाने की फोर्स पहुंची और सात ठगों को दबोच लिया। डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक साइबर ठगी के एक्सपर्ट हैं। इनमें मनीष कुमार, दीपेंद्र सिंह गौर, सुमित सिंह, रोहित यादव उर्फ युवी, पवन कुमार, रोहन सिंह सेंगर और अभय प्रताप सिंह हैं। ठगों ने अब तक करीब दो हजार से ज्यादा खाते खोलकर ठगी की है।

### गिरोह के सभी सदस्य युवा पढ़े-लिखे

गिरोह के सभी सदस्य युवा पढ़े-लिखे हैं। आरोपी अभय बीएससी कृषि का छात्र है। पवन कुमार बीफार्मा का छात्र और उसके पिता जम्मू कश्मीर में आर्मी में हैं। मनीष बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र है और उसके पिता आर्मी से रिटायर हैं। रोहित कानपुर विवि से बीबीए का छात्र, रोहन सिंह सेंगर चौबेपुर स्थित कालेज से बी फार्मा प्रथम वर्ष का छात्र है। दीपेंद्र व सुमित ही इंटर तक पढ़े हैं।

## सीबीआई का रेल कोच फैक्ट्री में छापा, 3 दबोचे

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

- मुंबई से आई टीम ने भ्रष्टाचार के आरोप में की कार्रवाई

**अमृत विचार :** रेल कोच कारखाने (फैक्ट्री) के स्टोर अधीक्षक और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। रेल कोच को माल सप्लाई करने वाली एक कंपनी ने सीबीआई की मुंबई ब्रांच में शिकायत की थी। जिसके मद्देनजर सीबीआई टीम ने रेल कोच के आवासीय कॉलोनी में रहने वाले रंजीत यादव, अरविंद कुमार और पूरे जबर सिंह मजरे धना भाद निवासी रिंकू रैदास पुत्र धुन्नी को पकड़ा है।

रेल कोच ओबीसी संगठन का अध्यक्ष रंजीत यादव रेल कोच के फर्निशिंग डिपो स्टोर विभाग में अधीक्षक है तो अरविंद कुमार मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक के पद पर स्टोर में तैनात हैं। रिंकू रैदास चामुंडा फोर्जिंग लिमिटेड में कार्यरत है। आरोप है कि माल सप्लाई करने वालों से अपने खाते में पैसा मंगाते थे। अधिकारियों को भी हिस्सा जाता था। सीबीआई ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद मेडिकल कराया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि सीबीआई तीनों को साथ ले गई है।

# भाजपा सरकार में नहीं हो सकता निष्पक्ष चुनाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राकेश टिकैत ने ईको गार्डन में आयोजित महापंचायत में सरकार पर साधा निशाना

**अमृत विचार:** भाजपा सरकार में देश व प्रदेश का कोई भी चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकता है। चुनाव में सरकार हर हथकंडे अपनाती है। जो हर मोर्चे पर विफल है। न किसानों को गन्ने का भुगतान किया न ही बढ़े दर पर मुआवजा दिया गया।

यह आरोप रविवार को ईको गार्डन पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती पर आयोजित महापंचायत में लगाए। उन्होंने मंच पर अपने संबोधन में कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा सरकार के रहते किसी भी तरफ का चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकता है। इसका हाल में हुए गन्ना समितियों के चुनाव का हवाला दिया। कहा सत्तापक्ष के प्रत्याशियों को लाभ पहुंचाने के लिए चुनाव में हर हथकंडे अपनाए गए। विरोधियों के पर्चे खरिज कर दिए। इसलिए जो आगे चुनाव होने हैं वह भी निष्पक्ष नहीं होंगे। इसके विरोध में सभी जिलों में किसान एकजुट होकर महापंचायत करें। इसके अलावा सरकार गन्ना किसानों का करीब 1.95 करोड़ भुगतान नहीं कर पाई है। जिलों पर फसलों के लिए उर्वरक की आपूर्ति नहीं है। किसानों को फसल के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। सर्किल रेट 2014 से नहीं बढ़ाया गया है। सरकार रेट बढ़ाकर नये सिरे से दरें निर्धारित करके किसानों को मुआवजा दे।

### लाठी नहीं, चुनाव से देंगे जवाब : राकेश टिकैत

**लखनऊ।** राकेश टिकैत लखनऊ में आयोजित किसानों और मजदूरों की महापंचायत के बाद पत्रकारों से हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद जारी एग्जिट पोल पर कहा कि हरियाणा में सरकार निपट गई, हार गई। उन्होंने कहा कि सरकार (पुलिस) की तरह किसान लाठी तो नहीं उठा सकता इसलिए चुनाव ही बदला लेने का अवसर होता है। उप्र. में हमने यह करके दिखा दिया अब अन्य राज्यों की बारी है। टिकैत ने एमएसपी समेत अन्य मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को भारत सरकार को पत्र लिखने का सुझाव भी दिया, ताकि हमारे अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि वह मुख्य सचिव और शासन के अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

## झोलाछाप को चिकित्सा मित्र बनाया जाए

**लखनऊ, अमृत विचार :** इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी ने झोलाछाप डॉक्टरों को चिकित्सा मित्र का दर्जा प्रदान करने की मांग की है। इसके लिए सोसाइटी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रसाद नड्डा को पत्र भेज कर प्राथमिक उपचार कर रहे कथित झोलाछाप डॉक्टरों को अनुभव के आधार पर उपचार देने का अधिकार दिए जाने की मांग की है। राजधानी में रविवार को मेडिकोज सोसायटी के राष्ट्रीय पदाधिकारियो की संपन्न बैठक में सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. प्रकाश मिश्रा ने कहा कि उप्र. में करीब 20 लाख तथा देश के करीब सवा करोड़ कथित झोलाछाप डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं, सभी डॉक्टरों को खुद को ''चिकित्सा मित्र'' घोषित किए जाने के लिए संघर्ष करना होगा।

## वर्ग पहेली-214

**बाएं से दाएं**

2.1. शुचि या शुद्ध होने की अवस्था

4.1. मुंह

5.1. एक ही चीज़ खाकर रहने का व्रत या प्रतिज्ञा 2. दिन या रात में एक ही बार भोजन करने का व्रत या नियम।

7.1. कच्चेपन की गंध 2. किसी फल अथवा अन्य खाद्य-पदार्थ के कच्ची अवस्था में रहने पर निकलने वाली गंध अथवा महक।

**ऊपर से नीचे**

1. देवदार का वृक्ष।

3. पक्षियों का शिकार करने वाला व्यक्ति, बहेलिया।

4.1. शेर या बाघ का गरजन, गर्जना 2. रोते समय ज़ोर से चिल्लाने का शब्द, चीत्कार, आर्तनाद 3. डांट।

5. एक से अधिक, अनेक।

6.1. किसी रोग या रक्तविकार के कारण चेहरे या शरीर पर पड़ने वाले हलके काले धब्बे या दाग 2. काली छाया, परछाईं 3. झलक, आभा 4. अंधकार 5. छल, धोखा 6. प्रतिध्वनि। (मु.)-देना : इधर-उधर की बातें कह कर धोखा देना।



### वर्ग पहेली -213 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ता | ई | | | 2 ब |
| | | | 3 गि | लो | य |
| 4 अ | ड़ | ब | ल | | ना |
| | | | ह | | |
| 5 स | ह | च | री | | 6 फ़ा |
| मि | | | | | र |
| 7 ध | म | ध | म | | स |

# पंजीकृत ट्रस्ट भी बेच सकेंगे क्रय केंद्रों पर धान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने इस वर्ष धान क्रय नीति में ट्रस्ट को भी शामिल किया है। ट्रस्ट किसान और बटाईदार की तरह ऑनलाइन पंजीयन कराकर सरकारी केंद्रों पर धान बेच सकेंगे। यह सुविधा केवल पंजीकृत ट्रस्ट को मिलेगी। इसके लिए ट्रस्ट के भूलेख, सत्यापित खतौनी, ट्रस्ट संचालक व अधिकृत प्रतिनिधि का विवरण, आधार कार्ड व पंजीकृत मोबाइल नंबर जिस पर ओटीपी आएगी, यह सब ऑनलाइन पंजीयन के दौरान दर्शाना है। इसके बाद राजस्व टीम धान के रकबे का ऑनलाइन सत्यापन कर स्वीकृति देगा। उसके आधार पर खरीद की जाएगी। डिप्टी आरएमओ विपुल सिन्हा ने बताया कि 1 नवंबर से खरीद होगी। ट्रस्ट संचालक भी समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं और पंजीयन कराएं।

### ऐसे करें पंजीयन

- किसान खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर जाएं
- पंजीयन के लिए खतौनी, बैंक पासबुक और आधार कार्ड दें
- पंजीयन के बाद, राजस्व विभाग सत्यापन करके रिपोर्ट देगा
- सत्यापन के बाद धान बेचने के लिए टोकन जारी होगा

## मिशन स्कूल में धर्मान्तरण की शिकायत पर हिन्दू संगठनों का हंगामा

**देवरिया,एजेंसी:** जिले के बरहज कस्बे में स्थित एक मिशन स्कूल में रविवार को प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण की शिकायत पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में पहुंच कर आपत्तिजनक सामग्री मिलने पर हंगामा कर अपना विरोध जताया।

बताया जाता है कि मिशन स्कूल स्थित चर्च में काफी दिनों से प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण की शिकायतों की बात मिल रहीं थीं। प्रार्थना सभा मे भारी भीड़ देख हिंदूवादी संगठनों को भी कुछ शक हुआ। हिन्दू संगठनों के बहुत से कार्यकर्ता आज सुबह दस बजे मिशन स्कूल परिसर स्थित चर्च में पहुंचे। पहले पूछताछ की। इस दौरान कुछ आपत्तिजनक समग्री मिलने पर हंगामा शुरू कर दिये। इस दौरान प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बुझा कर माहौल शांत कराया।

## सुडोकू -127

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | | 7 | |
| 1 | | | | | 8 | | | |
| 6 | 4 | | | | | | 3 | |
| | | | 9 | | | 4 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | 5 | 3 | | | 1 | | | |
| | 7 | | | | | | 2 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | 9 | | |
| | 9 | | | 6 | | | | |

### सुडोकू - 126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 4 | 9 | 3 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 7 | 6 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 09 .47 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अनुराधा 8 अक्टूबर 02 .25 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** - आज आपके मन में असहाय लोगों के प्रति करुणा और उदारता की भावना उत्पन्न होगी। ऐसा करने के बाद आपके मन में अलग ही खुशी की भावना का संचार और नई आशाओं का संचार होगा। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता रहेगी।

**वृष** - आज सुख-सुविधाओं के संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोग अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। आप पूरा मन लगाकर अपना काम करेंगे। अवांछित खर्चों को कम करने में आपको सहायता मिलेगी। परिवार में आपसी सामंजस्य और सौहार्द्र बढ़ेगा।

**मिथुन** - आज अभिनय के क्षेत्र से जुड़े लोगों को जनता का भरपूर प्यार मिलेगा। व्यापारिक यात्रा की योजना बन सकती है। आपको ऐसे काम भी करने पड़ सकते हैं, जिसे आप नहीं करना चाहते हैं। गठिया रोगियों को तापांतर होने के कारण कुछ जकड़न जैसी महसूस हो सकती है।

**कर्क** - आज करियर को लेकर आप काफी संतुष्ट रहेंगे। लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल होंगे। आपकी बौद्धिक क्षमता की प्रशंसा होगी। निर्माण कार्यों में उत्कृष्ट प्रगति होने की संभावना है। आपकी मानसिक स्थिति भी कमजोर हो सकती है।

**सिंह** - आज उच्च शिक्षा ले रहे लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जान-पहचान के लोगों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। सुख के संसाधनों का भरपूर आनंद उठाएंगे। खोया हुआ सम्मान आपको वापस मिलेगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से आपको अपमान झेलना पड़ सकता है।

**कन्या** - आज अपने काम से काम रखना आपके लिए हितकारी होगा। कठिन संघर्ष के बाद आपको सफलता मिलेगी। व्यापार को बढ़ाने वाले योग बन रहे हैं। आप समाज के लोगों के प्रति सेवा भाव रखेंगे। सोमवार और मंगलवार विशेष रूप से शुभ दिन सिद्ध होंगे।

**तुला** - आज आप काम पर फोकस करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का संपर्क क्षेत्र व्यापक होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत होने वाली है। मेहनत के सफल परिणाम आपको मिलेंगे। जीवनसाथी आपकी काफी देखभाल करेगा।

**वृश्चिक** - आज व्यवसाय में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। लोग आपकी वाणी से काफी प्रसन्न रहेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए सप्ताह बहुत ही अच्छा है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। बॉस के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**धनु** - आज कार्यक्षेत्र में काफी अच्छी स्थितियां रहेगी। जीवनसाथी का भावुक स्नेह आपको भीतर से प्रसन्न करेगा। पारिवारिक जीवन काफी खुशहाल रहेगा। तकनीक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए सप्ताह बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मकर** - आज स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। जॉब में लक्ष्यों को आसानी से पूर्ण कर लेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से काफी स्वस्थ रहेंगे। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। धैर्य और विवेक से काम लेना हितकर होगा।

**कुंभ** - आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। ऐसा भी संभव है की आपकी आय में वृद्धि हो। नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। प्रियजनों के साथ अपने अनुभवों को साझा करेंगे। आपके मन में किसी कारणवश असन्तोष उत्पन्न हो सकता है।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में आपके निर्णयों की प्रशंसा होगी। साझेदारी के कार्यों में लाभ प्राप्त होगा। आपके मन में नए विचार आएंगे। नौकरीपेशा लोगों के संपर्क का दायरा बड़ा हो सकता है। परिजनों के व्यवहार से असंतुष्ट हो सकते हैं। तनाव को अपने ऊपर न हावी होने दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जीवन युद्ध - सुबह : 10 .50
तकदीर का तमाशा - रात : 07 .08

&pictures
रोबोट - सुबह : 10 .48
कृष - रात : 08 .00

SONY PIX
स्पाइडर मैन - सुबह : 10 .52
2012 - रात : 09 .00

ZEE CINEMA
क्रैक - सुबह : 11 .09
आरआरआर - रात : 08 .00

ZEE ACTION
सौगंध - सुबह : 10 .45
राधे - रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर-चंपू तुम बताओ।
अकबर ने कब तक शासन किया था?
चंपू-सर जी, पेज नंबर 12 से लेकर पेज नंबर 22 तक।
फिर क्या, टीचर ने चंपू का कूट-कूटकर उस पर अपना शासन किया।

एक बार टीचर ने स्टूडेंट से पूछा चलो तुम बताओ।
एक साल में कितनी रात्रि होती है?
स्टूडेंट ने कहा-10 रात्रि
टीचर 10 कैसे?
स्टूडेंट साल भर की 9 नवरात्रि और एक शिवरात्रि।
स्टूडेंट का जवाब सुनते ही टीचर शॉक हो गई।

# दुबई से ग्वालियर तक दौड़ा भारत का विजय रथ

## महिला टी-20 विश्वकप : भारत ने दूसरे मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

- शेफाली और हरमनप्रीत ने खेली शानदार पारियां, अंरुधति को मिले तीन विकेट

दुबई, एजेंसी



विकेट लेने के बाद जश्न मनातीं भारतीय टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

अरुंधति रेड्डी (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (32) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (रिटायर्ड हर्ट 29) की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के सातवें मैच में पाकिस्तान को सात गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया हैं।

आज यहां दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 106 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में स्मृति मंधाना (सात) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स ने शेफाली वर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 12वें ओवर में ओमाइमा सोहैल ने शेफाली वर्मा को रियाज के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शेफाली ने 35 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए (32) रनों की पारी खेली। 16वें ओवर में फातिमा सना ने जेमिमाह (23) को विकेटकीपर मुनीबा अली के हाथों कैच आउट करा दिया और अगली ही गेंद पर ऋचा घोष (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर शॉट खेलने के दौरान हरमनप्रीत गिर कर चोटिल हो गई और रिटायर हर्ट होना पड़ा। उन्होंने 24 गेंदों में एक चौका लगाते हुए 29 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई सजीवन सजना ने आते ही चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर छह विकेट से यह मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम को मैच की शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाजी के कहर का सामना करना पड़ा। पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने गुल फिरोजा (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सिदरा अमीन (8) को अपना शिकार बनाया। अरुंधति रेड्डी ने ओमाइमा सोहैल (3) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 10वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने मुनीबा अली (17) को आउट किया। आलिया रियाज (4), कप्तान फातिमा सना (13) और तुबा हसन (शून्य) पर आउट हुई। निदा डार ने पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक 28 रनों की पारी खेली। सैयदा अरूब शाह (14) और नाशरा संधू (6) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजी कहर के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 105 का स्कोर बना सकी। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी ने 19 रन देकर (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल ने 12 रन देकर (2 विकेट) लिये। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और सोभना आशा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**पाकिस्तान पारी: 105/8 — 20 ओवर**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मुनीबा अली स्टं. ऋचा बो श्रेयंका | 17 | 26 | 2/0 |
| गुल फिरोजा बो रेणुका | 0 | 4 | 0/0 |
| सिदरा अमीन बो दीप्ति | 8 | 11 | 1/0 |
| ओमाइमा का शेफाली बो अरुंधति | 3 | 6 | 0/0 |
| निदा डार बो अरुंधति | 28 | 34 | 1/0 |
| आलिया रियाज पगबाधा अरुंधति | 4 | 9 | 0/0 |
| फातिमा सना का ऋचा बो आशा | 13 | 8 | 2/0 |
| तुबा हसन का शेफाली बो श्रेयंका | 0 | 3 | 0/0 |
| सैयदा अरूब शाह नाबाद | 14 | 17 | 1/0 |
| नशरा संधू नाबाद | 6 | 2 | 1/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : रेणुका सिंह 4-0-23-1, दीप्ति शर्मा 4-0-24-1, अरुंधति रेड्डी 4-0-19-3, श्रेयंका पाटिल 4-1-12-2, सोभना आशा 4-0-24-1

**भारत पारी: 108/4 — 18.5 ओवर**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली वर्मा का आलिया बो ओमाइमा | 32 | 35 | 3/0 |
| स्मृति मंधाना का तुबा बो सादिया | 7 | 16 | 0/0 |
| जेमिमाह रोड्रिग्ज का मुनीबा बो फातिमा | 23 | 28 | 0/0 |
| हरमनप्रीत कौर रिटायर्ड हर्ट | 29 | 24 | 1/0 |
| ऋचा घोष का मुनीबा बो फातिमा | 0 | 1 | 0/0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 7 | 8 | 0/0 |
| सजीवन संजना नाबाद | 4 | 1 | 1/0 |

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : फातिमा सना 4-0-23-2, सादिया इकबाल 4-0-23-1, निदा डार 1.5-0-10-0, ओमाइमा सोहैल 3-0-17-1, नशरा संधू 4-0-21-0, तुबा हसन 2-0-14-0

## पहला टी-20 : भारत ने बांग्लादेश को हराया

- हार्दिक का हरफनमौला प्रदर्शन, सात विकेट से दी मात, अर्शदीप और वरुण ने चटकाए तीन-तीन विकेट



बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी। ● एजेंसी

ग्वालियर, एजेंसी

अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती (तीन-तीन विकेट) और हार्दिक पांड्या एक विकेट तथा (नाबाद 39) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 49 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

आज श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में 128 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया है। भारत का पहला विकेट अभिषेक शर्मा (16) के रूप में दूसरे ओवर में गिरा। वह रनआउट हुए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 29 रन बनाए। वहीं संजू सैमसन ने 19 गेंदों में 29 रन बनाए। नितीश कुमार रेड्डी 15 गेंदों में (नाबाद 16) और हार्दिक पांड्या 16 गेंदों में 39 रन पर नाबाद रहे। बंगलादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने बंगलादेश को 127 के स्कोर पर समेटा दिया था। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने तीन-तीन विकेट लिये। हार्दिक पांड्या, मयंक यादव और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश 127/10 — 19.5 ओवर**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| परवेज हुसैन इमोन बो अर्शदीप | 8 | 9 | 0/1 |
| लिटन दास का रिंकू बो अर्शदीप | 4 | 2 | 1/0 |
| नजमुल हुसैन शंटो का एवं बो सुंदर | 27 | 25 | 1/1 |
| तौहीद हृदय का पंड्या बो चक्रवर्ती | 12 | 18 | 2/0 |
| महमूदुल्लाह का सुंदर बो मयंक | 1 | 2 | 0/0 |
| जाकिर अली बो चक्रवर्ती | 8 | 6 | 0/1 |
| मेहदी हसन मिराज नाबाद | 35 | 32 | 3/0 |
| रिषाद हुसैन का पंड्या बो चक्रवर्ती | 11 | 5 | 1/1 |
| तास्किन अहमद रन आउट | 12 | 13 | 1/0 |
| शरीफुल इस्लाम बो पंड्या | 0 | 2 | 0/0 |
| मुस्ताफिजुर रहमान बो अर्शदीप | 1 | 5 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : अर्शदीप 3.5-0-14-3, पंड्या 4-0-26-1, चक्रवर्ती 4-0-31-3, मयंक 4-1-21-1, नितीश 2-0-17-0, सुंदर 2-0-12-1

**भारत 132/3 — 11.5 ओवर**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन का रिषाद बो मिराज | 29 | 19 | 6/0 |
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 16 | 7 | 2/1 |
| सूर्यकुमार का जाकिर बो मुस्ताफिजुर | 29 | 14 | 2/3 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 16 | 15 | 0/1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 39 | 16 | 5/2 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : शरीफुल 2-0-17-0, तस्कीन 2.5-0-44-0, मुस्ताफिजुर 3-0-36-1, रिषाद 3-0-26-0, मिराज 1-0-7-1

## खेल डायरी

### भारतीय सेना ने पोलो मैच में अमेरिकी टीम को हराया

**सेक्रामेंटो (अमेरिका)।** भारतीय सेना की एरेना पोलो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले में अमेरिकी सेना की टीम को हरा दिया। भारतीय सेना की टीम 2019 के बाद पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेल रही थी। पृथ्वी सिंह, यतिंदर कुमार, मृत्युंजय सिंह और आरके गौतम की मौजूदगी वाली भारतीय टीम ने यहां लेकसाइड पोलो क्लब में 13-10 से जीत दर्ज की। एरेना पोलो मुकाबला आउटडोर मुकाबले की तरह ही होता है लेकिन यह 300 फीट गुणा 150 फीट के मैदान पर खेला जाता है जिसके चारों तरफ चार फीट या इससे अधिक ऊंची दीवार होती है। नियमित पोलो मैच 10 एकड़ के मैदान पर खेला जाता है जिसमें सिर्फ सीमा रेखा होती है और कोई दीवार नहीं होती। सामान्य पोलो मैच में साढ़े सात मिनट के चार चकर्स होते हैं। एरेना मुकाबला मिट्टी की सतह पर खेला जाता है जहां असमान सतह पर गेंद उछलती है और साथ ही दीवार से टकराकर भी मैदान में आती है।

### नेशनल डिसएब्ल्ड क्रिकेट चैंपियनशिप 15 से

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान एवं भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के तत्वावधान में 15 से 25 अक्टूबर तक नेशनल डिसएब्ल्ड क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेगी। नारायण सेवा के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता की सम्पूर्ण व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीसरी क्रिकेट प्रतियोगिता भी संस्थान के सहयोग से आयोजित हुई थी। पिछले वर्ष की तरह दिव्यांगों को खेलों से जोड़ते हुए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों के लिए समय-समय पर स्विमिंग चैंपियनशिप, व्हीलचेयर चैंपियनशिप और ब्लाइंड क्रिकेट चैंपियनशिप जैसे कई आयोजन कर चुका है।

### राशिद ने पहले दौर में 68 का कार्ड खेला

**ताइपे।** भारतीय गोल्फर राशिद खान ने मौसम से प्रभावित मरक्यूरिज ताईवान मास्टर्स के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर बने हुए हैं। खराब मौसम के कारण दो दिन के इंतजार के बाद खेल शुरू हुआ। अन्य भारतीयों में एक चिक्कारंगप्पा 69 का कार्ड बनाकर संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। एसएसची चौरसिया और करणदीप कोचर ने 70-70 के कार्ड खेले जिससे दोनों संयुक्त 17वें स्थान पर बने हुए हैं। वरूण चोपड़ा संयुक्त 27वें, युवराज संधू और गगनजीत भुल्लर संयुक्त 60वें तथा अजीतेश संधू संयुक्त 116वें स्थान पर चल रहे हैं। राशिद खान समेत पांच गोल्फर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

### कार्तिक 18वें स्थान पर एएसी में सर्वश्रेष्ठ भारतीय

**गोटेम्बा (जापान)।** युवा गोल्फर कार्तिक सिंह रविवार को यहां एशिया-पैसिफिक एमेच्योर चैंपियनशिप (एएसी) 2024 में 18वें स्थान पर शीर्ष भारतीय बनकर उभरे। चौदह साल के कार्तिक पिछले साल एएसी में कट हासिल करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चार दौर में 71, 67, 72 और 70 के कार्ड के साथ कुल पार 280 का स्कोर किया। दो भारतीयों ने अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णव निखिल चोपड़ा ने तीन अंडर 67 जबकि रक्षित दहिया ने इवन पार 70 का कार्ड खेला।

### दीक्षा कट से चूकीं, टीम 12वें स्थान पर रही

**शेनजेन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर यहां चार ओवर 77 के एक और निराशाजनक कार्ड से अरामको टीम सीरीज में कट हासिल करने से चूक गईं। पहले दौर में दीक्षा ने 76 का कार्ड खेला था और कट में जगह बनाने के लिए उन्हें इससे कम का कार्ड खेलने की जरूरत थी, लेकिन वह एक बर्डी ही लगा सकीं जबकि पांच बोगी कर बैठीं। दीक्षा की टीम 12वें स्थान पर रही जिसमें उनकी साथी मोआ फोल्के, जिन्यु काओ और डिंग हैं।

### कार्तिक और लक्ष्मी ने जीती बेंगलुरु मैराथन

**बेंगलुरु।** एशियन गेम्स के पदक विजेता कार्तिक कुमार ने रविवार को बेंगलुरु मैराथन 2024 में पुरुषों की एलीट दौड़ जीती, वहीं केएम लक्ष्मी ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। तीन श्रेणियों आज यहां आयोजित इस दौड़ में पिछले साल चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 में 10 हजार मीटर में रजत पदक जीतने वाले कार्तिक कुमार ने 2:22:50 समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रदीप सिंह चौधरी 2:23:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि हर्षद ने 2:25:50 के समय के साथ पुरुषों की दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। यह बेंगलुरु मैराथन का 11वां संस्करण था, जो एक ई श्रेणी विश्व एथलेटिक्स लेबल रोड रेस है। इस वर्ष इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय ओपन मैराथन के रूप में भी प्रमाणित किया गया था। महिलाओं की रेस में केएम लक्ष्मी 3:00:21 के समय के साथ खिताब अपने नाम किया। पिछले साल की चैंपियन ज्योति गावटे को 3:25:21 के समय के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अश्विनी जाधव को 3:12:42 समय के साथ दूसरे स्थान पर रही। हाफ-मैराथन रेस में अशोक बिंद (1:12:05) ने शीर्ष स्थान हासिल किया, दूसरे पर एम नंजुंदप्पा (1:12:53) और तीसरे पर मणिकांता पी (1:14:41) रहे।

## अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग के स्वामित्व ग्रुप में शामिल सचिन

वाशिंगटन/टेक्सास, एजेंसी



- तेंदुलकर बोले- नई पीढ़ी को प्रेरित करने में मददगार साबित होगा यह कदम

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग (एनसीएल) के स्वामित्व ग्रुप में शामिल हो गए हैं और इस कदम से आगामी वर्षों में अमेरिका में खेल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एनसीएल के तेंदुलकर के जुड़ने की घोषणा के बाद इस महान बल्लेबाज ने कहा क्रिकेट मेरे जीवन की सबसे बड़ी यात्रा रही है और मैं अमेरिका में खेल के लिए ऐसे रोमांचक समय में नेशनल क्रिकेट लीग में शामिल होकर खुश हूं।

तेंदुलकर ने कहा एनसीएल का उद्देश्य विश्व स्तरीय क्रिकेट के लिए एक मंच तैयार करना है और साथ ही प्रशंसकों की नयी पीढ़ी को जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। मैं इस नयी पहल का हिस्सा बनने और अमेरिका में क्रिकेट के विकास को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए उत्सुक हूं। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार एनसीएल टूर्नामेंट गायक मीका सिंह के कार्यक्रम के साथ शुरू होगा। इस सत्र में एनसीएल में सुनील गावस्कर, जहीर अब्बास, वसीम अकरम, दिलीप वेंगसरकर, सर विवियन रिचड्र्स, वेंकटेश प्रसाद, सनत जयसूर्या, मोइन खान और ब्लेयर फ्रैंकलिन जैसे क्रिकेट के दिग्गज शामिल होंगे। क्रिकेट के ये नायक अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन और कोचिंग देंगे। इसमें दुनिया भर ते शीर्ष खिलाड़ी जैसे शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक, शाकिब अल हसन, रोबिन उथप्पा, तबरेज शम्सी, क्रिस लिन, एंजेलो मैथ्यूज, कोलिन मुनरो, सैम बिलिंग्स, मोहम्मद नबी और जॉनसन भी शामिल होंगे।

## भारतीय महिलाओं ने एशिया रग्बी सेवंस में जीता रजत पदक

**मुंबई।** भारतीय महिला रग्बी टीम ने काठमांडू में एशियाई रग्बी इमिरेट्स सेवंस ट्राफी के फाइनल में फिलीपींस से 5-7 से मिली हार के बाद रजत पदक हासिल किया।

शिखा यादव की अगुआई वाली टीम सेमीफाइनल में गुआम को 24-7 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंची थी। लीग दौर में भारत ने श्रीलंका को 29-10 और इंडोनेशिया को 17-10 से शिकस्त दी थी। टूर्नामेंट शुक्रवार और शनिवार को कराया गया। टीम के रजत पदक पर फक्र महसूस करते हुए भारतीय कप्तान शिखा ने कहा कि वे आगामी प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे।

## सुल्तान जोहोर कप में जू. टीम की कमान संभालेंगे आमिर

बेंगलुरु, एजेंसी



आमिर अली को 19 अक्टूबर से मलेशिया में शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है और रोहित उप कप्तान होंगे जबकि महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मुख्य कोच के तौर पर यह पहला दौरा होगा।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम का सामना ब्रिटेन (20 अक्टूबर), मेजबान मलेशिया (22), ऑस्ट्रेलिया (23) और न्यूजीलैंड (25) से होगा। शीर्ष दो टीमें 26 को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह उस सीनियर टीम का हिस्सा थे जिसने चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना खिताब बरकरार रखा था। कप्तान अली ने कहा, सुल्तान जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए परीक्षा के तौर पर काम करेगा।

## आडवाणी ने जीता सिंगापुर ओपन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने रविवार को स्थानीय दावेदार जेडेन ओंग को 5-1 से हराकर सिंगापुर में प्रतिष्ठित सोंगही सिंगापुर ओपन का खिताब अपने नाम किया।

आडवाणी ने फाइनल तक के अपने सफर के दौरान क्वार्टर फाइनल में पूर्व आईबीएसएफ विश्व स्नूर चैंपियन थाईलैंड के देचावत पूमजाएंग को 4-3 से हराया था। ओंग ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन आडवाणी ने शुरुआती दोनों फ्रेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीते और 2-0 की बढ़त बनाई। ओंग ने तीसरा फ्रेम जीता लेकिन आडवाणी ने अगले दोनों फ्रेम जीतकर मुकाबला जीत लिया।

## अलास्का नाइट्स की अजेय लय जारी

लंदन, एजेंसी



- ग्लोबल चेस लीग में गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने तोड़ा हार का सिलसिला

पीबीएस अलास्कन नाइट्स ने अपनी अजेय लय जारी रखी जबकि गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग के तीसरे दिन अपनी पहली जीत हासिल की। पीबीएस अलास्कन नाइट्स ने गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स पर 12-3 की शानदार जीत के साथ अपनी बढ़त में इजाफा किया। उसने लगातार चार जीत का रिकॉर्ड बनाए रखते हुए 12 मैच अंक और 49 गेम अंक हासिल किए।

गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने शनिवार को दो मैच खेले। पहले मैच में अमेरिकन गैम्बिट्स के खिलाफ 15-3 से जीत दर्ज की जिसमें अलीरेजा फिरौजा ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को शिकस्त दी लेकिन दूसरे मैच में गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स से मामूली अंतर से हार गई। त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स छह मैच अंक और 43 गेम अंक के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार है जो शीर्ष से सिर्फ छह अंक पीछे है। अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने भी अपग्रैड मुंबा मास्टर्स को 12-4 से हराकर प्रभावित किया। वे अब छह मैच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। तीन मैच में 27 गेम अंक से वह त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स से पीछे है। चौथे स्थान पर मौजूद अपग्रैड मुंबा मास्टर्स के पास पाइपर्स से हारने के बाद चार मैचों में महज एक जीत और 29 गेम अंक हैं। दिन के अंतिम मैच में बड़ा उलटफेर देखने को मिला जिसमें पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुआई वाली गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने त्रिवेणी पर 10-8 की जीत से आखिरकार अपनी हार का सिलसिला तोड़ दिया।

## बॉलीवुड हलचल



### मिश्रू के कलेक्शन के लिए श्रद्धा का रैंप वॉक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हैदराबाद स्थित कॉउचर ब्रांड मिश्रू के लिए नयी दिल्ली में बेल्जियम के दूतावास में रैंप वॉक किया। इस कार्यक्रम में स्वप्ना अनुमोलू द्वारा डिजाइन किए गए मिश्रु के नवीनतम संग्रह रेजोनेंस 2024/25 का अनावरण किया गया। मिश्रु कॉउचर शोकेस के दौरान श्रद्धा, लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। लहंगे पर जटिल मनके और कढ़ाई चमक रहे थे, जिससे श्रद्धा को रनवे पर एक अलौकिक और सुंदर उपस्थिति मिली। मॉडल्स ने विभिन्न प्रकार के शानदार कपड़ों में रैंप वॉक किया। इस कलेक्शन में खूबसूरत लहंगे से लेकर आकर्षक इंडो-वेस्टर्न आउटफिट तक सब कुछ शामिल था। स्वप्ना अनुमोलू ने कहा, श्रद्धा कपूर बहुत प्यारी थीं और उनके साथ काम करना आसान था। वह बिल्कुल अलौकिक लग रही थीं।

### अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर 07 अक्टूबर को रिलीज होगा। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर सिंघम अगेन का प्रोमो वीडियो शेयर किया है। प्रोमो में रोहित शेट्टी का वॉयस ओवर भी नजर आ रहा है, जिसमें वह कॉप्स यूनिवर्स को मिले फैंस के प्यार का शुक्रिया करते हुए दिख रहे हैं। प्रोमो में सिंघम, सिंबा और सूर्यवंशी सभी फिल्मों के किरदार नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में रोहित शेट्टी कह रहे हैं, हमनें शुरूआत की, आपने हौंसला बढ़ाया। हमने दिल से मेहनत की, आपने गले से लगाया।जब सब डरे हुये थे तब आपने हीं साथ निभाया। हमारे इस यूनिवर्स को आपने हीं परिवार बनाया और त्यौहार तो परिवार के साथ मनाया जाता है, तो मिलते है इस दीवाली। प्रोमो वीडियो के साथ रोहित शेट्टी ने कैप्शन में लिखा, ट्रेलर आउट टुमॉरो...सिंघम अगेन। प्रोमो झलक को शेयर करते हुए अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा त्योहार तो परिवार के साथ ही मनाया जाता है। मिलते हैं इस दीवाली। रोहित शेट्टी की निर्देशित सिंघम अगेन में अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।

### सिटाडेल 2 से प्रियंका ने शेयर की ग्लैमरस तस्वीर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व विश्व सुंदरी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली फिल्म सिटाडेल 2 से अपनी ग्लैमरस तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों फिल्म सिटाडेल 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में प्रियंका ने सिटाडेल 2 से अपने लुक और बेटी मालती के साथ बिताए कुछ यादगार पल की तस्वीर और वीडियो शेयर किया है। पहली दो तस्वीरों में प्रियंका ने सिटाडेल 2 से नादिया के किरदार में अपने लुक को दिखाया है। इसके बाद एक वीडियो हैं, जिसमें वह शूट से फ्री होकर कुछ क्वॉलिटी टाइम स्पेंड करती नजर आ रही हैं। प्रियंका ने मालती की एक तस्वीर भी शेयर की और बताया कि वह उनसे सेट पर मिलने आई थी। काम से ब्रेक लेकर प्रियंका अपनी बेटी मालती को पार्क लेकर गईं, जहां उन्होंने उसे झूला झुलाया। इसी के साथ प्रियंका ने एक अन्य वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह मालती के साथ वॉक करती नजर आ रही हैं। इस दौरान मालती कोई गाना गा रही हैं। प्रियंका की इन तस्वीरों को उनके फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# भारतीय मूल की स्कॉटिश चिकित्सक ने ब्रिटेन में बॉलीवुड नृत्य कर रचा इतिहास

लंदन, एजेंसी

- सबसे लोकप्रिय टेलीविजन प्रतियोगिता में दी प्रस्तुति

ब्रिटेन की सबसे लोकप्रिय टेलीविजन नृत्य प्रतियोगिताओं में से एक में हिस्सा ले रहीं भारतीय मूल की स्कॉटिश चिकित्सक और लेखिका ने शो के 20 साल के इतिहास में पहली बार बॉलीवुड गाने पर नृत्य कर इतिहास रच दिया। डॉ. पूनम कृष्णन ने शनिवार शाम को प्रसारित बीबीसी के स्ट्रिक्टली कम डांसिंग कार्यक्रम के इतिहास में पहली बार भारतीय गाने पर नृत्य किया। उन्होंने वर्ष 2001 की सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के बोले चूड़ियां गाने पर नृत्य किया।

फिजिशियन के तौर कार्यरत पूनम अपने माता-पिता के संघर्ष के बारे में बताते हुए रो पड़ीं। पूनम ने कहा कि उनके माता-पिता जब पंजाब से स्कॉटलैंड आए तब उनके पास कुछ भी नहीं था। सबसे ज्यादा अंक अर्जित करने के बाद नम आंखों में पूनम ने होस्ट को बताया यह मेरे लिए सबकुछ है। मुझे लगा कि मैं चार साल की बच्ची हूं, जिसे उम्र बढ़ते हुए यह सब देखना बहुत पसंद होता और मुझे लगता है कि आप वह नहीं हो सकते जो आप नहीं देख सकते। पूनम ने यह नृत्य अपनी दादी को समर्पित किया।



# एआई आपके लिए यह कर सकता है सात चीजें

टेलीविजन पर कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के बारे में ओप्रा विन्फ्रे के एक विशेष कार्यक्रम से यह स्पष्ट हो गया है कि हम, आप और ज्यादातर लोगों की रुचि अब एआई में है। एआई हर जगह है और चाहे हम इसका इस्तेमाल करें या न करें या फिर अपने रोजाना के कार्यों में इसे शामिल करें या न करें, लेकिन इससे हमारा संबंध रहेगा ही। लेकिन आखिर एआई है क्या? ज्यादातर लोगों को यह जानने की जरूरत नहीं है कि एआई कैसे काम करता है बल्कि उन्हें यह जानने की जरूरत है कि यह क्या कर सकता है। हम एआई प्रणाली में बुनियादी तौर पर सात क्षमताएं देखतें हैं, जो अपने आप में एक-दूसरे से अलग होने के साथ-साथ अनूठी भी हैं। इनमें शामिल हैं: वर्गीकरण, पूर्वानुमान, सिफारिश, ऑटोमेशन, जेनरेशन और संवाद। पहचानना सबसे बुनियादी चीज, एआई का वह प्रकार, जिसे हम आज उपभोक्ता उत्पादों में देख रहे हैं। पारंपरिक कोडिंग, जिसमें डेवलपर स्पष्ट रूप से यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि सिस्टम कैसे काम करता है, इसके ठीक विपरीत एआई इन पैटर्न को व्यापक डेटासेट से सीखता है और जिससे यह कार्य कर पाता है।



## धोखाधड़ी वाले कॉल की कर लेता है पहचान

एक बार जब एआई पैटर्न की पहचान कर लेता है तो हम उसे छोटी-छोटी भिन्नताओं का पता लगाने और उन्हें वर्गीकृत करने के लिए प्रशिक्षित कर सकते हैं। यह वह तरीका है जिससे आपका फोटो ऐप परिवार के सदस्यों के अनुसार एल्बम को व्यवस्थित करता है या फिर चेहरे पर मौजूद दागों को मिटा देता है। फोन कंपनियां और बैंक जब स्पैम व धोखाधड़ी वाले कॉल की पहचान कर लेते हैं तो एआई पर्दे के पीछे रहकर उनके वर्गीकरण का काम करता है।

## घटनाओं की भविष्यवाणी

एआई को जब पिछले आंकड़ों को लेकर प्रशिक्षित किया जाता है तो इसका उपयोग भविष्य में होने वाली घटनाओं की भविष्यवाणी करने के लिए किया जा सकता है। विमानन कंपनियां अपनी आने वाली उड़ानों के अनुमानित समय की भविष्यवाणी करती है और यात्रियों को पल-पल की जानकारी देती है ताकि आपको टर्मिनल पर प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसी तरह गूगल फ्लाइट्स, विमानन कंपनियों की घोषणा से पहले ही उड़ान में देरी की भविष्यवाणी करने के लिए एआई का उपयोग करता है।

## कुछ मुख्य स्रोत की पहचान

यह पूर्वानुमान और सिफारिशों से लेकर ऑटोमेशन तक का एक छोटा सा सफर है। जर्मनी में बड़ी-बड़ी पवन चक्कियों से चील को सुरक्षित रखने के लिए एआई का उपयोग किया जाता है। एआई एल्गोरिदम पक्षियों की पहचान करता है और खुद ब खुद पवन चक्कियों की गति को धीमा कर देता है, जिससे वे (पक्षी) बिना किसी नुकसान के गुजर जाते हैं।

## एक नजर

### बांग्लादेश में वर्षाजनित कारणों से सात की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के शेरपुर जिले में जारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है, जिससे कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी है और कई अन्य लापता हैं। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य के लिए सेना बुलानी पड़ी है। स्थानीय अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, अब तक बाढ़ के कारण 28 यूनियन तथा शेरपुर के पांच उपजिलों या उप-विभागों में फैले 200 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं, जिससे 150,000 से अधिक लोग पेयजल से वंचित हो गये हैं।

### दिल्ली-लंदन उड़ान को कोपेनहेगन भेजा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लंदन जा रही एअर इंडिया की एक उड़ान को रविवार को चिकित्सकीय आपात स्थिति के कारण मार्ग परिवर्तित कर कोपेनहेगन भेज दिया गया। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अस्वस्थ महसूस कर रहे एक यात्री को कोपेनहेगन (डेनमार्क) में विमान से उतार दिया गया और उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि बाद में उड़ान लंदन के लिए रवाना हो गई।

### ओबामा 10 से हैरिस के चुनाव अभियान में शामिल होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा 10 अक्टूबर से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के लिए प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लेना शुरू करेंगे। एबीसी न्यूज ने यह जानकारी दी। ओबामा चुनाव के दिन हैरिस को उनके अभियान में मदद करेंगे, उनके भाषणों की योजना प्रमुख राज्यों में बनाई गई है, जिनमें से पहला पेंसिल्वेनिया होगा, हैरिस के अभियान के एक वरिष्ठ सदस्य ने न्यूज एजेन्सी को बताया।

### वार्षिक पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन लाओस में शुरू

**वियनतियाने।** लाओस की राजधानी वियनतियाने में 6 से 11 अक्टूबर तक 19वां पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) आयोजित किया जा रहा है, जिसमें इस 18 देश भाग ले रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक संवाद के लिए एक प्रमुख मंच है, जहां सभी प्रमुख भागीदार क्षेत्र के सामने आने वाली राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एकत्र होते हैं।

### पोप ने 21 नए कार्डिनल के नाम घोषित किए

**रोम।** पोप फ्रांसिस ने रविवार को 21 नए कार्डिनल की घोषणा की जिससे कार्डिनल्स कॉलेज का आकार काफी बढ़ गया है तथा धर्माध्यक्षों के समूह पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई है, जो एक दिन उनके उत्तराधिकारी का चुनाव करेंगे। इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप द्वारा नामित लोगों में दक्षिण अमेरिका के कई प्रमुख धर्मप्रांतों (डायोसिस) और महाधर्मप्रांतों (आर्चडायोसिस) के प्रमुख शामिल हैं। इनमें अर्जेंटीना के सैंटियागो डेल एस्टेरो, ब्राजील के पोर्टो एलेग्रे, चिली के सैंटियागो, इक्वाडोर के गुआयाकिल और पेरू के लीमा के कैथोलिक चर्च के प्रमुख शामिल हैं। नए कार्डिनल को आठ दिसंबर को एक समारोह में लाल टोपियां प्रदान की जाएंगी।

# ईरान समर्थित आतंकवादियों पर हमले तेज

## इजराइल ने गाजा पट्टी में की बमबारी, मस्जिद पर हवाई हमले में 19 की गई जान

देर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा पट्टी की एक मस्जिद पर इजराइली हवाई हमले में रविवार तड़के कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी। इजराइल ने ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ युद्ध का दायर बढ़ाते हुए उत्तरी गाजा और दक्षिणी बेरूत में बमबारी तेज कर दी है। इजराइल सात अक्टूबर को हमास के हमले के करीब एक साल बाद भी उससे लड़ रहा है और उसने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है। मध्य देर अल-बला शहर के मुख्य अस्पताल के समीप एक मस्जिद में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों पर हमला किया गया।

इजराइल ने सबूत उपलब्ध कराए बिना कहा कि उसने हमास के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है। एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने अल-अक्सा शहीद अस्पताल के मुर्दाघर में शवों की गिनती की। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि सभी मृतक पुरुष थे। एक अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल है। इस बीच, सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में नए सिरे से हवाई और जमीनी आक्रमण शुरू करने की घोषणा की, जहां इजराइल की स्थापना के आसपास 1948 के युद्ध के घनी आबादी वाले शरणार्थी शिविर स्थित हैं। उसने कई तस्वीरें और वीडियो प्रसारित की हैं जिनमें इलाके की ओर जा रहे कई टैंक दिखायी दे रहे हैं। सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने जबालिया को घेर लिया है। इजराइल ने उत्तरी गाजा को खाली करने का भी ताजा आदेश जारी किया है जो युद्ध के शुरुआती हफ्तों में काफी हद तक खाली हो गया जब इजराइल ने उत्तरी गाजा की पूरी आबादी को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था। ऐसा अनुमान है कि कठिन परिस्थितियों और बड़े पैमाने पर विनाश के बावजूद 3,00,000 लोग वहां रह रहे हैं। सेना ने इलाके में गिराए पर्चों में कहा हम युद्ध के नए चरण में हैं। इन इलाकों को खतरनाक युद्ध क्षेत्र माना जाता है।



मस्जिद पर हवाई हमले में के बाद राहत अभियान चलाते लोग। एजेंसी

### ईरानी मिसाइल हमले का जवाब देना इजराइल का कर्तव्य : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के हालिया हमले का जवाब देना इजराइल का अधिकार और कर्तव्य है और वह ऐसा करेगा। नेतन्याहू ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा, ईरान ने इतिहास में सबसे बड़े बैलिस्टिक मिसाइल हमलों में से एक को अंजाम देते हुए हमारे क्षेत्र और हमारे शहरों पर दो बार सैकड़ों मिसाइलें दागीं। दुनिया का कोई भी देश अपने शहरों व नागरिकों पर इस तरह के हमले की अनुमति नहीं देगा और यह बात इजराइल पर भी लागू होती है।

### हिजबुल्ला का दावा, उसके लड़ाकों ने इजराइली सेना को लेबनान में प्रवेश करने से रोका

**बेरूत।** लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला के लड़ाकों ने इजराइली सैनिकों द्वारा मनारा की इजराइली बस्ती के पास सीमा पार करने के प्रयास को रोक दिया। आंदोलन ने एक बयान में यह दावा किया। बयान में कहा गया है, इस्लामी प्रतिरोध सेनानियों ने मनारा की बस्ती के पास दुश्मन के ठिकानों पर हमला किया। प्रेस सेवा के अनुसार, इजराइली एम्बुलेंस सेवाएं हमले की जगह से घायलों और मृतकों को निकाल रही हैं। सीमा पार करने की एक और कोशिश को ब्लिडा की सीमा बस्ती में रोक दिया गया। बयान में कहा गया है, दुश्मन बलों के एक समूह के खिलाफ तोपखाना हमला शुरू किया गया।

### ईरान में पढ़ाई कर रहे अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं कश्मीरी परिवार

**श्रीनगर।** ईरान में पढ़ाई कर रहे सैकड़ों कश्मीरी युवकों के परिवार के सदस्य अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं, क्योंकि पश्चिम एशिया पूर्ण युद्ध के कगार पर है और कई लोग अब अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए वहां भेजने से कतराने लगे हैं। ईरान को एमबीबीएस समेत अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर होने वाले खर्च के लिहाज से वहनीय माना जाता है और कश्मीर के सैकड़ों छात्र वहां विभिन्न कॉलेजों में दाखिला लेना पसंद करते हैं। ऐसे छात्रों के परिवार इजराइल-हिज्बुल्ला संघर्ष और इजराइल-हमास युद्ध का दायरा बढ़ने के घटनाक्रमों को लेकर बहुत परेशान हैं।

# मोदी-मुइज्जू की वार्ता से भारत मालदीव संबंधों को मिलेगी गति

- विदेश मंत्री जयशंकर ने द्विपक्षीय यात्रा पर भारत आए मालदीव के राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी



विदेश मंत्री जयशंकर ने रविवार को द्विपक्षीय यात्रा पर भारत आए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की और विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुइज्जू की वार्ता से हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति मिलेगी। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने जून में प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था, लेकिन यह उनकी भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

विदेश मंत्रालय ने मुइज्जू की भारत यात्रा की इस सप्ताह की शुरुआत में घोषणा करते हुए कहा था कि इससे दोनों देशों के बीच सहयोग और लोगों के बीच मजबूत संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद है। रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा राष्ट्रपति मुइज्जू से भारत की उनकी राजकीय यात्रा की शुरुआत में मिलकर प्रसन्नता हुई। भारत-मालदीव संबंधों को बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। जयशंकर ने पोस्ट के साथ अपनी मुलाकात की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू के पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मुइज्जू इस यात्रा में मोदी से आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर पर बातचीत करेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात कर सकते हैं। मुइज्जू दिल्ली के अलावा मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे जहां वह औद्योगिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा सकारात्मक कदम

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस्लामाबाद दौरे को सकारात्मक कदम करार देते हुए कहा कि इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। भारत ने 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने वाले प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई जयशंकर द्वारा किये जाने की शुक्रवार को घोषणा की।

## अमेरिका के लास वेगास हवाई अड्डे पर विमान में लगी आग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य नेवादा के लास वेगास में हैरी रीड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा हुआ, जहां फ्रंटियर एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1326 में हार्ड लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों और एयरलाइंस के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की। सीबीएस न्यूज ने फ्रंटियर एयरलाइंस के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुये कहा, पायलटों ने धुआं पाया और आपात्कालीन स्थिति घोषित कर दी विमान सुरक्षित रूप से उतर गया। सभी यात्रियों और चालक दल को हवाई सीढ़ियों के माध्यम से निकाला गया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और यात्रियों को बस से टर्मिनल पर भेज दिया गया है।

# भारतीय चिकित्सकों के लिए ग्रीन कार्ड में तेजी लाई जाए

- एएपीआई प्रमुख डॉ. कथुला ने कहा- व्हाइट हाउस प्रशासन को प्राथमिकता देनी चाहिए

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय मूल के चिकित्सकों के एक प्रमुख संगठन के अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के बाद सरकार बनाने वाले अमेरिकी प्रशासन से आव्रजन एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधारों को प्राथमिकता देने और भारत के चिकित्सा पेशेवरों के लिए ग्रीन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आह्वान किया है।



अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) के अध्यक्ष डॉ. सतीश कथुला ने कहा कि सभी लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित करना, आव्रजन और वीजा और भेदभाव का विरोध- ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें अगले व्हाइट हाउस प्रशासन को प्राथमिकता देनी चाहिए।

एएपीआई 1982 में स्थापित किया गया था। यह अमेरिका में भारतीय मूल के 1,20,000 से अधिक चिकित्सकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा जातीय चिकित्सा संगठन है।

## अमेरिका में हेलेन तूफान से मरने वालों की संख्या 227 हुई

**फ्रैंकफर्ट (अमेरिका)।** अमेरिका में हेलेन तूफान के कारण मची तबाही में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर शनिवार को 227 हो गई। इस भयानक तूफान ने अमेरिका के दक्षिण-पूर्व में भारी तबाही मचाई और छह राज्यों में लोगों की मौत हुई है। तूफान के कारण मची तबाही में मारे गए लोगों के शवों को निकालने का काम एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी जारी है। हेलेन 26 सितंबर को तट पर आया और उसने फ्लोरिडा से उत्तर की ओर बढ़ते हुए व्यापक पैमाने पर विनाश किया। तूफान के प्रभाव से हुई भीषण बारिश में कई मकान बह गए, कई सड़कें नष्ट हो गईं तथा बिजली एवं मोबाइल फोन सेवाएं ठप हो गईं।

# इमरान की पार्टी के 30 समर्थक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

- 200 से अधिक के खिलाफ आतंकवाद के तहत मामला दर्ज

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 30 से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनमें वकील भी शामिल हैं। वे लोग शनिवार देर रात अपने नेता की रिहाई की मांग को लेकर ऐतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान परिसर में घुस गये थे।

लाहौर पुलिस ने बताया कि उसने खान सहित पीटीआई के 200 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ आतंकवाद के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। पीटीआई के विरोध प्रदर्शन को विफल करने के लिए शनिवार को लाहौर के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों कंटेनर रखे गए, जिनमें सभी प्रवेश और निकास बिंदु शामिल थे। पुलिस ने सत्तारूढ़ शहबाज शरीफ के लाहौर स्थित निवास की ओर जाने वाली सभी सड़कों को भी बंद कर दिया था। सरकार ने लाहौर में रेंजर्स को भी तैनात किया है। आयोजन स्थल मीनार-ए-पाकिस्तान के आसपास कर्फ्यू जैसी स्थिति देखी गई।



सड़क पर पीटीआई के प्रदर्शनकारी।

### पाकिस्तान सरकार ने जातीय पश्तून राजनीतिक दल को किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने एक जातीय पश्तून राजनीतिक दल को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बताते हुए रविवार को उसपर पाबंदी लगा दी। पश्तून तहफुज मूवमेंट (पीटीएम) अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबायली क्षेत्र में सक्रिय है और अक्सर पाकिस्तानी सेना की आलोचना किया करता है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर आतंकवाद-रोधी अधिनियम, 1997 की धारा 11बी के तहत इस पार्टी को गैर-कानूनी घोषित कर दिया।

**बस मार्शल मुद्दे पर हंगामे पर लिया संज्ञान**

# सौरभ भारद्वाज व आप के तीन विधायकों पर प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने बस मार्शल की बहाली के मुद्दे पर सचिवालय और उपराज्यपाल आवास पर हुए हंगामे के लिए दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) के तीन विधायकों के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज किया।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, आप विधायकों पर सिविल लाइंस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(2) (आपराधिक धमकी), 126(2) (गलत तरीके से रोकना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने इस मामले पर अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। शनिवार को भारद्वाज और आप के अन्य नेताओं ने गुप्ता का पैर पकड़कर अनुरोध किया कि वे बस मार्शल पर कैबिनेट नोट को लेकर उनकी मंजूरी लेने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के घर उनके साथ चलें। गुप्ता ने आरोप लगाया है कि आप विधायक सौरभ भारद्वाज, कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह और रोहित महरोलिया ने अभद्र व्यवहार किया, जिसके कारण धक्का-मुक्की हुई। उन्होंने कहा कि यह तब हुआ, जब भाजपा विधायकों ने मार्शल के मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को ज्ञापन सौंपा। गुप्ता ने बताया कि बैठक से बाहर निकलते समय सचिवालय परिसर में मौजूद आप विधायकों ने दुर्व्यवहार किया और धक्का मुक्की की।

## आतंकवादियों ने 8 सुरक्षाकर्मियों की हत्या की, दो अन्य घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें कम से कम आठ पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए और दो घायल हो गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे कबिलाई जिले कुर्रम में वाहन पर घात लगाकर हमला किया। सूत्रों के अनुसार, हमले में आठ कानून प्रवर्तन अधिकारी मारे गए तथा दो घायल हो गए। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से अलग हुए आतंकवादी समूह जमात-उल अहरार ने हमले की जिम्मेदारी ली है। सेना के मीडिया प्रकोष्ठ ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, यह आमतौर पर ऐसे हमलों पर बयान जारी करता है।

**तैयारी** | रेलवे बोर्ड ने सभी 17 जोन को अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का दिया निर्देश

# सूचना प्रणाली में गलत जानकारी पर होगी कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

रेलवे बोर्ड ने सभी 17 जोन को उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो रेलगाड़ियों के परिचालन के संबंध में यात्री सूचना प्रणाली में डेटा नहीं डालते या गलत जानकारी देते हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है।

बोर्ड ने रेलवे के सभी जोन को स्टेशन पर लगाए गए यात्री सूचना डिस्प्ले बोर्ड को राष्ट्रीय रेलगाड़ी पूछताछ प्रणाली (एनटीईएस) के साथ एकीकृत करने का भी निर्देश दिया है, ताकि रेलगाड़ियों के परिचालन की सटीक और विश्वसनीय जानकारी सुनिश्चित हो सके। एनटीईएस वेबसाइट अन्य जानकारी के अलावा ट्रेन की वास्तविक स्थिति की जानकारी देती है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म पर लगे 'ट्रेन संकेतक बोर्ड' पर ट्रेन नंबर, उनके नाम और डिब्बों के सटीक स्थान की जानकारी दी जाती है। रेलवे बोर्ड ने 27 सितंबर को सभी 17 जोन को लिखे पत्र में कहा है कि ये यात्री सूचना प्रणालियां यात्रियों और रेलवे के बीच एक महत्वपूर्ण संवाद मंच के रूप में काम करती हैं। इसमें कहा गया है, ऐसी प्रणालियों द्वारा यात्रियों को दी जाने वाली ट्रेन संबंधी जानकारी की विश्वसनीयता बहुत महत्वपूर्ण है और प्रदर्शित की जाने वाली जानकारी में कोई भी कमी/त्रुटि यात्रियों के लिए असुविधा पैदा करती है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि ऐसी प्रणालियों पर प्रदर्शित प्रत्येक ट्रेन की जानकारी सही और विश्वसनीय हो।



### सही व विश्वसनीयता सुनिश्चित हो

पत्र में कहा गया है, उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सीआरबी (अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड) और सीईओ रेलवे बोर्ड ने इच्छा व्यक्त की है कि रेलवे द्वारा ऐसी प्रणालियों पर ट्रेन की जानकारी का सही और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए उचित महत्व दिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी यात्री सूचना प्रणालियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ राष्ट्रीय ट्रेन पूछताछ प्रणाली के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए ताकि ट्रेनों के बारे में जानकारी स्टेशन पर बिल्कुल सही मिले।